नई दिल्ली
शनिवार 2 मई 2026
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा वर्ष : 30, अंक : 13
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 37
न्यून. 26

# हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## पेपरलेस-कोर्ट बना सिक्किम, देश का पहला राज्य जहां न्यायायिक व्यवस्था हुई आधुनिक

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली




सिक्किम ने न्यायिक व्यवस्था के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए देश का पहला 'पेपरलेस ज्यूडिशियरी स्टेट' बनने का गौरव प्राप्त किया है। भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने आज गंगटोक में आयोजित एक विशेष सम्मेलन (कॉनक्लेव) में इसकी औपचारिक घोषणा की। इस अवसर पर सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे राज्य और देश दोनों के लिए ऐतिहासिक कदम बताया। मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग, जिन्हें प्रेम सिंह गोले के नाम से भी जाना जाता है, ने कहा कि यह उपलब्धि एक तेज, पारदर्शी और तकनीक-संचालित न्याय प्रणाली के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में जब तकनीक तेजी से पूरी दुनिया को बदल रही है, तब न्याय व्यवस्था में इसका समावेश बेहद आवश्यक हो गया है। उन्होंने कहा कि ई-फाइलिंग, डिजिटल केस मैनेजमेंट और ऑनलाइन न्यायिक प्रक्रियाओं जैसी पहलें न्याय वितरण प्रणाली को अधिक प्रभावी, सुलभ और समावेशी बनाएंगी। इससे आम नागरिकों को समय पर न्याय मिलने में सुविधा होगी और न्यायिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता भी बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पेपरलेस न्यायपालिका केवल प्रशासनिक सुधार नहीं है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक सकारात्मक पहल है। कागज के उपयोग में कमी आने से संसाधनों की बचत होगी और न्यायालयों की कार्यप्रणाली अधिक आधुनिक और व्यवस्थित बनेगी। उन्होंने आगे कहा कि भारत जब 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है, तब एक मजबूत, तकनीक-आधारित न्यायपालिका निष्पक्षता सुनिश्चित करने, जनता का विश्वास मजबूत करने और सतत विकास को समर्थन देने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। मुख्यमंत्री ने न्यायपालिका, प्रशासनिक अधिकारियों और तकनीकी ⏩ शेष पेज 5 पर

## बरगी डैम हादसाः पूरे मप्र में क्रूज संचालन बैन, जान बचाने वालों को 15 अगस्त को सीएम करेंगे सम्मानित

# 14 जिंदगियों में 'तूफान'


परिजनों को ढाढस बंधाते सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र की संस्कारधानी जबलपुर में हुए क्रूज हादसे को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जांच के आदेश दिए हैं। मुख्यमंत्री शुक्रवार को बरगी पहुंचे। उन्होंने क्रूज हादसे के पीड़ितों से ⏩ शेष पेज 5 पर

⏩ **सीएम ने कहा**
संकट की इस घड़ी में सरकार परिवारों के साथ
किसी कीमत पर बख्शे नहीं जाएंगे घटना के दोषी

⏩ **एडवेंचर स्पोर्ट्स** के लिए बनेगी स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रॉसिजर (एसओपी)

### 9 शव निकाले गए, 5 अभी भी लापता


किनारे लाया गया 'किलर क्रूज'


जान छोड़ दी...बेटा नहीं छोड़ा

**परिजनों से मिलकर भावुक हुए मुख्यमंत्री**


जानकारी लेते सीएम

घटना में मृतक लोगों के परिजनों का रो राकर बुरा हाल था। उनके बेटे-बेटियों के आंसू नहीं रूक रहे थे। उन सभी से मिलने मुख्यमंत्री डॉ. यादव जब वहां पहुंचे तो वे भी भावुक हो गए। माहौल काफी गमगीन हो गया था। मुख्यमंत्री ने बच्चों को गले लगाया, बेटी के सिर पर हाथ रखकर सांत्वना दी। उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर कहा कि ⏩ शेष पेज 5 पर

### जिंदगी की जंग हारी मां लेकिन ममता जीत गई

*बरगी डैम हादसे के बाद मां और बेटे का दिल दहला देने वाला दृश्य सामने आया, जहां मौत के बाद भी मां अपने मासूम बेटे को सीने से लगाए रही। बेटा भी मां के सीने पर सिर रखकर हमेशा के लिए सो गया। इस तस्वीर को देखने वाली हर आंख नम हो गई। सेना की तरफ से आए बचावकर्मी ने कहा कि क्रूज पलटकर डूब चुका था। अंदर जाने के बाद जहां से थोड़ी बहुत जगह मिली, वहां से अंदर जाकर शव ढूंढने की कोशिश की। दृश्यता भी काफी कम थी। आधे फीट की दूरी तक भी कुछ नहीं दिख रहा था। अंदर हमने जो मंजर देखा, उसे देखकर हैरान हो गए। महिला को बाहर निकालने की कोशिश की, तो बॉडी बाहर नहीं आ पा रही थी। हमने देखा तो पाया कि उसे सिमटकर एक बच्चा भी था। हम खींचने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन उस मां की पकड़ अपने बच्चे से छूट ही नहीं रही थी।*
***क्रूज डूबने से पहले दी गई थी लाइफ जैकेट :*** *जूलियस नामक यात्री ने बताया कि हम छह लोग सवार थे। वह अपनी पत्नी,* ⏩ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
सीएसके एमआई
शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### रैंकिंग में भारतीय टीम ने लगाई छलांग



**नई दिल्ली।** खेल की वैश्विक संस्था अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को वार्षिक टेस्ट टीम की रैंकिंग जारी की, जिसमें बड़ा फेरबदल देखने को मिला। भारतीय टेस्ट टीम एक स्थान की छलांग लगाकर तीसरे स्थान पर पहुंच गई। शुभमन गिल की अगुवाई वाली टीम ने इंग्लैंड को पीछे छोड़ दिया। वहीं, शीर्ष पर ऑस्ट्रेलिया का दबदबा है। रैंकिंग अपडेट में मई 2025 के बाद खेले गए मैचों को महत्व दिया। गया है, जबकि उससे पहले के मुकाबलों का प्रभाव 50 प्रतिशत कर दिया गया है।

### कमर्शियल और 5 किलो वाला सिलेंडर महंगा



**नई दिल्ली।** मई महीने के पहले दिन दिल्ली में कमर्शियल सिलेंडर के दाम में 993 रुपये की भारी बढ़ोतरी की गई है। इस बदलाव के बाद अब दिल्ली में सिलेंडर 2078.50 रु. के बजाय 3071.50 रु. का मिलेगा। 5 किलो वाले सिलेंडर की कीमत 261 रुपये बढ़ाई गई है। अब ये सिलेंडर 549 रुपये से बढ़कर 810 रुपये हो चुका है। 5 किलो वाला छोटा सिलेंडर अपना शहर-राज्य छोड़कर दूसरे शहरों में काम करने वाले लोग, छात्र, डेली वेज वर्कर्स, छोटे दुकानदार ज्यादा इस्तेमाल करते हैं। दोनों सिलेंडर की कीमत बढ़ने से खानपान की चीजों की कीमतें बढ़ने की संभावना है।

## शाह ने कारगिल में 10,000 लीटर दूध वाली डेयरी प्लांट की रखी आधारशिला

# दुग्ध लैब, शीतलन प्रणाली, डेयरी अवसंरचना होगी मजबूत, इस क्षेत्र में 70% की वृद्धि दिखी

एजेंसी ⏭ लेह/जम्मू

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कारगिल में 10,000 लीटर प्रतिदिन क्षमता वाले डेयरी संयंत्र की आधारशिला रखी। शाह ने लद्दाख और कारगिल में डेयरी अवसंरचना को मजबूत करने के लिए कई परियोजनाओं की शुरुआत और नई योजनाओं की घोषणा की। मंत्री ने साथ ही लद्दाख के लिए डेयरी विकास से जुड़ी कई ऑनलाइन माध्यम से पहल पेश कीं। इनमें मोबाइल दूध परीक्षण प्रयोगशालाएं, आधुनिक दूध शीतलन प्रणाली और डेयरी अवसंरचना को मजबूत करना शामिल है, ताकि केंद्र शासित प्रदेश में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिल सके। शाह ने कहा कि वर्ष 2014 में नरेंद्र मोदी के पीएम बनने के बाद देश के पशुपालन और डेयरी क्षेत्र में काफी बदलाव आया है। एक दशक में दूध उत्पादन में लगभग 70 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। यह 'आत्मनिर्भर लद्दाख' और 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में एक अहम कदम है।

**25** करोड़ रुपए के खर्च से इस शहर में काम
**2024-25** में 24.8 करोड़ टन हो गया दूध उत्पादन
**485** ग्राम तक पहुंच गई प्रति व्यक्ति दूध उपलब्धता
**350** किलोवाट सौर ऊर्जा आधारित प्रणाली पर चलेगा

### 'आत्मनिर्भर लद्दाख' और 'आत्मनिर्भर भारत' की पहल



#### डेयरी क्षेत्र में एक बड़ी वृद्धि देखी गई

शाह ने कहा कि देश का दूध उत्पादन 2014-15 के 14.3 करोड़ टन से बढ़कर 2024-25 में करीब 24.8 करोड़ टन हो गया है। उन्होंने बताया कि इस वृद्धि का लगभग आधा हिस्सा पिछले पांच वर्षों में हासिल हुआ है। प्रति व्यक्ति दूध उपलब्धता भी 307 ग्राम प्रतिदिन से बढ़कर लगभग 485 ग्राम तक पहुंच गई है, जो पोषण सुरक्षा के लिहाज से महत्वपूर्ण है। इन पहलों का असर अब दिखने लगा है। एक गांव के 74 किसानों से शुरू होकर अब यह नेटवर्क करीब 1,700 किसानों तक पहुंच गया है। दैनिक दूध संग्रह लगभग 7,000 लीटर तक पहुंच गया है और किसानों को कुल भुगतान 15 करोड़ रुपए से अधिक हो चुका है।

#### लेह में बुद्ध पूर्णिमा समारोह का किया उद्घाटन

सदियों से धर्म की जीवंत भूमि रहा लद्दाख



शाह ने भगवान गौतम बुद्ध के अवशेषों की 75 वर्ष बाद लद्दाख वापसी को ऐतिहासिक पुनर्मिलन बताया। यह क्षेत्र सदियों से 'धर्म की जीवंत भूमि' रहा है, जिसने बौद्ध ज्ञान और करुणा की परंपरा को सहेजा है। लेह ⏩ शेष पेज 5 पर

#### राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड

अधिकारियों ने बताया कि 10,000 लीटर प्रतिदिन क्षमता वाला आधुनिक डेयरी प्रसंस्करण संयंत्र लगभग 25 करोड़ की लागत से राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी इंडियन डेयरी मशीनरी कंपनी द्वारा स्थापित किया जा रहा है। यह परियोजना मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय के राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम के तहत ⏩ शेष पेज 5 पर

#### आधुनिक मोबाइल 'मिल्क कलेक्शन' एवं 'कूलिंग सिस्टम'

दूध संग्रह के लिए आधुनिक मोबाइल 'मिल्क कलेक्शन' एवं 'कूलिंग सिस्टम' स्थापित किया जाएगा जिससे किसानों से सीधे दूध संग्रह, गुणवत्ता संरक्षण और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। किसानों की आय बढ़ाने और खरीद प्रणाली में पारदर्शिता आएगी। सुनिश्चित करने प्रयास का हिस्सा हैं। बिजली से जुड़ी चुनौतियों को दूर करने, दूध संग्रह को सुव्यवस्थित करने और किसानों को समय पर डिजिटल भुगतान सुनिश्चित करने के उपाय भी किए गए हैं। भारतीय सेना के साथ नियमित दूध आपूर्ति व्यवस्था से इस क्षेत्र में डेयरी गतिविधियों को स्थिर बाजार मिला है जिससे संचालन की विश्वसनीयता बढ़ी है।

## मुंबई में 'ड्रग सिंडिकेट' पर बड़ी कार्रवाई

# 1745 करोड़ की कोकीन जब्त, गृह मंत्री अमित शाह ने थपथपाई एनसीबी की पीठ


ड्रग फैक्ट्री पर छापा

एजेंसी ⏭ मुंबई

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) को बधाई देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि हम नशीले पदार्थों के कार्टेल को पूरी तरह से कुचलने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। गृह मंत्री ने लिखा कि एनसीबी ने नशीले पदार्थों के एक बड़े अंतरराष्ट्रीय गिरोह पर शिकंजा कसते हुए मुंबई में 1745 करोड़ रुपए मूल्य की 349 किलोग्राम उच्च-गुणवत्ता वाली कोकीन जब्त की है। यह बॉटम-टू-टॉप (नीचे से ऊपर) दृष्टिकोण का एक बेहतरीन उदाहरण है, जिसमें एजेंसी ने एक छोटी खेप का पता लगाते हुए एक विशाल नेटवर्क को बेनकाब किया।



- 349 किलोग्राम उच्च गुणवत्ता वाली कोकीन जब्त की

इस शानदार सफलता के लिए टीम एनसीबी को बधाई। गौर हो कि नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने मुंबई में एक बड़ी अंतरराष्ट्रीय नशीली दवाओं की तस्करी के रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए 1745 करोड़ रुपये मूल्य की 349 किलोग्राम उच्च गुणवत्ता वाली कोकीन जब्त की है। यह जब्ती एक छोटे कंसाइनमेंट को ट्रैक करते हुए, बड़े नेटवर्क तक पहुंचने वाली नीचे से ऊपर रणनीति का हिस्सा है। यह मामला एक बड़े अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स सिंडिकेट से जुड़ा है।

#### शाह के विजन पर अमल

*एनसीबी की ओर से सोशल मीडिया पर लिखा गया था कि एनसीबी के डीजी ने सभी अधिकारियों से आग्रह किया कि वे गृह मंत्री शाह के विजन के अनुरूप, नेटवर्क-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाकर रोडमैप के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए मासिक लक्ष्य हासिल करें।*

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 की उलटी गिनती शुरू, तेलंगाना में आज होगा 'योग महोत्सव 2026'

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 के लिए 50 दिन की उलटी गिनती के उपलक्ष्य में 2 मई को तेलंगाना में 'योग महोत्सव 2026' का आयोजन करेगा। आयुष मंत्रालय ने बताया कि इस विशेष आयोजन का उद्देश्य योग के प्रति जन जागरूकता बढ़ाना, व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करना और देशभर में योग को जन-जन तक पहुंचाना है। मंत्रालय के अनुसार, 50 दिवसीय काउंटडाउन अवधि के दौरान देशभर में विभिन्न कार्यक्रम, सामूहिक योग प्रदर्शन, जागरूकता अभियान और विशेष पहलें आयोजित की जाएंगी, ताकि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को और अधिक प्रभावशाली बनाया जा सके। यह कार्यक्रम 'कॉमन योग प्रोटोकॉल' के अभ्यास के माध्यम से लोगों को योग के नियमित अभ्यास के लिए प्रेरित करेगा। आयुष मंत्रालय ने कहा कि इस आयोजन में देशभर से बड़ी संख्या में योग प्रेमियों ⏩ शेष पेज 5 पर

## सीएम मान ने विधानसभा में पेश किया था विश्वास मत प्रस्ताव

# पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार ने विधानसभा में विश्वास मत प्राप्त किया

- सात राज्यसभा सदस्यों के भाजपा में जाने के बाद पंजाब सरकार ने विधायकों का भरोसा साबित किया

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



पंजाब की भगवंत मान सरकार ने शुक्रवार को विधानसभा में विश्वास मत प्रस्ताव पेश किया, जो सर्वसम्मति से पारित हो गया। विशेष सत्र के दौरान मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि आम आदमी पार्टी एक मजबूत शक्ति के रूप में उभर रही है। उन्होंने उन अफवाहों को खारिज कर दिया जिनमें कहा जा रहा था कि पार्टी खत्म हो जाएगी या विधायक दूसरी पार्टियों में चले जाएंगे। विश्वास मत प्रस्ताव का कदम तब उठाया गया जब कुछ दिन पहले ही आम आदमी पार्टी के सात राज्यसभा सांसद पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। सरकार ने इस प्रस्ताव के जरिए यह साबित किया कि पंजाब के ⏩ शेष पेज 5 पर

## सिंघवी बोले- मामले में लगाई गईं ज्यादातर धाराएं जमानती थीं, फिर भी गिरफ्तारी पर जोर दिया गया, यह अपमानित और परेशान करने का प्रयास था

# पवन खेड़ा को जमानत, सुप्रीम कोर्ट ने कहा, असम के सीएम की टिप्पणी असंसदीय

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



कांग्रेस ने असम पुलिस द्वारा मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी की शिकायत पर दर्ज एफआईआर के मामले में पार्टी के मीडिया और पब्लिसिटी के चेयरमैन पवन खेड़ा को सुप्रीम कोर्ट से अग्रिम जमानत मिलने का स्वागत करते हुए इसे संवैधानिक मूल्यों की जीत करार दिया है। कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए पार्टी के कानून, मानवाधिकार एवं आरटीआई विभाग के चेयरमैन डॉ. अभिषेक मनु सिंघवी और संचार विभाग के प्रभारी महासचिव जयराम रमेश ने सुप्रीम ⏩ शेष पेज 5 पर

मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा बोलेः यह तो बस शुरूआत है, अंत नहीं

### पवन खेड़ा मामले में सरमा ने अभिषेक मनु सिंघवी पर साधा निशाना

- कहा, फर्जी दस्तावेजों से महिला का चरित्र हनन बर्दाश्त नहीं

*हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा शुक्रवार को वरिष्ठ अधिवक्ता एवं कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी पर जमकर बरसे। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद सिंघवी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में हिमंत बिस्वा सरमा पर जमकर निशाना साधा था। मुख्यमंत्री सरमा ने कहा कि फर्जी दस्तावेजों से उनकी पत्नी का चरित्र हनन किया गया। मुख्यमंत्री ने इसे कानूनी लड़ाई की महज एक शुरुआत बताया है। असम के* ⏩ शेष पेज 5 पर

## लेबर-कोड को दुरुस्त करने की मांग और बढ़ती बेरोजगारी पर कांग्रेस अध्यक्ष ने साधा केंद्र पर निशाना

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि देश में बढ़ती बेरोजगारी और कामगारों की बदहाल स्थिति केंद्र सरकार की मजदूर नीतियों का सीधा कुपरिणाम है। इन नीतियों की वजह से श्रमिकों की नौकरी की सुरक्षा खत्म कर दी है और उन्हें अस्थायी रोजगार, ठेका प्रथा तथा गिग वर्क की ओर धकेल दिया है। खरगे ने अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी बयान में कहा कि मोदी सरकार ने कामगार-विरोधी लेबर कोड लागू कर श्रमिकों के हितों को नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि नोएडा, पानीपत के आईओसीएल, रायखेड़ा में अदाणी की फैक्ट्री, एनटीपीसी पतरातू और श्रीपेरंबदूर स्थित सैमसंग फैक्ट्री जैसे कई औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिक असंतोष इसका प्रमाण है। उनके अनुसार, नया लेबर-कोड नौकरी की स्थिरता देने के बजाय कॉन्ट्रैक्ट लेबर और हायर एंड फायर जैसी नीतियों को बढ़ावा देता है, जिससे श्रमिकों में असुरक्षा बढ़ी है। उन्होंने मांग की कि नए लेबर कोड की तत्काल समीक्षा की जाए। कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने मनरेगा को कमजोर करने के लिए संसद में कानून पारित कर दिया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने मजदूरी के खर्च का 40 प्रतिशत बोझ राज्य सरकारों पर डाल दिया है, जिसे कई राज्य वहन नहीं कर सकते। इससे अंततः मनरेगा के तहत काम उपलब्ध कराना बंद हो ⏩ शेष पेज 5 पर

## 75% स्वदेशी सामग्री- 8 ब्रह्मोस, 32 बराक मिसाइलों से लैस है ये स्टील्थ युद्धपोत

# समुद्र में दुश्मन के जहाजों की खैर नहीं, एमडीएल ने नौसेना को सौंपा 'महेंद्रगिरी' युद्धपोत

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



घरेलू मोर्चे पर चीन-पाकिस्तान की सीमाओं से बढ़ते सुरक्षा खतरे के बीच शुक्रवार का दिन भारतीय नौसेना के जंगी इतिहास का एक यादगार दिन कहलाएगा। क्योंकि मुंबई स्थित मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) ने उसे नीलगिरी श्रेणी (प्रोजेक्ट-17ए) का चौथा अत्याधुनिक स्वदेशी गाइडेड मिसाइल स्टील्थ फ्रिगेट 'महेंद्रगिरी' (यार्ड 12654) सौंप दिया है। जिसकी सबसे खास बात यह है कि इसके समुद्र में तैनात होने के बाद दुश्मन के युद्धपोत, एयरक्राफ्ट कैरियर और पानी के अंदर गहराई में छिपी बैठी पनडुब्बियां थरथर कांपेंगी। कारण, महेंद्रगिरी में लगी हुई 450 किलोमीटर की रेंज के साथ मार करने में सक्षम 8 ब्रह्मोस सुपरसोनिक एंटी शिप मिसाइलें और सतह से हवा में अपने अचूक वार (एमआर-एसएएम) के लिए जानी जाने वाली 32 बराक-8 मिसाइलें हैं। युद्धपोत को 1 सितंबर 2023 को लांच किया गया था। यह जानकारी रक्षा मंत्रालय ने दी है।

**नौसेना करेगी परीक्षण, फिर होगा कमीशन :** नौसेना अब महेंद्रगिरी युद्धपोत के बड़े पैमाने पर समुद्री परीक्षण करेगी। जिसमें इसमें लगी हुई हर छोटी-बड़ी युद्धक सामग्री, सॉफ्टवेयर व अन्य प्रणालियों को ⏩ शेष पेज 5 पर

#### 14 हजार लोगों को दिया रोजगार

*महेंद्रगिरी में कुल 75% स्वदेशी सामग्री लगाई गई है। इसके निर्माण कार्य में 200 से ज्यादा लघु और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) की भागीदारी रही है। साथ ही इसने प्रत्यक्ष रूप से 4 हजार और अप्रत्यक्ष रूप से 10 हजार से अधिक कर्मियों के लिए रोजगार सृजन किया है।*

#### ओडिशा की पर्वत-श्रृंखला से मिला नाम

*युद्धपोत का नामकरण ओडिशा के पूर्वी घाट स्थित महेंद्रगिरी पर्वत के नाम पर किया गया है। जो राज्य की दूसरी सबसे ऊंची चोटी के रूप में भी जानी जाती है। समुद्रतल से यह 1 हजार 501 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। पौराणिक कथाओं के मुताबिक, यह पर्वत भगवान परशुराम की तपस्थली होने के साथ ही पांडवों द्वारा बनाए गए मंदिरों के लिए भी प्रसिद्ध है। यहां बता दें कि महेंद्रगिरी से पहले तारागिरी, हिमगिरी और उदयगिरी जैसे इसी श्रेणी के तीन युद्धपोत नौसेना को मिल चुके हैं। जिसमें हिमगिरी और उदयगिरी बीते साल अगस्त महीने में एक साथ नौसेना में शामिल किए गए थे। अब नौसेना इस श्रेणी से आगे के युद्धपोतों, प्रोजेक्ट-17 बी के तहत बनाए जाने वाले युद्धपोतों के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रही है।*

# दामाद ने ससुर पर चाकू से ताबड़तोड़ किया हमला, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



शाहदरा जिले के सीमापुरी थाना इलाके में एक युवक ने अपने ससुर पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। आरोपी ने ससुर को घसीट घसीटकर चाकू मारे। अस्पताल पहुंचने पर राम जतन (50) को मृत घोषित कर दिया गया। जांच में पता चला कि दामाद संदीप उनकी बेटी नंदनी के साथ अक्सर मारपीट करता था। गुरुवार को बेटी अपने पति के साथ मायके आई थी। वहां भी झगड़ा शुरू हो गया जिसके बाद बचाव में आये ससुर की हत्या की गई।

पुलिस के अनुसार राम जतन परिवार के साथ सीमापुरी में रहते थे। परिवार में पत्नी व अन्य सदस्य हैं। गुरुवार को उनकी बेटी नंदनी अपने पति संदीप के साथ मायके आई हुई थी। रात को दंपति के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। इसी दौरान संदीप अपनी पत्नी के साथ मारपीट करने लगा। राम जतन ने अपनी बेटी को बचाने की कोशिश की। इस पर संदीप भड़क गया। आरोप है कि संदीप ने पहले राम जतन को थप्पड़ मारा और फिर उन्हें पहली मंजिल से घसीटते हुए नीचे गली में ले गया। इसके बाद संदीप ने राम जतन पर चाकू से कई वार किए। हमले में राम जतन गंभीर रूप से घायल हो गए। चीख-पुकार सुनकर मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। पकड़े जाने के डर से आरोपी मौके से फरार हो गया। खून से लथपथ हालत में राम जतन को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## त्रिलोकपुरी में किशोर की चाकू मारकर हत्या

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार थाना क्षेत्र स्थित त्रिलोकपुरी में एक 17 वर्षीय किशोर पर चाकू से हमला किया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान अयान (17) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार चाकूबाजी की इस घटना की सूचना मयूर विहार थाने को बृहस्पतिवार रात करीब 10 बजे दी गई। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर कुछ ही घंटे के बाद दोनों आरोपियों को पकड़ लिया है। पकड़े गए आरोपियों के नाम विशाल और तुषार बताये गये हैं। तुषार पर पहले भी केस दर्ज पाया गया है। पुलिस के अनुसार घायल व्यक्ति को पहले पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। लेकिन प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए एम्स ट्रॉमा सेंटर भेज दिया गया था जहां उसकी मौत हो गई। जांच के दौरान पता चला कि शिकायतकर्ता और पीड़ित त्रिलोकपुरी इलाके में अपने घरों के पास खड़े थे। तभी दो हमलावर वहां पहुंचे और चाकू से किशोर पर हमला कर दिया। आरोपी पीड़ित के जानकार बताये गये है। शिकायतकर्ता के बयान और चिकित्सा साक्ष्यों के आधार पर मयूर विहार थाने में केस दर्ज किया गया है।

### जनवरी में अयान ने चलाई थी गोली

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जनवरी में अयान ने आरोपियों पर गोली चलाई थी। आशंका है कि इसी रंजिश के बदला लेने के लिए वारदात को अंजाम दिया गया है। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि वारदात के वक्त अयान त्रिलोकपुरी इलाके में अपने घर के पास मौजूद था। इसी दौरान उसके परिचित हमलावर मौके पर पहुंचे और उन्होंने चाकू से उस पर हमला कर दिया। अयान मयूर विहार थाना क्षेत्र के 33 ब्लॉक में परिवार के साथ रहता था।

# केजरीवाल की जय भीम कोचिंग योजना में 38 करोड़ का घोटाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- कोचिंग संस्थानों के नौ निदेशक गिरफ्तार
- एंटी करप्शन ब्रांच की कार्रवाई

केजरीवाल सरकार में शुरू की गई जय भीम मुख्यमंत्री प्रतिभा विकास योजना में बड़ा घोटला हुआ। करीब 38 करोड़ के इस घोटाले में एंटी करप्शन ब्रांच ने कई कोचिंग संस्थानों के नौ निदेशकों को गिरफ्तार किया गया है। इनके नाम रविंद्र सिंह जादौन, संजीव, आजाद कालेत, हर्षित, नरेंद्र कुमार गुप्ता, शंभू शरण, संजय कुमार, जितेंद्र कुमार और कुंवर दिग्विजय सिंह बताये गये हैं। सभी को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

ज्वाइंट सीपी विक्रमजीत सिंह के अनुसार दिल्ली सरकार के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने गत वर्ष 7 अगस्त को एफआईआर दर्ज करवाई थी। आरोप लगाया गया था कि विभिन्न पैनलबद्ध कोचिंग संस्थानों ने वर्ष 2018-19 में 'जय भीम मुख्यमंत्री प्रतिभा विकास योजना' के तहत सरकारी खजाने से पैसे लेने के लिए कई अनियमितताएं (अवैध कार्य) किये। जांच में पता चला कि यह योजना वर्ष 2017 में कैबिनेट निर्णय संख्या 2526, दिनांक 12 दिसंबर 2017 के माध्यम से शुरू की गई थी। इसकी प्रारंभिक अधिसूचना दिनांक 9 जनवरी 2018 को जारी की गई थी। शुरुआत में अनुसूचित जाति श्रेणी के छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कोचिंग प्रदान करने हेतु आठ संस्थानों को पैनल में शामिल किया गया था। पहले चरण में लगभग 5000 छात्रों का नामांकन किया गया था। संस्थान की कोचिंग फीस और छात्रों का वजीफा (स्टाइपेंड), अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विभाग द्वारा सीधे संस्थान को ही भुगतान किया जाना था। वर्ष 2019-20 में इस योजना को कुछ संशोधनों के साथ पुनः शुरू किया गया, जिसके तहत अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) श्रेणियों को भी इसमें शामिल किया गया। इस बार 38 और संस्थानों को पैनल में जोड़ा गया। कुल मिलाकर दोनों चरणों में लगभग 22 हजार छात्रों का नामांकन हुआ। जांच में यह भी सामने आया कि इन संस्थानों ने इस योजना के तहत 37.20 करोड़ रुपये प्राप्त किए थे। सभी संस्थानों के लिए इस योजना हेतु एक अलग बैंक खाता रखना अनिवार्य था, लेकिन इस नियम का बिल्कुल भी पालन नहीं किया गया। जांच में यह भी पता चला कि संस्थानों द्वारा सरकारी खजाने से फंड लेने के लिए जो छात्रों की लिस्ट जमा की गई थी, उनमें कई छात्रों के नाम दो या उससे ज्यादा संस्थानों में शामिल थे। इसके बाद बड़ी संख्या में छात्रों को जांच में शामिल होने के लिए बुलाया गया। उन्होंने बताया कि उन्होंने किसी दूसरे संस्थान में एडमिशन नहीं लिया था। इसका मतलब यह हुआ कि इस योजना के तहत छात्रों के एडमिशन से जुड़े जाली दस्तावेज संस्थानों द्वारा बनाए गए थे और सरकारी फंड का दावा करने के लिए पेश किए गए थे। अधिकारियों ने भी गलत हाथों में जा रहे फंड के प्रवाह की जांच नहीं की। यह भी सामने आया कि कई मामलों में संस्थानों को मिली वजीफे की रकम छात्रों को बांटी ही नहीं गई थी। यह भी पता चला कि कुछ संस्थानों ने अपने छात्रों को कोचिंग के लिए स्थानीय ट्यूशन सेंटरों में भेजा था, जो कि एक बड़ा उल्लंघन था। स्थानीय ट्यूशन सेंटरों के मालिकों/निदेशकों/संचालकों को अपनी बात तथ्यों के साथ रखने के कई मौके दिए गए, लेकिन वे कोई ठोस बात पेश नहीं कर पाए। यहां तक कि कुछ संस्थानों ने केस दर्ज होने के बाद छात्रों के खातों में वजीफे की रकम ट्रांसफर की। इस मामले में 29 अप्रैल 2026 को नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। 30 अप्रैल को सभी लोगों को विशेष अदालत में पेश किया गया और 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। संस्थानों द्वारा डीएससीएसटी को पेश किए गए आय प्रमाण पत्रों और जाति प्रमाण पत्रों का भी राजस्व अधिकारियों से सत्यापन किया जा रहा है। अन्य संस्थानों और एससी/एसटी विभाग के संबंधित अधिकारियों की भूमिका की जांच भी अभी जारी है।

## फार्मेसी की आड़ में चल रहा था नशीली दवाओं का रैकेट, केमिस्ट गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** बाहरी जिले की एएटीएस ने फार्मेसी की आड़ में चल रहे अवैध नशीली दवाओं के रैकेट का पर्दाफाश किया है। मामले में एक केमिस्ट को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान मनोज कुमार उर्फ मनीष (31) के रूप में हुई। उसके पास से 50 कोडाइन सिरप, 499 कैप्सूल, 400 ट्रामाडोल टैबलेट और 240 अल्प्राजोलम कैप्सूल जब्त हुये हैं। डीसीपी विक्रम सिंह के अनुसार एएटीएस को सूचना मिली थी कि मनोज उर्फ मनीष एक केमिस्ट की दुकान की आड़ में अवैध रूप से प्रतिबंधित नशीली दवाओं की बिक्री कर रहा है। निलोठी, चंदर विहार स्थित लक्ष्मी मेडिकोस से प्रतिबंधित दवाएं बेचे जाने की पुष्टि होने के बाद छापा मारा गया। आरोपी केमिस्ट को रंगे हाथ पकड़ा गया। आरोपी ने सभी दवाओं पर लिखे बैच नंबर और एक्सपायरी डेट को मिटाया हुआ था। पुलिस उससे पूछताछ कर यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि वह यह दवाइयां कहां से मंगवाता था।

## ब्लू लाइन पर मरम्मत कार्य, कल कई स्टेशनों पर समय बदला

- येलो लाइन पर सिग्नलिंग खराबी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने कहा है कि 2 मई 2026 रात से ब्लू मेट्रो लाइन पर पूर्व निर्धारित समय के तहत इंद्रप्रस्थ-सुप्रीम कोर्ट खंड पर मरम्मत कार्य किया जाएगा। जिसके चलते ब्लू लाइन पर 3 मई 2026 की सुबह के समय कई स्टेशनों पर मेट्रो परिचालन के समय में बदलाव किया गया है। वहीं दूसरी तरफ डीएमआरसी के अनुसार येलो मेट्रो लाइन पर सिग्नलिंग सिस्टम बिल्कूल सही व सूचारू रूप से कार्य कर रहा है। जानकारी अनुसार बुधवार को येलो लाइन पर सिग्नलिंग सिस्टम में कोई तकनीकी खराबी नहीं थी। बल्कि वास्तविकता में मजेंटा लाइन पर सिग्नलिंग सिस्टम खराब होने से यात्रियों को थोड़ी परेशानी हुई थी। लेकिन भ्रम की स्थिती के चलते येलो लाइन पर सिग्नलिंग सिस्टम खराब होने की बात कही गई जो सही नहीं है। डीएमआरसी ने बताया कि मेट्रो में समय समय पर तकनीकी मरम्मत कार्य किए जाते है वह एक रूटीन प्रक्रिया है। इसी के तहत ब्लू लाइन पर 2 मई 2026 रात से रविवार सुबह के बीच मरम्मत कार्य किया जाएगा। डीएमआरसी के अनुसार रविवार सुबह नोएडा - द्वारका सेक्टर 21 पर सुबह छह बजे के समय में काई बदलाव नहीं किया गया है। जबकि वैशाली - द्वारका सेक्टर 21 पर महज पांच मिनट के देरी से सुबह 6.5 बजे मेट्रो सेवाएं शुरू होगी। लक्ष्मी नगर – द्वारका सेक्टर 21 के बीच 21 मिनट की देरी क साथ सुबह 6.21 बजे सेवा शुरू होगी व यमुना बैंक- द्वारका सेक्टर 21 के बीच सेवाएं मात्र दो मिनट पहले 5.50 पर सेवाएं चालु हो जाएगी। जबकि इस लाइन के अन्य स्टेशनों पर पूर्व की भांति ही अपने तय समय पर मेट्रो सेवाएं शुरू होगी।

## दिल्ली सरकार कुष्ठ रोग को दिल्ली महामारी अधिनियम के तहत करेगी अधिसूचित : डॉ. पंकज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- अनिवार्य रिपोर्टिंग से निगरानी, जल्द पहचान और उपचार अनुपालन को और अधिक मजबूती मिलेगी

दिल्ली सरकार ने जन स्वास्थ्य से जुड़े एक अहम फैसले के तहत कुष्ठ रोग को 'दिल्ली महामारी रोग अधिनियम' के तहत एक अधिसूचित बीमारी घोषित किए जाने का निर्णय लिया है। इस बात की जानकारी शुक्रवार को स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने दी है। उन्होंने बताया कि दिल्ली स्वास्थ्य विभाग का यह प्रस्ताव अब आवश्यक मंजूरी के लिए प्रस्तुत किया गया है। इस कदम के साथ ही राजधानी दिल्ली तमिलनाडु, महाराष्ट्र, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल जैसे उन राज्यों की श्रेणी में शामिल हो जाएगी, जो पहले ही कुष्ठ रोग को 'नोटिफाएबल डिजीज' घोषित कर चुके हैं। मंत्री डॉ. पंकज ने कहा कि इस नोटिफिकेशन के बाद सभी सरकारी और निजी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं, जिनमें क्लीनिक, अस्पताल और व्यक्तिगत चिकित्सक शामिल हैं के लिए यह अनिवार्य हो जाएगा कि वे कुष्ठ रोग के हर नए मामले की सूचना 'जिला कुष्ठ रोग अधिकारी ' को दें। इससे प्रभावी निगरानी, लक्षित हस्तक्षेप, रोग की शीघ्र पहचान और मानक 'मल्टी-ड्रग थेरेपी' (एमडीटी) के जरिए तत्काल उपचार सुनिश्चित हो सकेगा। एमडीटी थेरेपी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर निशुल्क रूप से उपलब्ध है। मंत्री डॉ. पंकज ने बताया कि भारत ने वर्ष 2005 में राष्ट्रीय स्तर पर कुष्ठ रोग को एक जन-स्वास्थ्य समस्या के रूप में खत्म करने का लक्ष्य हासिल कर लिया था (प्रचलन दर प्रति 10 हजार की आबादी पर एक से कम), फिर भी दुनिया भर में हर साल सामने आने वाले कुष्ठ रोग के नए मामलों में से लगभग 59 फीसदी मामले भारत से होते हैं। हाल ही में पूरे भारत में किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि कुष्ठ रोग के 44.1 प्रतिशत मरीजों का इलाज निजी स्वास्थ्य केंद्रों में होता है और उनकी जानकारी 'राष्ट्रीय कुष्ठ रोग उन्मूलन कार्यक्रम' (एनएलईपी) को नहीं दी जाती है। समुदाय में छिपे हुए मामलों के कारण यह बीमारी फैलती रहती है और इलाज के तरीकों में अंतर होने के चलते 'ड्रग रेजिस्टेंस' (दवाओं का असर खत्म होने) का खतरा बढ़ जाता है। भारत में एनएलईपी कार्यक्रम के डब्ल्यूएचओ द्वारा किए गए स्वतंत्र मूल्यांकन में यह सुझाव दिया गया है कि कुष्ठ रोग को उन बीमारियों की सूची में शामिल किया जाना चाहिए, जिनकी सूचना देना अनिवार्य हो।

## 'एमसीडी सिविल लाइन जोन में फर्जी नोटिस का खेल, की जांच की मांग'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- रिश्वतखोरी के आरोपों ने खोली निगम प्रशासन की कार्यशैली की पोल

दिल्ली नगर निगम के सिविल लाइन जोन में कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए भ्रष्टाचार के आरोप लग रहे हैं। फैक्ट्री और गोदाम मालिकों को कथित रूप से फर्जी नोटिस देकर डराने और मोटी रिश्वत वसूलने का मामला सामने आया है। आरोप है कि लाइसेंसिंग निरीक्षकों द्वारा 48 घंटे में परिसर खाली करने के नोटिस जारी किए जाते हैं और बाद में 5 से 10 लाख रुपये लेकर इन्हें रद्द कर दिया जाता है। मेरा अधिकार संस्था में पदाधिकारी अशवनी बागड़ी ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि पूरे मामले में जोन के कुछ अधिकारियों की मिलीभगत की बात सामने आ रही है। उन्होंने बताया कि फर्जी नोटिसों की शिकायतें मिलने के बाद फरवरी 2026 में संबंधित अधिनियम के तहत नोटिसों और संबंधित रिपोर्ट की सत्यापित प्रतियां मांगी थीं, लेकिन जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई। इसके बाद मुख्यमंत्री, दिल्ली नगर निगम आयुक्त, विजिलेंस विभाग और उपायुक्त को भी शिकायत भेजी गई।

मेरा अधिकार संस्था में पदाधिकारी अशवनी बागड़ी ने बताया कि शिकायत के बाद में नोटिसों पर उपायुक्त के हस्ताक्षर बंद हो गए और प्रशासनिक अधिकारी द्वारा बिना डायरी नंबर के नोटिस जारी किए जाने लगे। नियमों के अनुसार बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति ऐसे नोटिस जारी नहीं किए जा सकते, जिससे पूरे प्रकरण पर संदेह और गहरा हो गया है। मामले में एक और चैंकाने वाली बात यह सामने आई कि सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई जानकारी के जवाब में संबंधित विभाग ने नोटिसों का कोई रिकॉर्ड उपलब्ध न होने की बात कही। इससे यह आशंका और मजबूत होती है कि फर्जी नोटिसों के जरिए अवैध वसूली का खेल चल रहा था।

अशवनी बागड़ी ने दिल्ली नगर निगम के सिविल लाइन जोन के आलाधिकारियों पर आरोपों में यह भी कहा गया है कि पहले फर्जी नोटिस मामले में निलंबित हो चुके एक निरीक्षक को दोबारा उसी क्षेत्र में तैनात कर दिया गया, जो नियमों के विपरीत है।

## दिल्ली पुलिस ने अप्रैल में 194 लापता व्यक्तियों को उनके परिवारों से मिलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने 194 लापता लोगों को अप्रैल में ढूंढ़कर उन्हें उनके परिवारों से मिलाया। इसमें लापता या अपहरण किए गए 45 बच्चे और 149 वयस्क शामिल हैं। ऑपरेशन मिलाप के तहत जांचकर्ताओं ने स्थानीय खुफिया जानकारी और तकनीकी निगरानी का इस्तेमाल कर यह सफलता हासिल की है। पुलिस के अनुसार जांच के दौरान सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। इसके साथ ही बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, ऑटो और ई-रिक्शा स्टैंड जैसे सार्वजनिक स्थानों पर लापता व्यक्तियों की तस्वीरें प्रसारित की गई। पुलिस द्वारा चालकों, परिचालकों और अन्य स्थानीय सूत्रों से पूछताछ की गई। साथ ही आसपास के पुलिस थानों और अस्पतालों के रिकॉर्ड की भी जांच की गई। पुलिस ने बताया कि सुराग जुटाने के लिए मुखबिरों की भी मदद ली गई। कापसहेड़ा थाने की पुलिस ने आठ नाबालिगों और 21 वयस्कों का पता लगाया जबकि दिल्ली छावनी पुलिस ने एक नाबालिग सहित 30 लोगों का पता लगाया। पुलिस ने बताया कि साल की शुरुआत से लेकर 30 अप्रैल तक जिले में कुल 542 लापता व्यक्तियों का पता लगाकर उन्हें उनके परिवारों से मिलाया गया है। इनमें 143 बच्चे और 399 वयस्क शामिल हैं।

## सेना के जवान पर चाकू से हमला करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के पास एक बस स्टैंड पर सेना के जवान पर चाकू से हमला करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी शख्स का नाम गणेश बताया गया है। हमले में जवान के चेहरे पर गंभीर चोटें आई थी। मिली जानकारी के अनुसार गत दिनों शाम करीब सात बजे, रात्रि गश्त पर तैनात दो पुलिस कर्मियों ने चांदनी चौक इलाके में एक संदिग्ध व्यक्ति को देखा। पुलिस को देखते ही संदिग्ध ने भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिसकर्मियों ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से बटन वाला चाकू बरामद हुआ। इस संबंध में लाहौरी गेट थाने में केस दर्ज किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने कबूला कि कुछ दिन पहले इसी इलाके में एक शख्स पर हमला किया था। सत्यापन करने पर पता चला कि 25 अप्रैल को उस हमले का पीड़ित सेना का जवान है, जो राजस्थान जाने के लिए सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन जाने वाली बस में सवार हुआ था। पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के पास बस के अंदर आरोपी और जवान के बीच कहासुनी हुई। इस बीच आरोपी ने सेना के जवान पर चाकू से हमला किया, जिससे उसके चेहरे पर गंभीर चोटें आई थी। बाद में शिकायतकर्ता और प्रत्यक्षदर्शियों ने आरोपी की पहचान कर ली। पुलिस ने बताया कि आरोपी अशिक्षित है और नशे की लत पूरा करने के लिये अपराध करता है।

## डीटीसी कर्मचारियों ने किया शाह ऑडिटोरियम में शक्ति प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) में अस्थायी कर्मचारियों ने शुक्रवार को मुख्यालय की जगह शाह ऑडिटोरियम में अपनी मांगों के समर्थन में शक्ति प्रदर्शन किया। क्योंकि पुलिस ने सुरक्षा का हवाला देते हुए कर्मचारी संगठन डीटीसी एकता मंच को मुख्यालय इंद्रप्रस्थ डिपो पर सुरक्षा का हवाला देते हुए प्रदर्शन की इजाजत नहीं दी थी। इस बारे में यूनियन अध्यक्ष ललित चौधरी और महासचिव मनोज शर्मा ने बताया कि संगठन की तरफ से मुख्य मांगों में ठेका प्रथा को पूर्णत बंद किया जाना, समान काम के लिए समान वेतन का सिद्धांत लागू करना, कर्मचारियों को 747 रुपए प्रतिदिन वेतन को बढ़ाना व बेसिक डीए की फाइल को तुरंत प्रभाव से लागू किया जाए।

## दिल्ली पुलिस का कांस्टेबल 50 लाख की लूट में अरेस्ट

**नई दिल्ली।** आजाद मार्केट अंडरपास के पास पिछले महीने 50 लाख रुपये की लूट के सिलसिले में दिल्ली पुलिस के एक कांस्टेबल को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी कांस्टेबल का नाम समय सिंह बताया गया है। वह 5वीं बटालियन में तैनात था। वारदात 31 मार्च को सामने आई थी। पुलिस के अनुसार, यह घटना तब हुई जब चार लोगों ने आजाद मार्केट अंडरपास के पास एक चलते ऑटो-रिक्शा को रोका और करीब 50 लाख रुपये की नकदी लूट कर फरार हो गए। मामला दर्ज कर तुरंत जांच शुरू की गई। मामले में शामिल कई आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका था। जांच के दौरान कांस्टेबल की भूमिका भी सामने आई। वह घटना के बाद से ही फरार था और सीसीटीवी फुटेज व तकनीकी निगरानी के जरिए उसका पता लगाया गया। आखिर में उसे राजस्थान के दौसा से पकड़ लिया गया।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82(2) (ii) Cr.P.C. देखिए )**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **प्रदीप कुमार शर्मा पुत्र श्री सिया राम शर्मा, निवासी म. नं. एस–94, सुंदर ब्लॉक, शकरपुर पूर्व, दिल्ली** ने केस **एफआईआर नं. 22855/2021, थाना मंडावली, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रदीप कुमार शर्मा** मिल नही रहा है, और मुझे सामाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रदीप कुमार शर्मा** फरार हो गया हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा हैं) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस **एफआईआर नं. 22855/2021, थाना मंडावली, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **प्रदीप कुमार शर्मा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.06.2026** को या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
**सचिन कुमार**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03
कमरा नं. 16
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

**DP/5598/ED/2026**
**(Court Matter)**

# 'हर साल 35 हजार श्रमिकों को दिया जाएगा कौशल प्रशिक्षण'

### अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर मुख्यमंत्री ने श्रमिकों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में हर वर्ष 35 हजार श्रमिकों को कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस बात की घोषणा मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर धीरपुर स्थित संत निरंकारी मंडल में आयोजित श्रमिक सम्मान समारोह में की। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यह कार्यक्रम न केवल श्रमिकों के योगदान को सम्मानित करने का अवसर था, बल्कि उनके जीवन को सुरक्षित, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस कदमों की घोषणा का भी मंच बना। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने महिला श्रमिकों के साथ सीधा संवाद कर उनके जमीनी अनुभवों और चुनौतियों को जाना। कार्यक्रम में दिल्ली के श्रम मंत्री कपिल मिश्रा, वरिष्ठ अधिकारी, प्रशिक्षण एजेंसियों के प्रतिनिधि और हजारों की संख्या में निर्माण श्रमिक उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली का हर विकास कार्य श्रमिकों के अथक परिश्रम और समर्पण का परिणाम है। श्रमिक केवल श्रम नहीं करते, बल्कि देश और समाज की प्रगति की नींव रखते हैं। सरकार की जिम्मेदारी केवल श्रमिकों के काम का उपयोग करना नहीं, बल्कि उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाना, उन्हें सुरक्षा देना और उनके परिवारों को अवसर प्रदान करना भी है। रेखा गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में श्रमिक कल्याण के लिए शुरू की गई विभिन्न योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि ई-श्रम पोर्टल और अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं ने करोड़ों श्रमिकों को लाभ पहुंचाया है। दिल्ली सरकार भी इसी दिशा में कार्य करते हुए सिंगल विंडो पोर्टल, लेबर चौकों पर पंजीकरण, अधिक न्यूनतम वेतन, 5 रुपये में पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने वाली अटल कैंटीन, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों और मोबाइल स्वास्थ्य सेवाओं जैसी सुविधाएं प्रदान कर रही है। मुख्यमंत्री ने श्रमिकों के लिए कई अहम घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य श्रमिकों पर आर्थिक बोझ कम करना और उन्हें अधिक से अधिक सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ना है। इसी के तहत दिल्ली के पंजीकृत भवन एवं निर्माण श्रमिकों के लिए पंजीकरण शुल्क 20 रुपये और नवीनीकरण शुल्क 5 रुपये को पूरी तरह माफ कर दिया गया है। साथ ही, मुख्यमंत्री ने 'सामूहिक विवाह योजना' शुरू करने की घोषणा की। इस योजना के तहत प्रत्येक पात्र जोड़े को आर्थिक सहायता दी जाएगी। विवाह समारोह के लिए टेंट, भोजन और अन्य सभी जरूरी व्यवस्थाओं का खर्च सरकार उठाएगी।

### एक हजार श्रमिकों को सेफ्टी किट और 100 बच्चों में शिक्षा किट की वितरित

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 1000 निर्माण श्रमिकों को सेफ्टी किट वितरित कीं। इन किट्स में हेलमेट, सेफ्टी ग्लव्स, मास्क, रिफ्लेक्टिव जैकेट और अन्य जरूरी सुरक्षा उपकरण शामिल हैं। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में लगे श्रमिक जोखिम भरे माहौल में काम करते हैं इसलिए उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने निर्माण श्रमिकों के 100 बच्चों को शिक्षा किट भी दीं। इन किट्स में स्कूल बैग, किताबें, स्टेशनरी, शैक्षणिक सामग्री और जरूरी शिक्षण उपकरण शामिल हैं। ये सभी बच्चे पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के आश्रित हैं और विभिन्न सरकारी विद्यालयों में पढ़ाई कर रहे हैं।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82(2) (ii) Cr.P.C. देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **देवेन्द्र उर्फ हकला पुत्र विजय निवासी मकान नंबर 265, गली नं. 5, गुरदयाल विहार, चंचल पार्क, दिल्ली** ने केस **एफआईआर नं. 644/2017 अन्तर्गत धारा 394/201/34 आईपीसी अधिनियम, थाना रनहोला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **देवेन्द्र उर्फ हकला** मिल नहीं रहा है और मुझे सामाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **देवेन्द्र उर्फ हकला** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि केस **एफआईआर नं. 644/2017 अन्तर्गत धारा 394/201/34 आईपीसी अधिनियम, थाना रनहोला, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **देवेन्द्र उर्फ हकला** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.06.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**अंकित करण सिंह**
महानगर दण्डाधिकारी–08
(पश्चिम), कमरा नं. 30
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

**DP/4647/OD/2026**
**(Court Matter)**

मुख्यमंत्री ने 'कैच द रेन 2026' अभियान किया शुरू, जारी किया जल शुभंकर 'नीरा'

# वर्षा जल संचयन पर दिल्ली सरकार देगी 10 प्रतिशत की छूट : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

'कैच द रेन-जहां गिरे, जब गिरे, उसे वहीं सहेजें' केवल एक नारा नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिया गया पूरे राष्ट्र के लिए एक दिशा और संकल्प है। पानी केवल एक संसाधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार, अर्थव्यवस्था की रीढ़ और आने वाली पीढ़ियों के अस्तित्व की गारंटी है। यह बात शुक्रवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आर के पुरम के सेक्टर 13 स्थित गवर्नमेंट को-एड सर्वोदय विद्यालय सेक्टर 13 में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 'कैच द रेन 2026' अभियान का



औपचारिक शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने वर्षा जल संचयन और ग्राउंड वाटर रिचार्ज के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से अभियान के आधिकारिक जल शुभंकर 'नीरा' का भी अनावरण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल संकट अब केवल बातों का मुद्दा नहीं रहा, बल्कि इस पर ठोस और तुरंत कदम उठाने की जरूरत है। बढ़ती आबादी और विकास के कारण पानी की मांग बढ़ रही है, जबकि जल स्रोत सीमित हैं और भूजल लगातार घट रहा है। वर्षा जल संचयन कोई नई तकनीक नहीं है, बल्कि हमारी पारंपरिक समझ का हिस्सा है, जिसे अब प्राथमिकता देना जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली कई वर्षों से जल संकट, प्रदूषण, कचरा प्रबंधन और जलभराव जैसी चुनौतियों से जूझ रही है, लेकिन अब 'ट्रिपल इंजन सरकार' के सहयोग से इन समस्याओं के समाधान के लिए समन्वित प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए केंद्र सरकार से पूर्ण सहयोग प्राप्त हो रहा है और नगर निगम के साथ मिलकर योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है।

### 100 वर्ग मीटर या उससे बड़े भवनों में वर्षा जल संचयन प्रणाली लगाना होगा अनिवार्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि अभियान को प्रभावी बनाने के लिए 100 वर्ग मीटर या उससे बड़े सभी भवनों में वर्षा जल संचयन प्रणाली लगाना अनिवार्य किया जाएगा। साथ ही, जो नागरिक इस दिशा में पहल करेंगे, उन्हें पानी के बिल में 10 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी। दिल्ली जल बोर्ड द्वारा ऐसी प्रणाली लगाने के लिए 50 हजार रुपये तक की सब्सिडी और तकनीकी सहायता भी उपलब्ध कराई जा रही है। सरकार खुद भी इस दिशा में कदम बढ़ा रही है। इसके तहत सभी सरकारी कार्यालयों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य रूप से स्थापित किया जाएगा। पुराने सिस्टम को दुरुस्त कर उनकी डिजिटल निगरानी सुनिश्चित की जाएगी।

### पानी की कमी नहीं है, कमी है उसे संभालने की सोच की : प्रवेश

इस अवसर पर जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि यह अभियान एक अच्छी शुरुआत है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की मौजूदगी ने साफ संदेश दिया कि पानी बचाना हमारी प्राथमिकता है। 'नीरा-पानी की वाणी' जैसे प्रयास लोगों, खासकर बच्चों तक बात पहुंचाने में मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि दिल्ली में पानी की कमी नहीं है, कमी है उसे संभालने की सोच की। अब वक्त है कि हर घर, हर सोसायटी रेन वाटर हार्वेस्टिंग को अपनाए। यह सिर्फ सरकार का काम नहीं, हम सबकी जिम्मेदारी है।

मुख्यमंत्री ने स्व-गणना के माध्यम से भरा अपना फॉर्म

## 'डिजिटल जनगणना में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें दिल्लीवासी'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भारत की पहली डिजिटल जनगणना की शुरुआत हो चुकी है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को स्व-गणना के माध्यम से अपना फॉर्म भर दिया है। उन्होंने इस दौरान दिल्लीवासियों से एक संदेश के माध्यम से अपील की है कि इस राष्ट्रीय अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। मांगी गई सभी आवश्यक जानकारियां पूरी सच्चाई और ईमानदारी के साथ प्रदान करें। सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने फार्म भरने की तस्वीर को शेयर कर मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि मेरे प्रिय दिल्लीवासियों, आप सभी को नमस्कार। भारत की पहली डिजिटल जनगणना की शुरुआत हो चुकी है। यह हमारे देश की विकास यात्रा का बहुत ही महत्वपूर्ण पड़ाव है। मैंने भी स्व-गणना के माध्यम से अपना फॉर्म भरा है। यह प्रक्रिया बहुत ही सरल है और पूरी तरह सुरक्षित है। साथियों, सटीक आंकड़ों के आधार पर ही सही नीतियां बनाई जाती हैं। जब डाटा सही होता है, तभी सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच पाता है।

### एलजी ने लोगों से किया स्व-गणना, जनगणना अभियान में हिस्सा लेने का आग्रह

**नई दिल्ली।** भारत में जनगणना 2027 के पहले चरण (हाउस लिस्टिंग) के लिए 1 मई से 15 मई 2026 तक स्व-गणना, जनगणना अभियान के पहले दिन ही शुक्रवार को उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने स्वयं स्व गणना दर्ज की। एलजी ने स्व-गणना, जनगणना अभियान को सफल बनाने व लोगों को जागरूक करने के लिए बाकायदा अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर फोटो सहित पोस्ट की है। एलजी ने लिखा कि आज मैंने अपना स्व-गणना कार्य पूरा कर लिया है, क्योंकि दिल्ली के सभी वार्डों में जनगणना 2027 अभियान आधिकारिक रूप से शुरू हो गया है। एलजी ने लिखा कि यह डिजिटल पहल नागरिकों को अपने घर की जानकारी सीधे जमा करने की सुविधा देती है। जिससे यह सुनिश्चित करने में मदद मिलती है कि प्रत्येक निवासी की सही गणना हो। एलजी ने कहा कि विश्वसनीय डेटा समावेशी शासन और एक मजबूत, विकसित राष्ट्र के लिए यह महत्वपूर्ण है। एलजी संधू ने लोगों से कहा कि मैं दिल्लीवासियों से स्व-गणना प्रक्रिया में भाग लेने और जनगणना का समर्थन करने का आग्रह करता हूं।

### डीटीसी ने जलदूत पहल के तहत 23 बस टर्मिनलों पर पेयजल सेवा की शुरू : डॉ. पंकज

**नई दिल्ली।** भीषण गर्मी में यात्रियों को हीटवेव से बचाने के लिए दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) ने 'जलदूत' पहल के तहत दिल्ली के 23 प्रमुख बस टर्मिनलों पर मुफ्त पीने का शीतल पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। इस बात की जानकारी शुक्रवार को दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने दी है। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य आम नागरिकों विशेष रूप से रोजाना सफर करने वाले यात्रियों को तत्काल राहत पहुंचाना है, जो भीषण गर्मी की स्थितियों में सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। उल्लेखनीय है कि 'जलदूत' पहल को पिछले साल दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह के निर्देश पर पहली बार शुरू किया गया था, जिसे राजधानी की जनता से जबरदस्त सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली थी। इस पहल ने भीषण गर्मी और हीट वेव के दौरान नागरिकों को काफी राहत पहुंचाई थी, जिससे संवेदनशील और नागरिक-केंद्रित शासन के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता और ज्यादा मजबूत हुई। इसी सफलता को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी इस पहल को और अधिक मजबूत किया गया है, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक इसका लाभ पहुंच सके। इसके अतिरिक्त लगभग 3 हजार डीटीसी बसों में भी मुफ्त पीने का पानी उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, जिससे यात्रियों को पूरे सफर के दौरान सुचारू रूप से पेयजल की सुविधा मिल सके।

### 'आजादपुर मंडी में खुलेआम चल रहे हैं एक्सपायर परमिशन वाले वाहन'

**नई दिल्ली।** दिल्ली की आजादपुर फल एव सब्जी मंडी में आज भी पुराने और एक्सपायर परमिशन वाले वाहन खुलेआम चल रहे हैं। इससे साफ है कि जमीनी स्तर पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं हो रही है। सामाजिक कार्यकर्ता निशांत गुलाटी ने इस मामले को लेकर दिल्ली परिवहन आयुक्त और यातायात पुलिस को पत्र लिखा है। इस स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा है कि लगभग 5 साल पहले कलर प्रिंटेड परमिशन सिस्टम था, जिससे परमिशन की पहचान आसानी से हो जाती थी, लेकिन वर्तमान सिस्टम में पारदर्शिता की कमी है। यह सभी गतिविधियां दिल्ली उच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों की भी अवहेलना हैं, जिसमें ओवरलोडिंग और अवैध परिवहन पर सख्त नियंत्रण के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने दिल्ली सरकार और मंडी प्रशासन से मांग की है कि ओवरलोड वाहनों पर तुरंत सख्त कार्रवाई की जाए, ई-रिक्शा के दुरुपयोग को रोका जाए, नो-एंट्री नियमों को सख्ती से लागू किया जाए, परमिशन स्टिकर सिस्टम में सुधार कर अलग-अलग रंग और बड़े फॉन्ट लागू किए जाएं, आजादपुर मंडी में विशेष जांच अभियान चलाया जाए।

### पीड़ित परिवार से मिला कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल

**नई दिल्ली।** गत दिनों नवयुवक पांडव कुमार की हुई हत्या पर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने सवाल उठाए है। उन्होंने कहा कि परिवार की मांग है कि परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और एक करोड़ रुपए मुआवजा दिया जाए। शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचा और उन्हें सांत्वना देते हुए शौक प्रकट किया। इस मुद्दे पर प्रदेश अध्यक्ष यादव ने आरोप लगाए कि दिल्ली पुलिस द्वारा किसी को जाति सूचक शब्द कहकर जान ले लेना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जाति धर्म और क्षेत्र के नाम पर किसी निरपराध कि हत्या न केवल निंदनीय है, बल्कि सभ्य समाज को शर्मसार करने वाला कृत्य है। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल कांग्रेस अध्यक्ष प्रोफ़ेसर सुधांशु कुमार के नेतृत्व में जाफरपुर कलां स्थित पीड़ित परिवार से प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की और संवेदना व्यक्त की। प्रतिनिधिमंडल में एआईसीसी संयुक्त सचिव सुशांत मिश्रा, जिला अध्यक्ष राजेश यादव, पूर्वांचल के साथी चंद्रशेखर, सूरजभान सिंह, सुरेंद्र सिंह, बनवारी लाल तथा अन्य मौजूद थे।

### लोकतंत्र के मंदिर में नशे की हालत में पहुंचना शर्मनाक : रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को विधानसभा में नशे की हालत में बोलने पर तीखा प्रहार किया और कहा कि लोकतंत्र के मंदिर में नशे की हालत में पहुंचना शर्मनाक है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एक्स पर कहा कि धिक्कर है, शर्मनाक है। लोकतंत्र के मंदिर में कोई राज्य का मुखिया खुद नशे की हालत में पहुंचता है और पूरे के पूरे राज्य को शर्मसार करता है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान वैसे तो दुनिया ने उनको सैकड़ों बार शराब के नशे में पब्लिक प्रोग्राम में और कार्यक्रमों में देखा है। पर शुक्रवार को तो इंतहा हो गई जब उनकी हालत पूरे के पूरे देश ने देखी कि विधानसभा में वह नशे की हालत में कैसे बोल रहे थे। जो व्यक्ति खुद नशे में रहता हो वो अपने राज्य के लोगों को नशे से कैसे बचाएगा।

### मजलिस पार्क में एमसीडी ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की कार्रवाई लगातार जारी है। सिविल लाइन जोन वार्ड समिति के अध्यक्ष गुलाब सिंह राठौर ने बताया कि दिल्ली सरकार एवं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निर्देशानुसार शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में जहांगीरपुरी के मजलिस पार्क से प्रयास रोड तक विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान निगम एवं प्रशासन की संयुक्त टीमों ने कई स्थानों पर सख्त कार्रवाई करते हुए अवैध कब्जों को हटाया। अभियान के तहत सड़कों और सार्वजनिक स्थलों पर जमा किए गए कबाड़ को हटाया गया, अस्थायी तंबुओं को तोड़ा गया और अवैध रूप से खड़े रिक्शों को जब्त किया गया। साथ ही, सार्वजनिक स्थानों को अतिक्रमण मुक्त कर आम जनता के लिए सुगम बनाया गया।

### अतिक्रमण पर सीधी कार्रवाई, कोई समझौता नहीं : मोनिका पंत

**नई दिल्ली।** दिल्ली में अतिक्रमण और अवैध निर्माण किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। दिल्ली नगर निगम की उपमहापौर डॉ. मोनिका पंत ने शुक्रवार को आनंद विहार वार्ड संख्या 206 के अंतर्गत डीडीए मार्केट, कड़कड़डूमा में औचक निरीक्षण के दौरान यह निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान मौके पर ही अवैध कब्जों को हटाया गया और संबंधित विभागों को तत्काल प्रभाव से सख्ती बरतने के निर्देश दिए गए। उप महापौर ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में ऐसी अनियमितताएं दोबारा सामने आईं तो कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।



**खबर संक्षेप**

## लूट के मामले में तीन आरोपी धराए



**फरीदाबाद।** बीते 29 अप्रैल को थाना सराय ख्वाजा के अंतर्गत लूट के एक मामले में क्राईम ब्रांच बॉर्डर की टीम ने विशाल निवासी सूरजकुंड फरीदाबाद, अमित निवासी प्रहलादपुर दिल्ली व अजय निवासी शिव दुर्गा विहार लक्कडपुर फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है। अपनी शिकायत में बताया कि 29 अप्रैल को वह अपने दोस्त विकास के साथ सेक्टर 37 हुडा मार्केट फरीदाबाद में इंडियन बैंक से पैसे निकालने गया था।

## एक देसी कट्टा के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** क्राईम ब्रांच सेक्टर-56 फरीदाबाद की टीम ने एक व्यक्ति को अवैध देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान शाहरुख निवासी राजीव कालोनी सेक्टर-58 फरीदाबाद के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता अनुसार क्राईम ब्रांच सेक्टर-56 फरीदाबाद की टीम ने अपने गुप्त सूत्रों की सूचना पर कार्रवाई करते हुए शाहरुख को आशियाना फ्लैट सेक्टर-56 के पास से अवैध देसी कट्टा सहित काबू किया है।

## मैनेजर की हत्या के मामले में 7वां आरोपी पकड़ाया



**फरीदाबाद।** बीते 15 अप्रैल को थाना सेक्टर-3 स्थित आहाता मैनेजर आदेश कुमार की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी, जिस संबंध में थाना सेक्टर 8 में मामला दर्ज किया गया था। घटनाक्रम की जांच क्राईम ब्रांच उंचा गांव द्वारा की जा रही है। अपराध शाखा की टीम द्वारा एक किशोर सहित 6 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस ने बताया कि अपराध शाखा ऊंचा गांव की टीम ने 30 अप्रैल को 7वें आरोपी सचिन निवासी झुग्गी सेक्टर-4 को उसके घर से गिरफ्तार किया गया है। जिससे पूछताछ में बताया कि उसने झगडे के दौरान आदेश पर पत्थर से हमला किया था। जिसको माननीय न्यायलय में पेश कर जेल भेजा गया है।

## डीपीजी डिग्री कॉलेज में द फाइनल बो-2026 विदाई समारोह का भव्य आयोजन

# विदाई के ये पल भावनात्मक अवश्य होते हैं, लेकिन यही पल नए सपनों और जीवन की नई शुरुआत की नींव भी रखते हैं: चेयरमैन गहलोत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम**

डीपीजी डिग्री कॉलेज में स्नातक एवं परास्नातक अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए भव्य विदाई समारोह द फाइनल बो-2026 का आयोजन बड़े उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में डिग्री, पॉलिटेक्निक, फार्मेसी एवं डीएमएलटी के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कॉलेज के चेयरमैन राजेंद्र गहलोत ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विदाई के ये पल भावनात्मक अवश्य होते हैं, लेकिन यही पल नए सपनों और जीवन की नई शुरुआत की नींव भी रखते हैं। वहीं वाइस चेयरमैन दीपक गहलोत ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि डीपीजी कॉलेज न केवल शिक्षा का केंद्र है, बल्कि अच्छे मूल्यों और संस्कारों की पाठशाला भी है। कार्यक्रम में निदेशक अकादमिक प्रहलाद सिंह, प्राचार्य डॉ. एस.एस. बोकेन एवं रजिस्ट्रार अशोक गोगिया ने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्यों के प्रति समर्पित रहने और संस्थान का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। इसके अतिरिक्त डॉ. प्रिया




शुक्ला (निदेशक, लॉ कॉलेज), डीन अकादमिक डॉ. प्रियंका (डिग्री), डॉ. यशपाल यादव (पॉलिटेक्निक), डॉ. संगीता यादव (प्राचार्य, सीपीएसएम) तथा विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

### कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने हरियाणवी, बॉलीवुड और पंजाबी नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक रैंप वॉक प्रस्तुत किए गए, जिसमें सभी संकायों के छात्र-छात्राओं ने पूरे आत्मविश्वास के साथ भाग लिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में हरियाणवी, बॉलीवुड और पंजाबी नृत्य के साथ-साथ सिंगिंग कोलैब ने दर्शकों का मन मोह लिया। इसके साथ ही विशेष अतिथि पवन कुमार के कॉमेडी शो ने कार्यक्रम में हंसी और मनोरंजन का रंग भर दिया। प्रतियोगिताओं में हैप्पी (बी.ए.) को मिस्टर फेयरवेल डीपीजी तथा स्नेहा (बी.कॉम ऑनर्स) को मिस फेयरवेल डीपीजी के खिताब से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, ज्योति (बी.ए.) को मिस बेस्ट ड्रेस्ड, रितिक (बी.ए.जे.एम.सी.) को मिस्टर बेस्ट ड्रेस्ड, टारोनिका (बी.एससी.) को मिस पर्सनैलिटी तथा निशांत (बी.एससी.) को मिस्टर पर्सनैलिटी के खिताब से नवाज़ा गया। वहीं पॉलिटेक्निक से हर्ष को मिस्टर फेयरवेल और मिथाली को मिस फेयरवेल का ख़िताब दिया गया। फार्मेसी एवं डीएमएलटी से पुष्पेंदर को मिस्टर फेयरवेल और जतिन और अश्मिता ने मिस्टर पर्सनैलिटी- मिस पर्सनैलिटी ख़िताब अपने नाम किए। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल के रूप में डॉ. रीना, डॉ. अमिता, डॉ. अंजू भारद्वाज, डॉ. रीतू, डॉ. छवि, डॉ. पूनम एवं सुश्री मनीषा ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया और उनकी प्रतिभा की सराहना की। इस भव्य आयोजन का सफल संयोजन कल्चरल कमेटी की कन्वेनर नवप्रीत कौर के मार्गदर्शन में किया गया।

## विभिन्न मांगों को लेकर निगम कर्मचारियों ने दो दिवसीय हड़ताल शुरू

# मांगें पूरी न होने तक संघर्ष जारी रहेगा: नरेश शास्त्री

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद**

नगर निगम कर्मचारियों ने शुक्रवार को अपनी मांगों को लेकर हड़ताल शुरू कर दी है। यह हड़ताल नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के आह्वान पर की गई है, कर्मचारी आज 2 मई को भी हड़ताल पर रहेंगे। इस हड़ताल में सफाई, सीवर, बेलदार, माली, इलेक्ट्रीशियन, वॉटर सप्लाई, सैनिटेशन स्टाफ सहित अन्य तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के लगभग साढ़े 3 हजार कर्मचारियों ने भाग लिया। कर्मचारियों की हड़ताल के कारण शुक्रवार को नगर निगम का काम फील्ड में पूर्ण रूप से बंद रहा तथा कार्यालय में भी काम प्रभावित रहा।

पिछले 24 दिनों से न्याय की मांग करते हुए हड़ताल कर रहे अग्निशमन के कर्मचारी हड़ताल स्थल पर नारा लगाते हुए पहुंचे। हड़ताली कर्मचारियों की आंखें उसे वक्त नम हो गई जब 16 फरवरी अग्निकांड में कालकाजी कंपनी के प्रदीप की विधवा कंचन व बृजलाल की विधवा माया अपने छोटे-छोटे बच्चों को लेकर पहुंची और जिला प्रशासन व सरकार द्वारा तथा कंपनी



के द्वारा मदद न देने की व्यथा सुनाई परिवार भुखमरी के कगार पर हैं। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने प्रवासी बहनों को मदद करने का आश्वासन दिया और उनको न्याय मिलने के लिए सर्व कर्मचारी संघ लड़ाई लड़ेगा।

हड़ताल में शामिल कर्मचारियों ने नगर निगम मुख्यालय पर एक विशाल आक्रोश सभा की इस सभा की अध्यक्षता नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान दिलीप बोहत ने की तथा मंच का संचालन जिला सचिव अनिल चिंडालिया व सफाई कर्मचारी यूनियन के सचिव महेंद्र कुडिया ने संयुक्त रूप से किया। हड़ताल स्थल पर आज मजदूर दिवस मनाया गया। मजदूर दिवस के अवसर पर दर्जनों विभागों के कर्मचारी एवं मजदूरों ने हिस्सा लिया। और मजदूर आंदोलन पर चर्चा की नेताओं ने मजदूरों के हित में बनाए गए श्रम कानून को समाप्त करने पर क्षोभ व्यक्त किया। गुरुग्राम के मानेसर, पलवल के पृथला, फरीदाबाद में मजदूर आंदोलन पर पुलिसिया दमन की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए न्यूनतम वेतन 20000 करने एवं श्रम संहिताओं को समाप्त कर मजदूर हित के 29 श्रम कानून को बहाल करने की मांग की। इस अवसर पर अखिल भारतीय कोली समाज की इकाई हरियाणा प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष योगेश कोली व प्रदेश महासचिव मनोज कोली ने सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा द्वारा कर्मचारी, मजदूर, अप्रवासी एवं दलित महिला अधिकारों के लिए संघर्ष को सराहा। सामाजिक, कर्मचारी हित, मजदूर हित में काम करने के लिए अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी फैडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा व सर्व कर्मचारी संघ के अध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया उनके साथ शहर की अन्य धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा व नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य अध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री, सीआईटीयू के नेता वीरेंद्र डंगवाल, निरंतर पाराशर, रिटायर कर्मचारी संघ के नेता बाबू, नवल, आशा शर्मा, यूएम खान, हरियाणा टूरिज्म के नेता दिगंबर डागर, कल्लू प्रधान सहित कई विभागों के बड़े नेता उपस्थित रहे।

### शादी से लौटते वक्त बाइक को स्कॉर्पियो ने मारी टक्कर, वाहन समेत ड्राइवर फरार

# सड़क हादसे में व्यक्ति की मौत, बेटा-पड़ोसी घायल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद**

तेज रफ्तार स्कॉर्पियो गाड़ी ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई, जबकि एक 11 साल का बच्चा और अन्य शख्स गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलों को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया। परिवार की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच कर शुरू कर दी है। थाना सेक्टर 58 पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मादलपुर का रहने वाला विजय शंकर पड़ोसी युवक की शादी में राजीव कॉलोनी गया हुआ था। रात के करीब 12 बजे वह बाइक से वापस घर लौट रहा था। उसके साथ उसका 11 साल का लड़का मोहित और मुकेश नामक पड़ोसी भी था। राजीव कॉलोनी से कुछ आगे चलने पर ही एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने उनको टक्कर मार दी। मृतक मूलरूप से यूपी के मिर्जापुर का रहने वाला था और पिछले काफी समय से फरीदाबाद में परिवार के साथ रह रहा था। परिजनों ने बताया कि वह एक निजी कंपनी में काम करता था। सतीश नामक व्यक्ति ने बताया कि सड़क पर तेज रफ्तार स्कॉर्पियो गाड़ी आ रही थी। इसी दौरान रास्ते में पड़े मिट्टी के ढेर पर चढने से गाड़ी के ड्राइवर ने कंट्रोल खो दिया। जिसके कारण गाड़ी ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से विजय शंकर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका बेटा और पड़ोसी दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने बताया कि टक्कर मारने के बाद स्कॉर्पियो का ड्राइवर उसको लेकर मौके से फरार हो गया। मौके पर मौजूद लोगो ने घायलों को अस्पताल भिजवाया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवाया। जिसके बाद मृतक के शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के हवाले कर दिया गया।

### स्कॉटिश हाई इंटरनेशनल स्कूल का शत-प्रतिशत परिणाम

# 10वीं में अद्वय ने सेल्फ स्टडी और जुनून से हासिल किए 99.8 फीसदी अंक



अद्वय अग्रवाल | विक्रांत पेठिया | दिति भनोट | आरिका शर्मा

### सेल्फ स्टडी और जुनून से हासिल किए 99.8 फीसदी अंक

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम**

स्कॉटिश हाई इंटरनेशनल स्कूल ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का परचम लहराया है। स्कूल के छात्रों ने आईसीएसई कक्षा 10वीं और आईएससी कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 100 प्रतिशत पास रिजल्ट हासिल किया है। वहीं 10वीं में अद्वय ने 99.8 फीसदी अंक हांसिल कर स्कूल व गुरुग्राम का नाम रोशन कर दिया।

गुरुग्राम के स्कॉटिश हाई इंटरनेशनल स्कूल के छात्र अद्वय अग्रवाल ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में 99.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में टॉप कर शानदार उपलब्धि हासिल की। अद्वय ने हिंदी, गणित, कंप्यूटर और विज्ञान में 100 में 100 अंक हासिल किए, जबकि अंग्रेजी में 99 अंक प्राप्त कर 99.8 फीसदी परफेक्ट स्कोर हासिल किया। उनकी इस सफलता के पीछे नियमित सेल्फ स्टडी और समझदारी से की गई तैयारी अहम रही। अद्वय ने बिना किसी ट्यूशन के पढ़ाई की और कठिन विषयों को समझने के लिए दोस्तों के साथ ग्रुप स्टडी का सहारा लिया। अब अद्वय 11वीं कक्षा में पीसीएम स्ट्रीम से पढ़ाई कर रहे हैं और भविष्य मंष फिजिक्स के क्षेत्र में रिसर्च में अपना करियर बनाना चाहते हैं।

### टॉपर रहे छात्र-छात्रा

आईसीएसई में अद्वय अग्रवाल ने 99.8 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल टॉप किया। वहीं आईएससी में साइंस स्ट्रीम के विक्रांत पेठिया ने 98.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान पाया। कॉमर्स स्ट्रीम में दिति भनोट ने 98.5 प्रतिशत और ह्यूमैनिटीज स्ट्रीम में आरिका शर्मा ने 97.5 प्रतिशत अंकों के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

### आंकड़ों में स्कूल का दबदबा:

आईएससी कक्षा 12वीं में 45 प्रतिशत छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 90 प्रतिशत छात्र 75 प्रतिशत से ऊपर अंक लाने में सफल रहे। आईसीएसई कक्षा 10वीं में 63 प्रतिशत छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए और 93 प्रतिशत छात्र 75 प्रतिशत से ऊपर रहे। स्कूल प्रबंधन ने कहा कि हाईलैंडर्स की कड़ी मेहनत और लगन ने एक बार फिर उनकी असाधारण शैक्षणिक क्षमता को साबित किया है। इन शानदार नतीजों से अभिभावकों और शिक्षकों में खुशी की लहर है। स्कॉटिश हाई इंटरनेशनल स्कूल को अपने सभी छात्रों पर गर्व है और उनके समर्पण व दृढ़ता के लिए हार्दिक बधाई देता है।

### 10 मई को पंचायत चुनाव के मद्देनजर पात्र कर्मचारियों को मतदान हेतु मिलेगा अवकाश: डीसी

# पंचायत उपचुनाव के मतदान के दिन दुकानों व वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में सवेतन अवकाश घोषित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद**

जिला उपायुक्त एवं जिला चुनाव अधिकारी पंचायत आयुष सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा सरकार के श्रम विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार दिनांक 10 मई 2026 रविवार को प्रदेश के विभिन्न जिलों में ग्राम पंचायतों के पंचों व सरपंचों के आम चुनाव तथा रिक्त पदों को भरने हेतु उपचुनाव आयोजित किए जाएंगे।

लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सुदृढ़ एवं अधिक सहभागितापूर्ण बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा आवश्यक प्रबंध किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रक्रिया में अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए तथा प्रत्येक पात्र मतदाता को अपने मताधिकार का स्वतंत्र एवं निर्बाध रूप से प्रयोग करने का अवसर प्रदान करने हेतु हरियाणा दुकानदार एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठान अधिनियम, 1958 की धारा 28 के अंतर्गत राज्य सरकार ने 10 मई 2026 को प्रदेश के सभी दुकानों एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मचारियों जोकि जिला में हो रहे उपचुनावों में मतदान करने के लिए पात्र मतदाता हैं के लिए सवेतन अवकाश घोषित किया है। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि यह अवकाश केवल उन कर्मचारियों,कामगारों पर लागू होगा जो संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में पंजीकृत मतदाता हैं, ताकि वे अपने मतदान केंद्र पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। यह भी कहा कि किसी भी कर्मचारी के वेतन में इस अवकाश के कारण कोई कटौती नहीं की जाएगी। डीसी आयुष सिन्हा ने जिले के सभी नियोक्ताओं, प्रतिष्ठानों के संचालकों से अपील करते हुए कहा कि वे राज्य सरकार के निर्देशों का पूर्ण रूप से पालन सुनिश्चित करें।

# एनआईटी में ग्रीन बेल्ट पर चला बुलडोजर घरों के बाहर से अवैध रैंप और जाल हटाए



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद**

फरीदाबाद नगर निगम ने शहर में ग्रीन बेल्ट पर हो रहे अवैध कब्जों के खिलाफ निगम की कार्रवाही लगातार जारी है। इसी कड़ी में एनआईटी-3 क्षेत्र में निगम की टीम ने जेसीबी मशीनों की मदद से ग्रीन बेल्ट पर किए गए अतिक्रमणों को हटाया। कार्रवाई के दौरान दुकानों और कंपनियों के बाहर बनाए गए अवैध रैंप तोड़े गए, साथ ही जाल लगाकर कब्जा की गई जमीन को भी मुक्त कराया गया। नगर निगम कमिश्नर धीरेन्द्र खड़गटा ने बताया कि यह कार्रवाई हाईकोर्ट के आदेशों के तहत की जा रही है। उन्होंने कहा कि शहर में जहां-जहां ग्रीन बेल्ट की जमीन पर अवैध कब्जे किए गए हैं, वहां लगातार अभियान चलाकर उन्हें हटाया जाएगा। जिन लोगों ने ग्रीन बेल्ट पर अवैध गेट या अन्य निर्माण कर रखे हैं।

### सब्जी मंडी बल्लभगढ़ में मिला था महिला का शव

# महिला की हत्या के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद**

महिला की हत्या करने के मामले में क्राईम ब्रांच डीएलएफ ने आरोपी को काबू किया है। 22 अप्रैल को डायल 112 से पुलिस चौकी बल्लभगढ़ में सूचना प्राप्त हुई कि आदर्श सब्जी मंडी बल्लभगढ़ में एक महिला की डेड बॉडी मिली है। जिस संबंध में गौरव फल विक्रेता की दरखास्त पर नामालुम मृतका के संबंध में पुलिस द्वारा 194 बीएनएस की कार्रवाई की गई तथा सिविल अस्पताल फरीदाबाद में पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला की



मृत्यु आंतरिक चोटें लगने के कारण बताई गई। पुलिस चौकी बल्लभगढ़ की टीम ने महिला की पहचान बारे इश्तेहार जारी कराए गए तथा आसपास के क्षेत्र में महिला के बारे पूछताछ की गई। अपराध शाखा डीएलएफ के प्रयास से महिला की पहचान फिरोजा उर्फ आरती उर्फ कल्लो, उम्र 44-45 वर्ष, निवासी पश्चिम बंगाल के रुप में हुई। जिसने वर्ष 2000 में मुकेश निवासी खुर्जा बुलंदशहर के साथ कोर्ट मैरिज की थी। शादी के बाद से ही मृतका का परिवार करीब 25 साल से फरीदाबाद में रह रहा था। वह लगभग 13.14 सालों से अपने परिवार से अलग रहती थी और कभी- कभार ही घर आती थी। एसीपी क्राईम वरुण कुमार दहिया ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान बताया कि अपराध शाखा डीएलएफ की टीम ने तकनीकी सहायता व गुप्त सूत्रों की सूचना पर 1 मई को बीरू निवासी खेडी मुरार रेवाडी हाल लखानी चौक के पास मुजेसर को लखानी चौक मुजेसर एरिया से गिरफ्तार किया है।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला (एचएमएससीएल) | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार दो वर्षीय दर अनुबंध पर ब्लड कल्चर के लिए ऑटोमेटेड सिस्टम की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु निविदा। | 01.05.2026 22.05.2026 | रु.2,09,00,000/- | www.hmscl.org.in | 8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/44893/I/88/7 दि. 01.05.26



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता—2023 देखिए**
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **1) सद्दाम हुसैन, पुत्रः सलाहुद्दीन, 2) अनवर हुसैन, पुत्रः सलाहुद्दीन, पताः ई–5/53, नंद नगरी, दिल्ली** ने **FIR No. 80/2017, U/s 380/411/34 IPC, पुलिस थाना नंद नगरी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **1) सद्दाम हुसैन, 2) अनवर हुसैन** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **1) सद्दाम हुसैन, 2) अनवर हुसैन** फरार हो गए हैं (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 80/2017, U/s 380/411/34 IPC, पुलिस थाना नंद नगरी, दिल्ली** के अभियुक्त **1) सद्दाम हुसैन, 2) अनवर हुसैन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.06.2026** या इससे पहले हाजिर हो।
**आदेशानुसार – सुश्री दीपाक्षी राणा**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03**
**शाहदरा जिला, कमरा नं. 19, पहली मंजिल, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**
**DP/5709/NE/2026**



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता—2023 देखिए**
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **वारिश अली, पुत्रः साकिरुल्लाह, पताः म. नं. 461, गली नं. 11, नेहरू नगर, सब्जी मंडी, आनंद पर्वत, दिल्ली** ने **FIR No. 35/21, U/s 380/457/411/147A/34 IPC, पुलिस थाना सराय रोहिल्ला, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **वारिश अली** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **वारिश अली** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 35/21, U/s 380/457/411/147A/34 IPC, पुलिस थाना सराय रोहिल्ला, दिल्ली** के अभियुक्त **वारिश अली** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.06.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।
**आदेशानुसार – श्री रंगत घिर्रा**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–04, सेंट्रल**
**कमरा नं. 37, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**
**DP/5725/N/2026**



**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प यमुनानगर | यमुनानगर जिले में रादौर मुस्तफाबाद रोड (आईडी-620) कि.मी. 0.00 से 17.60 का मजबूतीकरण। | 30.04.2026 14.05.2026 | 997.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1732237834 pwd-eepd-yamunanagar@hry.nic.in |
| 2 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | 2000 मिमी तक डायामीटर्स के सिविल/इंडस्ट्रीयल ड्रेन्स और सीवर लाइंस की गाद निकालना तथा डि-चोकिंग की क्षमतायोग्य सुपर सकर यूनिट की खरीद के लिए वार्षिक आर/सी। | 01.05.2026 15.05.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 3 | महिला एवं बाल विकास चरखी दादरी | एडब्ल्यूसीएस को एसएनपी आपूर्ति का परिवहन कार्य। | 27.04.2026 07.05.2026 | 5 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7015347247 dpowcdcadri@gmail.com |
| 4 | पंचायती राज अम्बाला | एसडीए - गांव कम्बासी ब्लॉक बराड़ा में जागीर चंद के मकान से संजीव कुमार पुत्र बदामा राम तक नाला का निर्माण। | 30.04.2026 06.05.2026 | 4.18 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2027/80/44900/I/88/7 दि. 01.05.26

## खबर संक्षेप

### गंगा एक्सप्रेसवे पर 15 दिन फ्री में सफर

**लखनऊ।** गंगा एक्सप्रेसवे पर सफर करने वाले यात्रियों से अगले 15 दिनों तक कोई टोल टैक्स नहीं लिया जाएगा।




टोल दरों का प्रस्ताव तैयार है, जिसे कैबिनेट की मंजूरी मिलते ही लागू कर दिया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए दोपहिया, तिपहिया व पंजीकृत ट्रैक्टरों पर 1.28 रुपए प्रति किमी टोल तय है। फैसले को बेहतर कनेक्टिविटी और विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

### रास की 2 सीटों पर इंडी गठबंधन में खींचतान

**रांची।** झारखंड में आगामी राज्यसभा चुनाव को लेकर सत्तारूढ़ गठबंधन के भीतर सीट बंटवारे पर खींचतान तेज हो गई है।



जेएमएम व उसकी सहयोगी कांग्रेस दोनों ही जून में खाली होने वाली दो सीटों पर अपनी-अपनी दावेदारी मजबूत कर रहे हैं। कांग्रेस ने साफ कर दिया है कि वह कम से कम एक सीट चाहती है, जबकि हेमंत सोरेन दोनों सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने के पक्ष में है।

मजदूर दिवस पर सीएम योगी ने दी चेतावनी

# जिसने श्रमिकों के काम का नहीं दिया दाम, उसका सरकार करेगी काम तमाम

मजदूर दिवस पर सीएम योगी ने श्रमिकों के स्वास्थ्य सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए आयुष्मान योजना का दायरा बढ़ाने का ऐलान किया है। मुख्यमंत्री ने बताया अब तक 12 लाख 26 हजार श्रमिकों को आयुष्मान कार्ड दिए जा चुके हैं, जबकि शेष 15 लाख 83 हजार निर्माण श्रमिकों को भी यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

एजेंसी ⏭ लखनऊ

अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर यूपी सरकार ने श्रमिकों के लिए खजाना खोल दिया। सीएम योगी ने प्रदेश के 15 लाख से अधिक श्रमिक परिवारों को लेकर बड़ा ऐलान कर दिया। सीएम योगी ने बताया कि प्रदेश में श्रमिकों के ठहरने के लिए डोरमेट्री और सस्ती कैंटीन की व्यवस्था की जाएगी, जहां उन्हें किफायती भोजन, स्नानघर, मनोरंजन और सुरक्षा जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। सरकार ने श्रमिकों के स्वास्थ्य सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए आयुष्मान योजना का दायरा बढ़ाने का ऐलान किया है। मुख्यमंत्री ने बताया अब तक 12 लाख 26 हजार श्रमिकों को आयुष्मान कार्ड दिए जा चुके हैं, जबकि शेष 15 लाख 83 हजार निर्माण श्रमिकों को भी यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इससे करीब 80 लाख लोगों को हर साल 5 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज का लाभ मिलेगा।

- 15 लाख से अधिक श्रमिकों को लेकर किया बड़ा ऐलान

**खास बातें**

- प्रदेश 'बीमारू राज्य' की छवि से निकलकर देश की अर्थव्यवस्था का 'ग्रोथ इंजन' बना
- प्रदेश में औद्योगिक अशांति किसी भी कीमत पर नहीं होने दी जाएगी।



### सस्ती कैंटीन और अच्छे भोजना का भी वादा

उन्होंने कहा, 'श्रमिक के लिए डोरमेट्री, श्रमिकों के लिए सस्ती कैंटीन, अच्छा भोजन, अच्छे शौचालय, मनोरंजन के साधन भी जल्द उपलब्ध कराए जाएंगे। पांच लाख तक का सालाना स्वास्थ्य बीमा का लाभ देने जा रहे हैं।' ग्रेनो नॉलेज पार्क में ईएसआईसी अस्पताल बनेगा। इसके लिए सात एकड़ जमीन चिन्हित की गई है।

### देशभर में गरीबों को दिए गए चार करोड़ घर

कल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए, सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में, पिछले 12 वर्षों में देश भर में लगभग चार करोड़ घर उपलब्ध कराए गए हैं, जिनमें उत्तर प्रदेश में 65 लाख शामिल हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में लगभग 16 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया, 'गरीबों को मिलने वाला राशन पहले लोग चट कर जाते थे।' कोविड-19 महामारी का जिक्र करते हुए, मुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों की आलोचना की और आरोप लगाया कि वे संकट के दौरान अनुपस्थित थे, जबकि 'डबल इंजन सरकार' ने राज्य में लौटने वाले प्रवासी श्रमिकों की सहायता सुनिश्चित की।

### एमएसएमई के माध्यम से 3 करोड़ लोगों को रोजगार

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में रोजगार के अवसर तेजी से बढ़े हैं। उन्होंने बताया कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) के माध्यम से 3 करोड़ लोगों को रोजगार मिला है, जबकि 65 लाख लोगों को नया रोजगार उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने दावा किया कि उत्तर प्रदेश अब 'बीमारू राज्य' की छवि से निकलकर देश की अर्थव्यवस्था का 'ग्रोथ इंजन' बन चुका है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश के हर मंडल में अटल आवासीय विद्यालय स्थापित किए गए हैं, जहां श्रमिकों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है। प्रत्येक विद्यालय में एक हजार विद्यार्थियों के पढ़ने की व्यवस्था है।

### फैक्ट्री मालिकों- ठेकेदारों को सीएम की चेतावनी

श्रमिकों के हितों को लेकर सीएम ने फैक्ट्री मालिकों और ठेकेदारों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि श्रमिकों से काम लेकर भुगतान में टालमटोल या कटौती बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि श्रमिक ने काम किया है, तो उसे उसका पूरा दाम मिलना ही चाहिए।

सीएम ने डीएम-एसपी को दिए सख्त निर्देश

# बेटियां जब तक घर न पहुंचे पुलिस चैन से नहीं सोएगी



एजेंसी ⏭ नालंदा

बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी राज्य में बढ़ती गोलीबारी और अपराध की घटनाओं के बीच नालंदा से डीएम और एसपी को सख्त निर्देश दिया है। उन्होंने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को सख्त हिदायत दी है कि बेटियों और महिलाओं की सुरक्षा सरकार के लिए सर्वोपरि है। नालंदा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि पुलिस प्रशासन को तब तक मुस्तैद रहना होगा, जब तक बेटियां सुरक्षित अपने घर वापस न आ जाएं।

### जीरो टॉलरेंस की नीति

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भ्रष्टाचार और अपराध के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि महिलाओं के खिलाफ हिंसा कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### प्रशासनिक सुधारों पर जोर

सभा के दौरान मुख्यमंत्री ने आम जनता को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार प्रशासनिक ढांचे को लगातार सुदृढ़ कर रही है। आने वाले समय में लोगों को थाना, अंचल (सर्किल) या ब्लॉक कार्यालयों से जुड़े अपने छोटे-बड़े कामों के लिए दर-दर नहीं भटकना पड़ेगा और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा।महिलाओं और बच्चियों के खिलाफ बढ़ते अपराध पर मुख्यमंत्री ने खास नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि ऐसे जघन्य अपराध करने वालों के खिलाफ सीधे और सख्त एक्शन लें।

### राजकीय मेले का उद्घाटन

शुक्रवार, 1 मई को मुख्यमंत्री ने नालंदा जिले के सरमेरा प्रखंड स्थित प्रणावा गांव में दो दिवसीय राजकीय मेले का शुभारंभ किया। इस मेले का आयोजन शरण निवास महतो बाबा के विवाह उत्सव के उपलक्ष्य में किया गया, जिसमें स्थानीय लोगों के साथ-साथ कई जनप्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया।

## पेज एक का शेष

### 14 जिंदगियों...

मिलकर उनको ढांढस बधाया है। उन्होंने कहा कि बरगी बांध में हुआ हादसा अचानक आए चक्रवात की वजह से हुआ है। उसकी विस्तृत जानकारी जांच रिपोर्ट के बाद ही मिल सकेगी। भविष्य में ऐसी घटना न हो इसके लिए एडवेंचर स्पोर्ट्स के लिए एसओपी बनाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस हादसे में मन को बेहद दुख पहुंचा। दुर्घटना में रेस्क्यू टीम के जिन सदस्यों ने लोगों को पानी से बाहर निकाला, उनका 15 अगस्त को सम्मान किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा किघटना की जानकारी मिलते ही तत्काल पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, एसीएस संजय दुबे के साथ प्रशासनिक अधिकारियों को मौके पर भेजा। राहत-बचाव के लिए एनडीआरएफ-एसडीआरएफ को लगाया। इस घटना में अब तक में 29 लोगों को बचाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी बरगी बांध में रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। रेस्क्यू टीम तत्पर थी। उसने क्रूज को काटकर लोगों को पानी से बाहर निकाला है। इस हादसे में 9 लोगों के शव मिले हैं। 29 लोगों को बचाया जा चुका है। घटना वाले स्थल के पास ही जल जीवन मिशन का काम चल रहा था। इसलिए इस काम में लगी हुई टीम भी तत्काल लोगों की मदद करने पहुंची।

**कुशल गोताखोरों ने भी राहत-बचाव का काम किया:** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आर्मी के कुशल गोताखोरों ने भी राहत-बचाव का काम किया। दुर्घटना में रियाज हुसैन तो चार-पांच घंटे क्रूज में फंसे रहे। मैं उनसे और पीड़ित परिवारों से मिलकर आया हूं। रियाज ने बताया कि मैं मानकर चल रहा था कि मैं नहीं बचूंगा। इस दुर्घटना में आसपास के जिन लोगों ने दूसरों की जान बचाई उन्हें मैं 51-51 हजार रुपए देने की घोषणा करता हूं। हमारी सरकार ने मृतकों के परिजनों के लिए 4-4 लाख रुपए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2-2 लाख आर्थिक सहायता की घोषणा की है।

**सीएम ने उच्च स्तरीय जांच समिति बनाई:** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम इस घटना की जांच के लिए उच्च स्तरीय जांच समिति बना रहे हैं। समिति में होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा के महानिदेशक, सचिव मध्यप्रदेश शासन, जबलपुर संभाग के आयुक्त होंगे। यह समिति तीन बिंदुओं पर जांच करेगी। इन बिंदुओं में पहला बिंदु दुर्घटना के कारणों की शुरुआत से जांच करना, दूसरा बिंदु परिस्थितियों को प्रतिपादित करना, तीसरा बिंदु दुर्घटना के वक्त प्रोटोकॉल का पालन हुआ या नहीं हुआ, शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार नौका पर्यटन, क्रूज पर्यटन, एडवेंचर स्पोर्ट्स सहित सभी तरह की गतिविधियों के लिए एसओपी तैयार करेंगे। ताकि, भविष्य में ऐसी दुर्घटना न हो। जांच रिपोर्ट में जो भी दोषी होगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा। हम सभी को मौसम विभाग की सूचनाओं को गंभीरता के साथ अमल में लाना चाहिए।

**बरगी क्रूज हादसे पर प्रधानमंत्री ने व्यक्त की संवेदनाएं :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जबलपुर जिले के बरगी में नर्मदा नदी पर क्रूज़ पलटने की दुखद घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने इस हादसे को अत्यंत पीड़ादायक बताते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से राहत राशि की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि हादसे में प्रत्येक मृतक के परिजन को 2-2 लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी। वहीं घायल लोगों को 50-50 हजार रुपए आर्थिक सहायता दी जाएगी।

**ये लिया गया एक्शन :** होटल मैकाल रिसॉर्ट और बोट क्लब बरगी के मैनेजर सुनील मरावी को कार्य में लापरवाही बरतने के कारण निलंबित किया गया है, जबकि रीजनल मैनेजर संजय मल्होत्रा को मुख्यालय अटैच कर विभागीय जांच संस्थित की गई है। क्रूज पायलट महेश पटेल, क्रूज हेल्पर छोटेलाल गोंड एवं टिकट काउंटर प्रभारी (एफओए) बृजेंद्र की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गईं।

### परिजनों से मिलकर...

संकट की इस घड़ी में राज्य सरकार उनके साथ है। कोई भी परिवार खुद को अकेला न समझे। इस दौरान उप-मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह भी उनके साथ थे। मुख्यमंत्री कोतवाली से दरहाई मार्ग पहुंचे। यहां उन्होंने हादसे में मृत नीतू सोनी के निवास पहुंचकर शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। इसके बाद मुख्यमंत्री रियाज हुसैन के घर पहुंचे। रियाज क्रूज हादसे में बाल-बाल बच गए थे।

### जिंदगी की जंग हारी...

बेटी, दामाद व नातिन व नाती के साथ क्रूज में सवार हुए थे। क्रूज यात्रा के दौरान सुरक्षा का कोई ध्यान नहीं रखा गया था। जब क्रूज डूबने लगा, तब यात्रियों को लाइफ सेविंग जैकेट दी गई। क्रूज के डूबने से पहले कई यात्री जैकेट तक नहीं पहन पाए थे। इस हादसे में उनकी पत्नी मधु की मौत हो गई। बेटी रीना व चार वर्षीय नाती लापता हैं। वो और दामाद व नातिन सिया सुरक्षित हैं।

**3. कांच तोड़ा लेकिन क्रूज में फंसा रह गया था पैर :** 11 साल का जाफर जैदी जिसने मौत के मुंह से खुद को बाहर निकाल लिया। उसने बताया कि यात्रियों ने क्रूज को लौटाने की मांग की, लेकिन स्टाफ ने खतरे को नजरअंदाज किया। क्रूज में पानी भरने लगा और वह एक तरफ झुक गया। जाफर किसी तरह कांच तोड़कर बाहर निकलने की कोशिश कर रहा था, लेकिन इसी दौरान उसका पैर फंस गया और वह कुछ समय के लिए क्रूज के नीचे दब गया। हिम्मत जुटाकर वह बाहर निकला और टायर पकड़कर खुद को संभाले रखा। आखिरकार वह लहरों से लड़ते हुए किनारे तक पहुंच गया।

**4. चार घंटे तक गर्दन तक पानी में फंसे रहे :** 72 वर्षीय रियाज हुसैन। रियाज ने मौत को बेहद करीब से महसूस किया। डूबते हुए क्रूज के भीतर वह करीब चार घंटे तक गर्दन तक पानी में फंसे रहे और जिंदगी से जूझते रहे। चारों ओर अंधेरा, ठंडा पानी और लहरों की डरावनी आवाजों के बीच रियाज को हर पल मौत सामने नजर आ रही थी। शरीर ठंड से कांप रहा था और सांस लेना भी मुश्किल हो रहा था। करीब चार घंटे तक उसी स्थिति में डटे रहे। तभी अचानक उन्हें बाहर से लोगों की आवाजें सुनाई दीं। यह आवाजें उनके लिए उम्मीद की किरण बन गईं। उन्होंने पूरी ताकत से क्रूज की दीवारों पर हाथ मारना शुरू किया। आवाज सुनकर रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची। बचाव दल ने गैस कटर की मदद से क्रूज का ऊपरी हिस्सा काटा और रियाज को सुरक्षित बाहर निकाला।

### पेपरलेस-कोर्ट बना...

विशेषज्ञों को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि सिक्किम ने एक बार फिर देश के सामने सुशासन और नवाचार का उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में अन्य राज्य भी इस मॉडल को अपनाकर न्याय व्यवस्था को अधिक आधुनिक और नागरिक हितैषी बनाएंगे।यवस्था हुई आधुनिक

### लेह में बुद्ध पूर्णिमा...

में 2569वें बुद्ध पूर्णिमा समारोह के उद्घाटन अवसर पर शांति, करुणा का मार्ग बताया। का बुद्ध का संदेश आज के समय में और अधिक प्रासंगिक हो गया है। उन्होंने लद्दाख को करुणा की भूमि बताते हुए कहा कि जब भी बौद्ध धर्म संकट में पड़ा, इस क्षेत्र ने उसकी शिक्षाओं की रक्षा और प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### राष्ट्रीय डेयरी विकास...

लागू की जा रही है।, जिसमें 12.74 करोड़ का अनुदान, 10 करोड़की सहायता राष्ट्रीय डेयरी विकास फाउंडेशन से और शेष राशि एलयूटीडीसीएफ फंड के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही है। यह संयंत्र 350 किलोवाट सौर ऊर्जा आधारित प्रणाली पर चलेगा जिससे ऊंचाई वाले इस क्षेत्र में स्वच्छ तथा टिकाऊ संचालन सुनिश्चित होगा।

### अंतरराष्ट्रीय योग...

के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार के स्वस्थ और सशक्त भारत के विजन को आगे बढ़ाना है। योग को निवारक स्वास्थ्य देखभाल, मानसिक स्वास्थ्य और समग्र जीवनशैली के एक प्रभावी साधन के रूप में स्थापित करने पर विशेष जोर दिया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान भुजंगासन का सामूहिक प्रदर्शन भी किया जाएगा, जिसमें प्रतिभागी एक साथ समन्वित अभ्यास करेंगे। इस विशेष आयोजन के माध्यम से एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में ऐतिहासिक रिकॉर्ड दर्ज कराने का प्रयास किया जाएगा। मंत्रालय ने इसे योग के वैश्विक महत्व को दर्शाने वाला एक प्रेरणादायक कदम बताया है। इस योग महोत्सव में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी व्यापक भागीदारी देखने को मिलेगी। सिंगापुर, चीन, वियतनाम, कोलंबिया, मलेशिया, ब्राजील और युगांडा के शरणार्थी शिविर सहित दुनिया के विभिन्न हिस्सों से कॉन्सुलेट जनरल और हार्टफुलनेस इंस्टीट्यूट के प्रतिनिधि वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके अलावा भारत के विभिन्न केंद्रों से भी प्रतिभागी इस आयोजन से जुड़ेंगे। आयुष मंत्रालय के अनुसार, इस अवसर पर केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी, आयुष मंत्रालय में राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव तथा हार्टफुलनेस के अध्यक्ष कमलेश डी. पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। मंत्रालय ने कहा कि योग महोत्सव 2026 न केवल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को नई ऊर्जा देगा, बल्कि यह संदेश भी मजबूत करेगा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि एक संतुलित, स्वस्थ और शांतिपूर्ण जीवन जीने का प्रभावी माध्यम है। सरकार का उद्देश्य है कि योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाकर भारत को अधिक स्वस्थ, जागरूक और आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में स्थापित किया जाए।

### पंजाब की आम आदमी...

विधायकों का अपनी पार्टी और मुख्यमंत्री पर पूरा भरोसा है। मान ने जोर देकर कहा कि ऐसी बातें सिर्फ जनता के बीच भ्रम फैलाने के लिए की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि जम्मू-कश्मीर से लेकर गोवा तक पार्टी का विस्तार हो रहा है और देश के कई हिस्सों में उनके विधायक, मेयर और पार्षद मौजूद हैं। पंजाब की 117 सीटों वाली विधानसभा में आम आदमी पार्टी के पास भारी बहुमत है। सदन में आप के 94 विधायक हैं, जबकि कांग्रेस के 16, शिरोमणि अकाली दल के तीन, भाजपा के दो, बसपा का एक और एक निर्दलीय विधायक है। सत्र के लिए पार्टी ने अपने सभी विधायकों को व्हिप जारी कर मौजूद रहने का आदेश दिया था। गौरतलब है कि हाल ही में 24 अप्रैल को आम आदमी पार्टी को तब बड़ा झटका लगा था, जब उसके 10 राज्यसभा सांसदों में से 7 सांसदों ने एक साथ भाजपा का दामन थाम लिया। इनमें राघव चड्ढा, हरभजन सिंह, स्वाति मालिवाल और संदीप पाठक जैसे बड़े नाम शामिल थे। राज्यसभा के सभापति ने भी इसे मंजूरी दे दी है, जिसके बाद संसद के ऊपरी सदन में आम आदमी पार्टी के अब केवल 3 सांसद रह गए हैं। इसी राजनीतिक हलचल के बीच मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सदन में अपना बहुमत साबित कर विरोधियों को जवाब दिया है। भगवंत मान पर नशे का आरोप, विपक्ष ने सीएम को कठघरे में किया खड़ा पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान पर शुक्रवार को विधानसभा सत्र के दौरान शराब पीकर सदन में आने के आरोप लगे। राज्य में विपक्ष पार्टियों ने उन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि वह कथित रूप से नशे की हालत में सदन में पहुंचे। इस आरोप ने राज्य की राजनीति को गरमा दिया है और सत्ता तथा विपक्ष के बीच तीखी बयानबाजी शुरू हो गई है। पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने इस मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने मांग की कि मुख्यमंत्री समेत सभी विधायकों का तुरंत अल्कोमीटर और डोप परीक्षण कराया जाए ताकि सच्चाई सामने आ सके। बाजवा का कहना है कि यदि इस तरह के आरोप लग रहे हैं तो पारदर्शिता बनाए रखने के लिए जांच जरूरी है। इस बीच, भारतीय जनता पार्टी की सांसद स्वाति मालीवाल ने भी इस मामले को और हवा दे दी। उन्होंने एक वीडियो साझा करते हुए दावा किया कि मुख्यमंत्री नशे की हालत में विधानसभा पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को तुरंत शराब जांच से गुजरना चाहिए और यदि आरोप सही साबित होते हैं तो उन्हें पद से हटा देना चाहिए। स्वाति मालीवाल ने अपने बयान में गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यह पहली बार नहीं है जब मुख्यमंत्री पर इस तरह के सवाल उठे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि वह पहले भी धार्मिक स्थलों, सरकारी बैठकों और यहां तक कि विदेश यात्राओं के दौरान भी नशे में पाए गए।

### पवन खेड़ा को...

कोर्ट के फैसले पर खुशी जताई। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. सिंघवी ने कहा कि इस मामले में ऐसी कई धाराएं लगाई गईं जो जमानती थीं, फिर भी गिरफ्तारी पर जोर दिया गया। यह पवन खेड़ा को अपमानित और परेशान करने का प्रयास था। उन्होंने बताया कि खेड़ा के खिलाफ 11 में से 9 धाराएं जमानती थीं, जिनमें पुलिस को भी गिरफ्तारी के बजाय सीधे जमानत देने का अधिकार है। इसके बावजूद करीब 60 पुलिसवालों को उनके घर पर भेज दिया गया, जबकि समाज और राजनीति में उनकी एक पहचान है। अदालती फैसलों का हवाला देते हुए कांग्रेस सांसद सिंघवी ने कहा कि किसी भी मानहानि के मामले में गिरफ्तारी अंतिम विकल्प होना चाहिए। इसमें सवाल उठता है कि क्या गिरफ्तारी के बिना पूछताछ नहीं हो सकती है? यदि आरोपी के फरार होने, साक्ष्य से छेड़छाड़ करने या जांच में बाधा डालने की संभावना नहीं है, तो गिरफ्तारी का औचित्य नहीं बनता है। उन्होंने कहा कि वकील इसे ट्रिपल टेस्ट कहते हैं। ऐसी स्थिति में, यदि ट्रिपल टेस्ट अभियुक्त के पक्ष में साबित होता है, तो गिरफ्तारी का एकमात्र मकसद अपमान और उत्पीड़न ही हो सकता है। उन्होंने कहा कि यही सुप्रीम कोर्ट के फैसले का सार और भावना है। उन्होंने कहा कि गुवाहाटी हाईकोर्ट के जिस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी, उसमें ऐसे प्रावधान शामिल थे जो मूल शिकायत और एफआईआर का हिस्सा नहीं थे। सुप्रीम कोर्ट ने इस पर नाराजगी जताई है। सुप्रीम कोर्ट ने फैसले में कहा है कि यह भूला नहीं जा सकता कि अग्रिम जमानत के मामले में मूल सिद्धांत यह है कि जब तक दोष सिद्ध न हो जाए, तब तक किसी को दोषी नहीं माना जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस मामले में कई प्रकार के प्रावधानों को डाल दिया गया, ताकि यह मानहानि से एक अलग केस बन जाए। डॉ. सिंघवी ने कहा कि जिस प्रेस कॉन्फ्रेंस की बात हो रही है, उसमें सब कुछ पारदर्शी रूप से सामने रखा गया था; जो कागजात दिखाए गए थे, वे पहले से ही सार्वजनिक क्षेत्र में थे। डॉ. सिंघवी ने यह भी बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने असम के मुख्यमंत्री के कई सार्वजनिक बयानों का ज़िक्र किया है, जो असंसदीय और अस्वीकार्य हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की ऐसी शब्दावली और धमकियों की किसी भी गणतंत्र और चुनाव अभियान में जगह नहीं हो सकती। ऐसे में हिमंत बिस्वा सरमा को सोचना चाहिए कि क्या एक संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को यह शोभा देता है? उन्होंने कहा कि असम के मुख्यमंत्री इस बारे में पुनर्विचार कर गंभीर रूप से खेद व्यक्त करें । डॉ. सिंघवी ने यह भी बताया कि 05 अप्रैल को पवन खेड़ा की प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद 07 अप्रैल को असम सरकार की मशीनरी ने पूरी ताकत के साथ एक गैर-जमानती वारंट की याचिका डाली थी। कामरूप की निचली अदालत ने इस मांग को कल्पनाशील, अनुमानित और आधारहीन बताते हुए खारिज कर दिया था। उन्होंने कहा कि इसके बाद यह मामला तेलंगाना हाई कोर्ट, सुप्रीम कोर्ट और गुवाहाटी हाई कोर्ट तक गया; अंततः सुप्रीम कोर्ट ने निर्णय दिया। उन्होंने कहा कि जब भी नागरिक स्वतंत्रता का सवाल आता है, तो न्याय व्यवस्था ही उसकी सबसे बड़ी संरक्षक होती है और कानून सभी से ऊपर है। वहीं जयराम रमेश ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि मोदी सरकार हर दिन संविधान पर हमला करती है, लेकिन आज संवैधानिक मूल्यों और प्रावधानों की जीत हुई है। यह साबित हुआ है कि हमारे देश में न्याय की ज्योति जीवित है।

### पवन खेड़ा मामले में ...

मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी के बीच जुबानी जंग अब बेहद तल्ख हो गई है। सरमा ने कहा, 'मैं साफ कर दूं, यह तो बस शुरुआत है, अंत नहीं।' मुख्यमंत्री सरमा ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए सिंघवी पर सीधा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि उन्हें किसी से भी लोकतंत्र या सार्वजनिक विमर्श पर मर्यादा की सीख लेने की जरूरत नहीं है। दूसरी ओर, सिंघवी ने इसे सत्ता का दुरुपयोग करार दिया है। उन्होंने पवन खेड़ा की जमानत के बाद इसे राजनीतिक प्रतिशोध कहा। अब यह मामला पूरी तरह अदालत की कार्यवाही पर टिका है। मुख्यमंत्री सरमा ने सिंघवी को आड़े हाथों लेते हुए कहा, 'मुझे किसी से भी लोकतंत्र, सार्वजनिक संवाद या शालीनता पर सबक सीखने की आवश्यकता नहीं है, विशेष रूप से अभिषेक सिंघवी से।' सरमा ने इस विवाद के केंद्र में एक महिला के सम्मान का मुद्दा उठाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि राजनीतिक लाभ के लिए उनकी पत्नी रिनिकी भुइयां सरमा को निशाना बनाया जा रहा है, जिनका राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है। मुख्यमंत्री सरमा ने आरोप लगाते हुए कहा, 'असली मुद्दा एक महिला से जुड़ा है। उसका राजनीति से कोई वास्ता नहीं है। इसके बावजूद, दूसरे देशों के फर्जी दस्तावेजों का सहारा लेकर राष्ट्रीय टेलीविजन पर उसका चरित्र हनन किया गया।' सरमा का इशारा कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा की ओर से दिखाए गए उन कथित विदेशी पासपोर्ट और संपत्तियों के दस्तावेजों की ओर था। हालांकि, सीएम के परिवार ने इन आरोपों को पहले ही खारिज कर दिया है। हिमंत बिस्वा सरमा ने विश्वास जताया कि न्यायपालिका इस जालसाजी का संज्ञान लेगी। उन्होंने लिखा, 'मुझे पूरा भरोसा है कि अदालतें इस पर गौर करेंगी। चुनावी नतीजों को प्रभावित करने के लिए झूठे दस्तावेजों के जरिए एक महिला की छवि बिगाड़ने वाले को उसके इस दुस्साहस के लिए सजा जरूर मिलेगी।' उन्होंने सिंघवी की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सिंघवी ने उस मंच पर प्रहार किया जहां मैं जवाब देने के लिए मौजूद नहीं था। इसे संवाद नहीं, बल्कि निष्पक्ष बहस से बचना कहा जाता है। सरमा ने चेतावनी भरे लहजे लिखा, 'मैं साफ कर दूं, यह तो बस शुरुआत है, अंत नहीं।'

### लेबर-कोड को दुरुस्त...

जाएगा और ग्रामीण गरीबों के सामने रोजगार का गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा। खरगे ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों ने कामगारों को मजबूरन बेरोजगारी और गिग वर्कर की ओर धकेल दिया है। उन्होंने दावा किया कि देश के 69 प्रतिशत लोग न्यूनतम मजदूरी से भी कम पर काम कर रहे हैं, जो श्रमिकों की दयनीय स्थिति को दर्शाता है। उन्होंने इसे सामाजिक और आर्थिक असमानता को बढ़ाने वाला कदम बताया। उन्होंने मजदूरी वृद्धि के ठहराव को भी बड़ा संकट बताया। खरगे के अनुसार, यदि महंगाई को ध्यान में रखा जाए तो वर्ष 2014-15 से 2022-23 के बीच भारत के अधिकांश श्रमिकों की मजदूरी में सालाना 1 प्रतिशत से भी कम की वृद्धि हुई है। इससे श्रमिकों की क्रय शक्ति कमजोर हुई है और जीवन यापन कठिन होता गया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने पढ़े-लिखे युवाओं, विशेष रूप से हाइयर स्टडी किए हुए बच्चों में बढ़ती बेरोजगारी पर भी चिंता जताई। उन्होंने आरोप लगाया कि सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को बेचकर लाखों नौकरियां समाप्त कर दी गईं। साथ ही लगभग 30 लाख सरकारी रिक्त पदों को भरने से सरकार ने इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण छोटे और मझोले उद्योग भी खत्म होने की कगार पर पहुंच गए हैं, जिससे रोजगार के अवसर और कम हुए हैं। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी ने कामगारों के लिए अपनी पांच प्रमुख मांगें भी दोहराईं। पार्टी ने मनरेगा को फिर से शुरू कर उसे शहरी क्षेत्रों तक विस्तार देने, राष्ट्रीय न्यूनतम मजदूरी 400 रुपये प्रतिदिन तय करने, मजदूरों के लिए 25 लाख रुपये तक के यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज के साथ 'स्वास्थ्य का अधिकार' कानून लागू करने, सभी असंगठित श्रमिकों के लिए जीवन बीमा और दुर्घटना बीमा सुनिश्चित करने तथा सरकारी कार्यों में रोजगार के ठेकेदारीकरण को रोकने और नए लेबर कोड की समीक्षा की मांग की। खरगे ने कहा कि मजदूर देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उनके अधिकारों की रक्षा करना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। उन्होंने मजदूर दिवस पर श्रमिकों के सम्मान, सुरक्षा और बेहतर भविष्य के लिए ठोस नीतिगत बदलाव की आवश्यकता पर जोर दिया।

### समुद्र में दुश्मन...

व्यापक रूप से जांचा-परखा जाएगा और उसके बाद नौसेना इसे अपने जंगी बेड़े में आधिकारिक रूप से तैनात यानी कमीशन करेगी। समुद्री परीक्षणों की प्रक्रिया छह-आठ महीने से लेकर लगभग साल भर लंबी हो सकती है। जिसे बल द्वारा अलग-अलग मौसम और समुद्री परिस्थितियों के मद्देनजर पूरा किया जाएगा। नौसेना ने देश के दो अलग-अलग शिपयार्डों को ऐसे कुल 7 युद्धपोतों का निर्माण करने का ऑर्डर दिया था। जिसमें से एमडीएल ने 4 युद्धपोत नौसेना को दे दिए हैं। जबकि बाकी बचे हुए 3 का निर्माण कोलकाता स्थित गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) द्वारा किया जा रहा है।

**रिकॉर्ड समय में बनकर हुआ तैयार :** महेंद्रगिरी का डिजाइन नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो (डब्ल्यूडीबी) ने तैयार किया है। 20 दिसंबर 2024 को नीलगिरी श्रेणी के पहले युद्धपोत (आईएनएस नीलगिरी) को नौसेना को सौंपे जाने के बाद रिकॉर्ड 17 महीने से भी कम समय में इसका निर्माण किया गया है। जो देश की समुद्री सेना की युद्धपोत डिजाइन, निर्माण और इंजीनियरिंग क्षमता में आत्मनिर्भरता हासिल करने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है। मूलरूप से यह एक बहुमुखी और बहु-मिशन प्लेटफार्म है। जिसे समुद्री क्षेत्र में उभरती हुई चुनौतियों से दो-दो हाथ करने के लिए बनाया गया है।

**पकड़ नहीं पाएगा दुश्मन का रडार :** अपनी पुरानी प्रोजेक्ट-17 (शिवालिक श्रेणी) की तुलना में महेंद्रगिरी उन्नत हथियारों और सेंसर प्रणाली जैसे 76 मिमी. की मुख्य तोप, टॉरपीडो और एंटी सबमरीन रॉकेट लांचर से लैस है। जो इसे समुद्री सतह के ऊपर, आसमान और समुद्री के नीचे गहराई में मौजूद खतरों से निपटने में पूरी तरह से सक्षम बनाते हैं। पोत की लंबाई 149 मीटर, चौड़ाई 17.8 मीटर है। जबकि समुद्र में इसकी गति 28 समुद्री मील (52 किलोमीटर) से अधिक है। युद्धपोत में संयुक्त डीजल और गैस (सीओडीओजी) प्रणोदन संयंत्र लगे हुए हैं। जिनमें एक डीजल तथा एक गैस टरबाइन शामिल हैं। स्टील्थ तकनीक की मदद से महेंद्रगिरी समुद्र में दुश्मन के जहाजों की नजर से आसानी से बचते हुए उन पर सटीक हमला कर सकता है।

# राजा शिवाजी में निभाया है जीवा माहाला का किरदार

शुक्रवार को सिनेमाघरों में रितेश देशमुख अभिनीत और निर्देशित फिल्म राजा शिवाजी रिलीज हुई। इस फिल्म में सलमान खान ने भी एक खास किरदार निभाया है? यह किरदार फिल्म में बहुत ही महत्वपूर्ण है, इसके बिना फिल्म बनाना मुमकिन नहीं था। सलमान खान ने मराठी फिल्म राजा शिवाजी में एक अहम किरदार निभाया है। यह फिल्म हिंदी में भी रिलीज हुई है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

सलमान खान के किरदार से अब पर्दा उठ चुका है। सलमान खान ने फिल्म 'राजा शिवाजी' में जीवा माहाला (जीवाजी महाले) का किरदार निभाया है। फिल्म में उनका लुक भी शानदार है। वह एक बलशाली योद्धा के रूप में नजर आ रहे हैं। जीवा माहाला छत्रपति शिवाजी महाराज की सेना में एक वफादार अंगरक्षक और खास योद्धा थे। उन्होंने एक बार शिवाजी महाराज का जीवन बचाया था। फिल्म राजा शिवाजी में रितेश देशमुख और सलमान खान के अलावा कई और बॉलीवुड एक्टर्स भी अहम किरदारों में नजर आए हैं। इस फिल्म में संजय दत्त, अभिषेक बच्चन, महेश मांजरेकर, सचिन खेडेकर, भाग्यश्री, फरदीन खान, अमोल गुप्ते, विद्या बालन, बोमन ईरानी जैसे कई एक्टर्स भी शामिल हैं। रितेश देशमुख ने फिल्म 'राजा शिवाजी' में छत्रपति शिवाजी महाराज का किरदार निभाया है। यह फिल्म भारत के महानतम योद्धा और राजा छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित है। कैसे उन्होंने मुगलों से लोहा लिया और 'स्वराज्य' की नींव रखी। फिल्म में कमाल के एक्शन सीन्स हैं, साथ ही वीएफएक्स का भी अच्छा इस्तेमाल किया गया है। शुक्रवार को सिनेमाघरों में रितेश देशमुख अभिनीत और निर्देशित मराठी फिल्म राजा शिवाजी भी रिलीज हुई। राजा शिवाजी का हिंदी वर्जन भी सिनेमाघरों में दर्शकों का मनोरंजन रहा है। छत्रपति शिवाजी महाराज के शौर्य और स्वराज्य हासिल करने की अमर गाथा को फिल्म 'राजा शिवाजी' में दिखाया है। फिल्म में रितेश देशमुख मराठा सम्राट शिवाजी की भूमिका में हैं। फिल्म को लेकर रिलीज से पहले सोशल मीडिया पर अच्छा खासा क्रेज देखा गया। सैकनिल्क के अनुसार फिल्म 'राजा शिवाजी' ने पहले दिन अच्छी शुरुआत की है। पहले दिन ही यह फिल्म 5.34 करोड़ की कमाई करने में कामयाब रही है। इस कमाई में मराठी और हिंदी दोनों वर्जन की कमाई शामिल है। राजा शिवाजी के मराठी वर्जन ने 4.05 कमाए तो हिंदी वर्जन ने 1.29 करोड़ रुपए अपने खाते में जमा किए हैं। इस फिल्म में सलमान खान ने भी एक कैमियो किया है। उनके किरदार की चर्चा सोशल मीडिया पर खूब हो रही है। सलमान खान ने फिल्म राजा शिवाजी में जीवा माहाला (जीवाजी महाले) का किरदार निभाया है। फिल्म में वह एक बलशाली योद्धा के रूप में नजर आ रहे हैं। जीवा माहाला छत्रपति शिवाजी महाराज के एक वफादार अंगरक्षक और खास योद्धा थे। उन्होंने एक बार शिवाजी महाराज का जीवन बचाया था।



## हॉलीवुड मसाला




## द डेविल वियर्स प्राडा 2 में आईं नजर

**लॉस एंजिल्स।** एक्ट्रेस स्टेनली टुकी और एमिली ब्लंट को हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम पर स्टार से सम्मानित किया गया है। यह एक खास डबल स्टार सेरेमनी रही, जो लॉस एंजेलिस में आयोजित की गई। हॉलीवुड फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' एक मई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। रिलीज के बाद से ही फिल्म सुर्खियों में थी। फिल्म में स्टेनली टुकी, ऐनी हैथवे और एमिली ब्लंट अहम किरदारों में नजर आईं हैं। फिल्म रिलीज के बाद स्टेनली टुकी और एमिली ब्लंट को हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम पर स्टार से सम्मानित किया गया है। यह स्टार उन कलाकारों को दिया जाता है जिन्होंने फिल्मों, टीवी, रेडियो, म्यूजिक या थिएटर में बेहतरीन काम किया हो। इस लिस्ट में पहले भी हैरिसन फोर्ड, मैरिलिन मुनरो, माइकल जैक्सन, टॉम हैंक्स और ड्वेन जॉनसन जैसे बड़े नाम शामिल हैं।



## सिक्योरिटी ने ऑस्कर अवॉर्ड को समझा हथियार

**लॉस एंजिल्स।** रूस के फिल्ममेकर पाशा तलांकिन ने इस साल बेस्ट फीचर डॉक्यूमेंट्री का अवॉर्ड जीता था। उन्हें मिस्टर नोबडी अगेंस्ट पुतिन के लिए ऑस्कर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था, लेकिन हाल ही में एक अजीब और चौंकाने वाली घटना हुई। उन्हें न्यूयॉर्क के जेएफके एयरपोर्ट पर सिक्योरिटी ने अवॉर्ड के साथ फ्लाइट में चढ़ने नहीं दिया। बताया गया कि सिक्योरिटी अधिकारियों ने ऑस्कर ट्रॉफी को हथियार समझ लिया। यह ट्रॉफी करीब 3.8 किलो की होती है। तलांकिन ने कहा कि वह मार्च में अवॉर्ड जीतने के बाद कई बार फ्लाइट में इसे साथ ले जा चुके हैं, लेकिन पहले कभी कोई समस्या नहीं हुई। उन्होंने कहा कि उन्हें समझ नहीं आया कि आखिर ऑस्कर को हथियार कैसे माना जा सकता है। एयरलाइन के एक कर्मचारी ने मदद की कोशिश भी की, लेकिन सिक्योरिटी ने कोई भी बात मानने से इनकार कर दिया। आखिरकार, मजबूरी में तलांकिन को अपनी ट्रॉफी कार्गो में भेजनी पड़ी। एयरलाइन स्टाफ ने इसे बॉक्स में पैक कर भेजा, लेकिन जब वह जर्मनी के फ्रैंकफर्ट पहुंचे, तो उनका ऑस्कर वहां नहीं मिला।



## प्रेगनेंसी के बीच शुरू की किंग की शूटिंग

**मुंबई।** दीपिका पादुकोण ने हाल ही में अपनी दूसरी प्रेगनेंसी की पुष्टि की है। प्रेगनेंसी के दौरान भी दीपिका अपनी आने वाली फिल्मों की शूटिंग जारी रखने वाली हैं। बहरहाल, इन दिनों दीपिका अभिनेता शाहरुख के साथ फिल्म 'किंग' की शूटिंग साउथ अफ्रीका में कर रही हैं, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं। अभी दीपिका पादुकोण साउथ अफ्रीका के केप टाउन में शाहरुख खान के साथ अपनी आगामी फिल्म 'किंग' की शूटिंग कर रही हैं। इस फिल्म का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद कर रहे हैं। शूटिंग के दौरान की कई तस्वीरें और वीडियो लीक होकर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई हैं, जिसे फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। इन तस्वीरों में दीपिका और शाहरुख दोनों हाथ में हाथ डालकर एक गाने की शूटिंग करते दिख रहे हैं।



## बच्चों की परवरिश मिलकर करेंगे

**नई दिल्ली।** 'ये जवानी है दीवानी' फेम एक्ट्रेस एवलिन शर्मा के चाहने वालों के लिए एक दुखभरी खबर है। जर्मनी में पैदा हुई एक्ट्रेस ने शादी के 5 साल बाद पति से अलग होने लेने का फैसला किया है। 39 साल की एवलिन दो बच्चों की मां भी हैं। एक्ट्रेस ने साल 2021 में डेंटल सर्जन और एंटरप्रेन्योर तुषान भिंडी से शादी की थी। एक-दूसरे का सम्मान करते हुए दोनों ने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया है। जबकि आगे वह साथ मिलकर अपने बच्चों की परवरिश करेंगे। रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण की फिल्म 'ये जवानी है दीवानी' में लारा के रोल में सुर्खियां बटोरने वाली एवलिन ने पति से अलग होने की पुष्टि की है। हम अलग हो रहे हैं, लेकिन अपने बच्चों की मिलकर परवरिश करने पर पूरी तरह से ध्यान दे रहे हैं। यह अलगाव जितना हो सके, उतना सौहार्दपूर्ण है।

## टीवी मसाला




## पलक-राशि की सीरीज लुक्खे का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** पलक तिवारी और राशि खन्ना की नई सीरीज 'लुक्खे' का ट्रेलर रिलीज होते ही छा गया है। सीरीज में शिवांकित सिंह परिहार भी हैं, जो टीवीएफ की कई सीरीज का हिस्सा रह चुके हैं। श्वेता तिवारी की बेटी और एक्ट्रेस पलक तिवारी पिछली बार सलमान खान स्टारर 'किसी का भाई किसी की जान' में नजर आई थीं, और अब उनकी सीरीज 'लुक्खे' आ रही है। हाल ही इसका ट्रेलर रिलीज किया गया, जो दमदार है। सीरीज में रैपर-सॉन्गराइटर किंग के अलावा राशि खन्ना,लक्ष्वीर सरन, शिवांकित सिंह परिहार और नकुल रोशन सहदेव जैसे कलाकार भी हैं। ट्रेलर काफी ग्रिपिंग है और फैंस के बीच चर्चा बटोर रहा है। इस सीरीज के जरिए पलक तिवारी ओटीटी की दुनिया में कदम रख रही हैं। सीरीज 'लुक्खे' के ट्रेलर की शुरुआत एक आवाज से होती है- म्यूजिक से फेम मिलेगा, ड्रग्स से पैसा और पावर, फिर देखना ये सिस्टम भी हमें टच नहीं कर पाएगा। जिसका नाम है, वो ही बदनाम है, और जो बदनाम है, आज उसी का नाम होगा।...फिर एंट्री होती है रैपर किंग की...इसके बाद पंजाब के अंडरग्राउंड रैप की दुनिया, जुर्म और दो रैपर्स के बीच तगड़ी रायवलरी दिखाई जाती है, जो धीरे-धीरे एक हिंसक प्रतिशोध में बदल जाती है। 'लुक्खे' की कहानी लक्ष्वीर सिंह सरन नाम के एक युवा खिलाड़ी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो ड्रग सिंडिकेट का पर्दाफाश करने के मकसद से पंजाब के खतरनाक अंडरग्राउंड रैप की दुनिया में एंट्री करता है।

### फलक ने वीडियो डिलीट कर दी सफाई

**नई दिल्ली।** हाल ही 'आशिकी' स्टार राहुल रॉय ने एक कंटेंट क्रिएटर के साथ कुछ रील्स बनाई थीं, जिनके कारण उनका खूब मजाक उड़ाया गया। लोग इसे उनका 'डाउनफॉल' बताने लगे थे। टीवी एक्ट्रेस फलक नाज ने भी राहुल रॉय का मजाक



उड़ाया था और एक्टर की रील अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की थी। हालांकि, बाद में फलक ने वह रील डिलीट कर दी और अब राहुल रॉय का मजाक उड़ाने पर सफाई दी है। साथ ही एक्ट्रेस ने इंडस्ट्री के लोगों से राहुल रॉय का काम देने की अपील की। फलक नाज ने इस बात पर शर्मिंदगी जाहिर की कि उन्होंने राहुल रॉय की स्थिति और मजबूरी जाने बिना उनका मजाक उड़ाया। फलक ने कहा कि ऐसा कल को किसी के भी साथ हो सकता है, इसलिए उन्हें स्थिति समझ आई तो तुरंत वीडियो डिलीट कर दिया। फलक ने अब इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर कर सफाई दी है। फलक नाज ने वीडियो में कहा, 'कल मैंने एक वीडियो बनाई थी, एक रील मैंने डाली थी, जिसमें राहुल रॉय सर थे। मुझे पहले वीडियो देखकर लगा कि उन्होंने अपनी मर्जी से ऐसा किया है। लेकिन, शाम होते-होते मुझे पता चला कि वो जिंदगी में बहुत सी चीजों से जूझ रहे हैं। उनके फाइनेंशियल क्राइसिस चल रहे हैं। उन्हें हेल्थ इशूज चल रहे हैं।

## करीना ने शेयर की वेकेशन की तस्वीरें तैमूर और जेह की दिखी प्यारी झलक



**मुंबई।** करीना कपूर खान ने अपने वेकेशन के दौरान की शानदार तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में तैमूर और जेह की प्यारी झलक देखकर फैंस बेहद खुश हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दायरा' को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच करीना ने अपने दोनों बेटों तैमूर अली खान और जेह अली खान के साथ परिवार की खुशी के पल साझा किए हैं। करीना ने अपने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर पोस्ट की और लिखा 'पुराने जमाने की सुबह। दूसरी स्टोरी में उन्होंने लिखा 'गुड मॉर्निंग'। पहली तस्वीर में एक सुंदर गलियारा दिख रहा है, जिसमें सफेद खंभे, पुरानी स्टाइल की कुर्सियां नजर आ रही हैं। यह देखने में बहुत शानदार और राजसी लग रहा है। दूसरी तस्वीर में तैमूर और जेह खुले आंगन में एक साथ खड़े होकर सुबह का मजा ले रहे हैं। करीना कपूर और सैफ अली खान ने 16 अक्तूबर 2012 को मुंबई में एक निजी समारोह में शादी की थी। 5 साल तक डेटिंग और लिव-इन रिलेशनशिप में रहने के बाद, इस कपल ने शादी का फैसला किया। करीना और सैफ के दो बेटे हैं- तैमूर और जहांगीर। बड़े बेटे तैमूर अली खान का जन्म दिसंबर 2016 में हुआ था। छोटा बेटे जहांगीर अली खान (जेह) का जन्म फरवरी 2021 में हुआ था। करीना कपूर खान अब फिल्म 'दायरा' में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ और पृथ्वीराज सुकुमारन की मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।

## 3 फिल्मों के बीच होगा महा क्लैश

**नई दिल्ली।** साल 2026 का पहले क्वार्टर का सफर समाप्त हो गया है और अप्रैल से दूसरे क्वार्टर का दौर शुरू हो गया है, जो अप्रैल से लेकर जून तक चलेगा। जल्द ही अप्रैल समाप्त होगा और मई-जून आएगा। साल के सेकेंड क्वार्टर का फैंस बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। क्योंकि, जून 2026 में कई शानदार फिल्में रिलीज की जानी है। इस मामले में तीन मूवीज ऐसी हैं, जिनके बीच बॉक्स ऑफिस पर भिड़ंत देखने को मिलेगी।

### पेड्डी

इस लिस्ट में पहला नाम साउथ सुपरस्टार राम चरण चरण की मोस्ट अवेटेड मूवी पेड्डी का शामिल हो रहा है। एक्शन और स्पोर्ट्स ड्रामा थ्रिलर के तौर पर हर कोई पेड्डी की रिलीज का इंतजार कर रहा है। पहले ये फिल्म 30 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी, लेकिन हाल ही में इसकी रिलीज डेट में बदलाव किया गया है और अब राम चरण की ये मूवी 25 जून को सिनेमाघरों में एंट्री मारेगी।

### जून में दिखेगा बॉलीवुड और साउथ का संग्राम




### वेलकम टू द जंगल

करीब 3 साल से अक्षय कुमार स्टारर कॉमेडी फिल्म वेलकम टू द जंगल रिलीज की राह देख रही है। मल्टी स्टारर इस मूवी का डायरेक्शन अहमद खान ने किया है। गौर करें वेलकम टू द जंगल की रिलीज डेट की तरफ तो इसे 26 जून को दुनियाभर के थिएटर्स में प्रदर्शित किया जाएगा। अक्षय के अलावा इस मूवी में सुनील शेट्टी, परेश रावल, संजय दत्त, रवीना टंडन, जैकलीन फर्नांडिस, दिशा पाटनी और श्रेयस तलपडे जैसे कई कलाकार नजर आने वाले हैं।

### लेनिन

किस्मत जैसी शानदार साउथ मूवी से फैंस का दिल जीतने वाले अभिनेता अखिल अक्कीनेनी को भला कौन भूल सकता है। अखिल की अगली फिल्म का नाम लेनिन है, जिसकी रिलीज डेट की घोषणा कुछ समय पहले ही की गई है। 26 जून को एक्शन थ्रिलर लेनिन बड़े पर्दे पर दस्तक देगी। इस तरह से पेड्डी, वेलकम टू द जंगल और लेनिन जून के अंतिम दिनों बॉक्स ऑफिस पर आपस में टकराती हुई नजर आएंगी। ऐसे में ये देखना बड़ा ही दिलचस्प होगा कि इनमें से कौन सी मूवी कमाई के मामले में अव्वल निकलेगी।

## इस वीकएंड जमेगा खूब रंग, घर बैठे होगा भरपूर मनोरंजन

# ओटीटी पर देखने को मिलेंगी ये मजेदार सीरीज और फिल्में

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

शुक्रवार 01 मई को हिंदी और साउथ की कई चर्चित फिल्मों ने दस्तक दी है। सिनेमाघर जाने का भरपूर मौका है। मगर, वीकएंड पर घर बैठे कुछ देखने का मन है, तो यहां भी पिटारे में बहुत कुछ है। सिनेमाघरों में धुरंधर 2 और भूत बंगला के बाद शुक्रवार को कई और फिल्में लग गई हैं। जुनैद खान और साई पल्लवी की 'एक दिन' है, तो कारा, केडी, राजा शिवाजी और पैट्रियट जैसी फिल्मों के भी विकल्प हैं। इसी के साथ घर बैठे भी इस बार आपका भरपूर मनोरंजन होगा। कई चर्चित फिल्मों और सीरीज ने ओटीटी पर दस्तक दी है।

### द केरल स्टोरी 2

सिनेमाघरों के बाद फिल्म द केरल स्टोरी 2 भी अब ओटीटी पर आ चुकी है। शुक्रवार 01 मई से यह ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर स्ट्रीम हो रही है। इसमें उल्का गुप्ता, अदिति भाटिया और ऐश्वर्या ओझा जैसे सितारे हैं। बता दें कि फिल्म का पहला पार्ट काफी हिट रहा था, जिसमें अदा शर्मा ने लीड भूमिका निभाई थी।

### बैचमेट्स

यह एक तेलुगु वेब सीरीज है, जो इंजीनियरिंग के चार छात्रों पर आधारित है। इसमें कॉलेज लाइफ, रैगिंग के अलावा छात्र जीवन के कई अन्य पहलुओं को दिखाया जाएगा। इसे 30 अप्रैल को यह जियोहॉटस्टार पर रिलीज हुई।




### अनदेखी सीजन 4, आडु 3

*सीरीज अनदेखी सीजन 4 शुक्रवार 01 मई को सोनी लिव पर रिलीज हुई है। इसमें हर्ष छाया और सूर्य शर्मा लीड रोल में हैं। यह क्राइम थ्रिलर सीरीज है। इसके अलावा आडु 3 भी है, जो कि एक मलयालम भाषा की फिल्म है। इसमें जयसूर्या, विजय बाबू और सनी वेन हैं। यह कॉमेडी फैंटेसी फिल्म है।*

### माय डियरेस्ट सेनोरीटा

*यह एक स्पेनिश फिल्म है। यह 17 अप्रैल को स्पेन में रिलीज हुई। अब इसे दर्शक ओटीटी पर भी देख सकते हैं। इसका निर्देशन फर्नांडो जी. मोलिना ने किया है। यह फिल्म 1972 में इसी नाम से बनी फिल्म पर आधारित है। फिल्म कहानी एक पारंपरिक रुढ़िवादी परिवार में जन्मी इकलौती संतान एडेला पर आधारित है। शुक्रवार 01 मई को यह नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई है।*

### ग्लोरी

अगर आपको स्पोर्ट्स पर आधारित कंटेंट पसंद है तो इस वेब सीरीज को वीकएंड पर देख सकते हैं। इसमें पुलकित सम्राट, दिव्येंदु, सुविंदर विक्की, जन्नत जुबैर, सयानी गुप्ता और आशुतोष राणा अहम भूमिकाओं में हैं। सीरीज आज 1 मई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। यह क्राइम ड्रामा सीरीज बॉक्सिंग की पृष्ठभूमि पर आधारित है। इसका निर्देशन करण अंशुमन और कनिष्क वर्मा ने किया है।

### स्वैप्ड

यह एक अमेरिकी एनिमेटिड कॉमेडी फिल्म है। वीकएंड पर अगर बच्चों के साथ कुछ बढ़िया देखने का मन है तो इस फिल्म को अपनी लिस्ट में जोड़ सकते हैं। इसका निर्देशन नाथन ग्रेनो ने किया है। स्काईडांस एनिमेशन द्वारा निर्मित इस फिल्म में माइकल बी जॉर्डन, जूनो टेम्पल, ट्रेसी मॉर्गन, सेड्रिक द एंटरटेनर और जस्टिना मचाडो ने अपनी आवाजें दी हैं। यह शुक्रवार को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है।

### राकासा

हॉरर के शौकीन इस फिल्म को देख सकते हैं। संगीत शोभन और नयन सारिका अभिनीत तेलुगु फिल्म राकासा 03 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई और खूब तारीफ बटोरीं। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छा प्रदर्शन किया। इसका निर्देशन मानसा शर्मा ने किया। अब यह 1 मई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। फिल्म तमिल, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में उपलब्ध है।

## खबर संक्षेप

### मतगणनाः मप्र के चार आईएएस की लगी ड्यूटी

**भोपाल।** चार राज्यों में होने जा रहे विधानसभा चुनावों के दौरान मतगणना के लिए प्रदेश के चार आईएएस अधिकारियों को पर्यवेक्षक बनाया गया है। ये सभी शुक्रवार को विभिन्न राज्यों के लिए रवाना होंगे। 2012 बैच के आईएएस वाणिज्य कर विभाग के अपर सचिव राजेश अग्रवाल को पश्चिम बंगाल में चुनाव पर्यवेक्षक बनाया गया है। 2014 बैच के आईएएस मध्यप्रदेश पाठ्यपुस्तक निगम के महाप्रबंधक विनय निगम को तमिलनाडु में मतगणना प्रेक्षक बनाया गया है। इसी तरह खनिज विभाग की अपर सचिव भारती अरोड़ा को पांडिचेरी और राजस्व विभाग के अपर सचिव चंद्रशेखर शुक्ला को भी मतगणना प्रेक्षक बनाया गया है।

### स्कूल शिक्षा विभाग में 50% पद संविदा अफसर को

**भोपाल।** राज्य सरकार ने मध्यप्रदेश राज्य एवं अधीनस्थ शिक्षा सेवा (शाला भर्ती तथा पदोन्नति) नियमों में दस साल बाद बदलाव किया है। सीधी भर्ती के पचास फीसदी नियमित पदों पर अब संविदा अधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी। सीधी भर्ती के नियमित पदों के समकक्ष संविदा पदों पर पांच वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले संविदा अधिकारियों की कुल संख्या के पचास प्रतिशत पद अथवा विभाग में सीधी भर्ती के रिक्त पदों के पचास प्रतिशत तक के पद, जो भी कम हो, संविदा अधिकारियों की नियुक्ति के लिए आरक्षित रखे जाएंगे।

### मंत्री कृष्णा ने किया कार्यकर्ताओं से संवाद

**भोपाल।** मप्र शासन की मंत्री कृष्णा गौर ने गुरूवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद किया। मंत्री गौर ने कार्यकर्ताओं एवं आमजनों से संवाद कर उनकी जनसमस्याओं का त्वरित समाधान किया। जिन समस्याओं का तत्काल समाधान नहीं किया जा सका, उन्हें संबंधित विभागों को निराकरण के लिए भेजा गया है।

### अध्यक्ष रामलाल रौतेल ने पदभार ग्रहण किया

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल की उपस्थिति में गुरुवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में अनुसूचित जनजाति आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष रामलाल रौतेल एवं आयोग के सदस्य भगत नेताम, मंगल सिंह धुर्वे ने मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं के साथ महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया।

### असम से सरमा की विदाई तयः शर्मा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व कानून मंत्री पीसी शर्मा ने पांच राज्यों के चुनावी रुझानों और एग्जिट पोल पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने भाजपा पर चुनावों में धांधली और राजनीतिक षड्यंत्र रचने के आरोप लगाए हैं। शर्मा का दावा है कि पश्चिम बंगाल में ईवीएम को 'सेट' किया गया है और असम में चुनाव परिणामों के बाद मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की विदाई तय है। पीसी शर्मा ने एग्जिट पोल को पूरी तरह से 'प्रायोजित' करार देते हुए कहा कि यह सब एक नैरेटिव सेट करने की कोशिश है। बंगाल में भाजपा की सरकार बनाने के लिए पूरी जोड़-तोड़ की गई है। वहां ईवीएम सेट है।

## गिरोह ने ग्वालियर, मुरैना, रतलाम समेत प्रदेश के कई जिलों में करीब ढाई करोड़ रुपए ठगे

# प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में फर्जी मौत का 'खेल' 2.5 करोड़ की बीमा ठगी, सीआईडी ने दर्ज की दो एफआईआर

**■ फर्जी नामों से सैकड़ों बैंक खाते खुलवाए ■ खातों के जरिए योजना अंतर्गत बड़ी संख्या में बीमा पॉलिसियां ली**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




मध्य प्रदेश में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्रों के जरिए करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी का बड़ा मामला सामने आया है। अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी), पुलिस मुख्यालय भोपाल ने इस संगठित ठगी के मामले में दो एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सीआईडी सूत्रों के अनुसार, एक संगठित अपराधी गिरोह ने ग्वालियर, मुरैना, रतलाम समेत प्रदेश के कई जिलों में करीब ढाई करोड़ रुपए की बीमा ठगी को अंजाम दिया। गिरोह ने फर्जी नामों से सैकड़ों बैंक खाते खुलवाए और इन्हीं खातों के जरिए योजना के अंतर्गत बड़ी संख्या में बीमा पॉलिसियां लीं। जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने एक ही परिवार के कई सदस्यों का बीमा कराया, यहां तक कि एक ही व्यक्ति के नाम-पते से अलग-अलग बीमा कंपनियों में पॉलिसियां ली गईं। कई खातों में एक ही मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी का उपयोग किया गया, जिससे क्लेम की राशि प्राप्त की जा सके।

### दूसरे राज्यों में खाते में रकम कराई ट्रांसफर

गिरोह की कार्यप्रणाली भी बेहद संगठित पाई गई। ग्वालियर और मुरैना में खाते खुलवाने के बाद ठगी की रकम रतलाम, राजस्थान के सवाई माधोपुर और गंगानगर जैसे दूरस्थ क्षेत्रों के एटीएम से निकाली गई या म्यूल खातों में ट्रांसफर कर दी गई। इसी तरह रतलाम में खुले खातों से ग्वालियर-मुरैना क्षेत्र में निकासी की गई। संदिग्ध खातों को फिलहाल फ्रीज कर दिया गया है। जांच में यह भी सामने आया कि कई मामलों में बीमित व्यक्ति का पता एक स्थान का था, जबकि मृत्यु किसी अन्य शहर में दर्शाई गई और वहीं से फर्जी प्रमाण पत्र जारी कराए गए। कई मामलों में एक ही परिवार के दो-तीन सदस्यों की मौत कुछ ही दिनों के अंतराल में प्राकृतिक बताकर क्लेम लिया गया। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना केंद्र सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजना है, जिसके तहत 18 से 50 वर्ष आयु वर्ग के लोगों को मात्र 436 रुपए वार्षिक प्रीमियम पर 2 लाख रुपए का जीवन बीमा कवर मिलता है। इस मामले में दो अलग-अलग अपराध दर्ज कर विस्तृत जांच शुरू कर दी है और इस संगठित गिरोह के अन्य सदस्यों व नेटवर्क की पड़ताल की जा रही है।

### कई मामलों में जीवित व्यक्ति को मृत्य घोषित किया

चौंकाने वाली बात यह है कि कई मामलों में जिन लोगों का बीमा किया गया, उन्हें खुद इसकी जानकारी तक नहीं थी। बीमा कराने के कुछ ही समय बाद उन व्यक्तियों को मृत दिखाकर नगरीय निकायों से फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाए गए और बीमा कंपनियों से क्लेम हासिल कर लिया गया।

## किसानों के हित में समर्पित होकर कार्य करें कृषि कर्मयोगी : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

# मध्य प्रदेश के किसानों के लिए टोल फ्री 155253 सीएम किसान हेल्पलाइन शुरू



कार्यशाला में संबोधित करते मुख्यमंत्री डॉ. यादव।



कार्यशाला में उपस्थित कृषि कर्मयोगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

किसानों की सेवा के लिए सीएम किसान हेल्पलाइन प्रारंभ की गई है। किसान भाई टोल फ्री नम्बर 155253 के माध्यम से इस नवाचारी पहल का लाभ ले सकेंगे। इस हेल्पलाइन से किसानों को त्वरित मार्गदर्शन और सहायता उपलब्ध होगी।

यह बात गुरूवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राजधानी स्थित रवींद्र भवन में सीएम किसान हेल्पलाइन का शुभारंभ करते हुए कही। रवींद्र भवन में कृषक कल्याण वर्ष में किसानों के सशक्तिकरण और उनकी आय वृद्धि के उद्देश्य से कृषि कर्मयोगी उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सूचना प्रौद्योगिकी आधारित प्रणालियों की शुरूआत की गई, जिनमें मुख्यमंत्री किसान कल्याण डैशबोर्ड, पैक्स समितियों में सदस्यता वृद्धि महाअभियान और सीएम किसान हेल्पलाइन शामिल हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हेल्पलाइन से जुड़कर कृषि संबंधी जानकारी प्राप्त की और इसकी उपयोगिता का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उन्मुखीकरण कार्यशाला में उपस्थित सभी कृषि कर्मयोगियों से किसान हितैषी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए समर्पण भाव से कार्य करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों के लिए कार्य करते हुए नए प्रयोगों के साथ अपने मन के नए अंकुरण और कोमलता को जीवंत रखने की आवश्यकता है।

### हर जिले में कृषि मेले आयोजित किए जा रहेः मंत्री कंषाना

*कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कहा कि हर जिले में कृषि मेले आयोजित किये जा रहे हैं। इस कार्यशाला के माध्यम से कृषि कर्मयोगियों के साथ मंथन हो रहा है। राज्य में किसान हितैषी सरकार है, मुख्यमंत्री डॉ. यादव किसानों की परेशानियों के लिए चिंतित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गेहूं उपार्जन केंद्रों का औचक निरीक्षण किया है। सचिव कृषि निशांत वरवड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसेवकों को कर्मयोगी की संज्ञा दी है। कृषक कल्याण वर्ष में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मार्गदर्शन से आज सभी 55 जिले, विकासखंड, क्लस्टर लेवल और ग्राम पंचायतों से कृषि से जुड़े 16 विभागों के 1627 चुनिंदा अधिकारियों और कर्मचारियों को कर्मयोगी उन्मुखीकरण कार्यशाला में आमंत्रित किया है। कृषि कर्मयोगी उन्मुखीकरण कार्यशाला में अलग-अलग सत्र आयोजित किए जा रहे हैं।*

### यह एक समग्र पहल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में कृषक कल्याण वर्ष के दौरान सोलह विभाग समन्वित रूप से किसानों के हित में कार्य कर रहे हैं। यह एक समग्र पहल है, जिसमें कृषि, उद्यानिकी, सहकारिता, पशुपालन, मत्स्य पालन सहित अन्य विभागों को जोड़कर किसानों के विकास के लिए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कृषि कर्मयोगी उन्मुखीकरण कार्यशाला से प्रदेश में कार्यरत अधिकारी और कर्मचारी किसानों के समर्पण भाव के साथ नई तकनीकों और नवाचारों को अपनाते हुए कार्य करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में किसानों की समृद्धि के लिए राज्य सरकार ने वर्ष 2026 कृषक कल्याण के लिए समर्पित किया है।

## भारतीय समय गणना को मिलेगा वैश्विक पहचान

# राम मंदिर समेत सभी ज्योतिर्लिंगों में लगाई जाएगी 'वैदिक घड़ी'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा है कि अयोध्या के राम मंदिर सहित देश के सभी प्रमुख ज्योतिर्लिंगों में जल्द ही 'वैदिक घड़ी' स्थापित की जाएगी।

इस संबंध में उन्होंने सोशल मीडिया पर जानकारी साझा की। सीएम ने बताया कि भारतीय काल गणना पर आधारित यह वैदिक घड़ी सनातन संस्कृति की चेतना, ज्ञान और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का प्रतीक है।

उज्जैन में स्थापित विक्रमादित्य वैदिक घड़ी इसका प्रमुख उदाहरण है, जिसका लोकार्पण नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष 2024 में किया गया था। यह घड़ी सूर्य आधारित प्रणाली पर संचालित होती है और इसमें वैदिक काल गणना के विभिन्न घटकों को शामिल किया गया है। इसे भारतीय परंपरा और आधुनिक तकनीक के समन्वय का अनूठा नमूना माना जा रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि काशी के बाबा विश्वनाथ धाम में इसकी स्थापना के बाद अब इसे देशभर के धार्मिक स्थलों तक विस्तार दिया जाएगा। इस पहल से श्रद्धालुओं को भारतीय समय गणना प्रणाली से जोड़ने और सांस्कृतिक विरासत को सशक्त करने का प्रयास किया जाएगा।

## सीएम ने अपर मुख्य सचिव शुक्ला के पिता को अर्पित की श्रद्धांजलि



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार शाम अपर मुख्य सचिव शिवशेखर शुक्ला के भोपाल स्थित निवास पहुंचे। इस दौरान सीएम ने शुक्ला के पिताजी शिवसदन शुक्ला के देवलोकगमन पर संवेदनाएं व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके साथ ही उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की है कि दिवंगत को श्रीचरणों में स्थान तथा शोकाकुल परिवारजनों को दुःख सहने का संबल प्रदान करें।

## पीएचक्यू के सख्त निर्देश

# वन कर्मियों पर बिना अनुमति न एफआईआर होगी, न गिरफ्तारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में वन संपदा की सुरक्षा में जुटे मैदानी अमले को बड़ी राहत मिली है। पुलिस मुख्यालय ने स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि ड्यूटी के दौरान वन रक्षकों, वनपालों और उप वनक्षेत्रपालों के खिलाफ बिना राज्य शासन की पूर्व अनुमति के न तो एफआईआर दर्ज की जाएगी, न गिरफ्तारी की कार्रवाई होगी।

नए निर्देशों के अनुसार, किसी भी कार्रवाई से पहले सक्षम स्तर से लिखित अनुमति अनिवार्य होगी। यह व्यवस्था 28 मई 2004 की अधिसूचना के प्रावधानों को फिर से सख्ती से लागू करते हुए स्पष्ट की गई है। दरअसल, चंबल अभयारण्य में अवैध रेत उत्खनन और वन्य जीव संरक्षण से जुड़े मामलों पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्वतः संज्ञान लेने के बाद यह कदम उठाया गया है।

### कार्रवाई से पहले ठोस आधार होना जरूरी

सीआईडी के विशेष महानिदेशक द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि वन कर्मियों के खिलाफ किसी भी गंभीर मामले में कार्रवाई से पहले ठोस आधार होना जरूरी है। निर्देशों में यह भी कहा गया है कि ड्यूटी के दौरान आत्मरक्षा में वन कर्मी शस्त्रों का उपयोग कर सकते हैं। ऐसी स्थिति में सीधे मामला दर्ज करने के बजाय पहले मजिस्ट्रियल जांच कराई जाएगी, जिससे यह तय हो सके कि बल प्रयोग आवश्यक था या नहीं। पीएचक्यू ने पुलिस इकाइयों को यह भी हिदायत दी है कि वन अमले से जुड़े मामलों में सामान्य प्रक्रिया से हटकर संवेदनशीलता और विधिक प्रावधानों का पूरी तरह पालन किया जाए।

## मुख्यमंत्री ने पंजाब में सतगुरु ब्रह्मानंद महाराज के निर्वाण दिवस मनाया

# हरियाणा-पंजाब का आत्मीय रिश्ता अटूट

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भौगोलिक रूप से हरियाणा और पंजाब अलग-अलग राज्य हो सकते हैं, लेकिन दोनों की आत्मा, संस्कृति, खान-पान और परंपराएं एक हैं, जो संत-महापुरुषों की देन हैं। वह पंजाब के पोजेवाल में संत ब्रह्मानंद महाराज भूरीवाले के 24वें निर्वाण दिवस समागम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने बेटियों की शिक्षा के लिए संस्थान को 11 लाख रुपये देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि संतों के लिए कोई सीमाएं नहीं होतीं, वे संपूर्ण मानवता के लिए होते हैं और 'वसुधैव कुटुंबकम्' का संदेश देते हैं। उन्होंने बताया कि ब्रह्मानंद महाराज के अनुयायी हरियाणा में भी बड़ी संख्या में हैं और उनकी शिक्षाओं को दोनों राज्यों में समान सम्मान प्राप्त है।



### संतों के दिखाए मार्ग पर चल रही हरियाणा सरकार : नायब

उन्होंने दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय सिद्धांत का उल्लेख करते हुए कहा कि अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना ही सरकार का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री ने बताया कि महाराज की प्रेरणा से क्षेत्र में लड़कियों के चार कॉलेज और तीन स्कूल संचालित हो रहे हैं। इसी तर्ज पर हरियाणा सरकार ने हर 20 किलोमीटर के दायरे में कॉलेज खोलने का प्रयास किया है, जिससे बेटियों को घर के पास शिक्षा मिल सके। उन्होंने कहा कि ब्रह्मानंद महाराज ने सिखाया कि ईश्वर की प्राप्ति सेवा और मन की पवित्रता में है। नशामुक्ति और स्वस्थ जीवन के उनके संदेश आज भी प्रासंगिक हैं।

### झोलाछाप इलाज के नाम पर मरीज की मौत

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में अंधविश्वास और झोलाछाप इलाज के नाम पर महिला की मौत के मामले में कोर्ट ने बड़ा और कड़ा फैसला सुनाया है। इस मामले में आरोपी ईश्वरी साहू को हत्या के आरोप में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। इसके साथ ही कोर्ट ने धर्म स्वतंत्रता अधिनियम और टोनही प्रताड़ना से जुड़े मामलों में भी अलग-अलग सजा दी है। रायपुर कोर्ट ने यह सजा सुनाई है। मामला उस समय सामने आया था जब योगिता सोनवानी नाम की महिला को बीमारी के इलाज के लिए आरोपी ईश्वरी साहू के पास ले जाया गया था। आरोपी खुद को चमत्कारी शक्तियों से युक्त बताकर इलाज करने का दावा करती थी। उसने योगिता का इलाज कथित तौर पर चमत्कारी तेल और गर्म पानी से किया।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उदघोषणा**

धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **पवन@गंजा**, पुत्र रोहित, **निवासी** ई–294, जहाँगीरपुरी, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 325/22 धारा 25/54/59 आर्म्स एक्ट, पुलिस थाना जहाँगीरपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **पवन@गंजा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **पवन@गंजा** फरार हो गया हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती हैं कि केस **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 325/22 धारा 25/54/59 आर्म्स एक्ट, पुलिस थाना जहाँगीरपुरी, दिल्ली** के अभियुक्त **पवन@गंजा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.06.2026** को या उससे पहले हाजिर हों।

**आदेशानुसार**
**सुश्री ज्योति नैन**
**एनएमएफसी–07,**
**उत्तरी जिला, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/5747/NW/2026(Court Matter)**

## आरोपियों ने मामले को जगदलपुर स्थानांतरित करने की मांग की थी

# पत्रकार मुकेश चंद्राकर हत्याकांडः मुख्य आरोपी की याचिका खारिज, दंतेवाड़ा में ही चलेगा ट्रायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



बीजापुर के पत्रकार मुकेश चंद्राकर हत्याकांड में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा की खंडपीठ ने मुख्य आरोपित सुरेश चंद्राकर सहित अन्य आरोपितों की आपराधिक स्थानांतरण याचिका को खारिज कर दिया है। इसके साथ ही स्पष्ट हो गया है कि मामले का ट्रायल दंतेवाड़ा की जिला एवं सत्र अदालत में ही जारी रहेगा। आरोपी सुरेश चंद्राकर, रितेश चंद्राकर, दिनेश चंद्राकर और महेंद्र रामटेके ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर मामले को दंतेवाड़ा से जगदलपुर स्थानांतरित करने की मांग की थी।

### पेशी में कोई सुरक्षा या लाजिस्टिक दिक्कत नहीं

आरोपियों के वकील ने दलील दी कि जगदलपुर जेल से दंतेवाड़ा कोर्ट तक लगभग 80 किलोमीटर के रास्ते में उनकी जान को खतरा है। इसी आधार पर ट्रायल स्थान बदलने की मांग की गई। सुनवाई के दौरान जेल प्रशासन ने आरोपियों के तर्कों को खारिज करते हुए अदालत को बताया कि पेशी में कोई सुरक्षा या लाजिस्टिक दिक्कत नहीं है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेशी की व्यवस्था उपलब्ध है। आवश्यकता होने पर आरोपियों को दंतेवाड़ा जेल शिफ्ट किया जा सकता है। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने याचिका को निराधार मानते हुए खारिज कर दिया। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि सुरक्षा का हवाला देकर ट्रायल की प्रक्रिया और स्थान को प्रभावित नहीं किया जा सकता। अब इस मामले में सभी आरोपियों को 4 मई को दंतेवाड़ा जिला एवं सत्र न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### ठेकेदार के घर में मिला था शव

स्वतंत्र पत्रकार और 'बस्तर जंक्शन' यूट्यूब चैनल के संचालक मुकेश चंद्राकर की एक जनवरी 2025 को निर्ममता से हत्या कर दी गई थी। उनका शव पत्रकार मुकेश के ही चचेरे भाई ठेकेदार सुरेश चंद्राकर के घर के सेप्टिक टैंक से बरामद हुआ था। आरोप है कि मुकेश ने सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं का खुलासा किया था, जिसके चलते रंजिश में इस हत्या को अंजाम दिया गया। हत्या का मास्टरमाइंड ठेकेदार सुरेश चंद्राकर था, जिसने षडयंत्र रचाकर अपने अन्य भाइयों और सहयोगी के साथ मिलकर उसकी हत्या की थी। इसके बाद पुलिस को गुमराह करने उसका शव चट्टानपारा स्थित बाड़े में सेप्टिक टैंक में डालकर उसे चुनवा दिया था, पर मुकेश के सहयोगी पत्रकार साथियों ने उसका शव ढूंढ निकाला। बाद में पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त हथियार भी बरामद किए थे।

### मंत्रालय में नौकरी दिलाने के नाम पर 2.70 लाख रुपए की युवक से ठगी

**भिलाई।** नेवई थाना अंतर्गत रिसाली निवासी एक सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मचारी के साथ नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है।

#### रुपए लेकर नौकरी नहीं लगवाई

इस प्रकार आरोपी ने कुल 2.70 लाख रुपए लेकर नौकरी नहीं लगवाई और बाद में अपना मोबाइल नंबर भी बंद कर दिया। प्रार्थी ने आरोपी का फोटो भी अपने मोबाइल में सुरक्षित रखा है, जिसे आवेदन के साथ पुलिस को सौंपा गया है। मामले में पुलिस ने धारा 318(4) व 319 के तहत तथाकथित राहुल कुमार वर्मा के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 84 BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **हितेश पुत्र चंद्रपाल निवासी जी. 5 नंबर. शुक्र बाजार रोड, भजनपुरा, दिल्ली** ने **FIR No. 539/2019 U/S 356/379/411/34 IPC, अन्तर्गत थाना नंद नगरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **हितेश** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **हितेश** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आप को छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 539/2019 U/S 356/379/411/34 IPC, अन्तर्गत थाना नंद नगरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **हितेश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.06.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**सुश्री दीपाक्षी राणा**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03**
**कक्ष संख्या 19, प्रथम तल, शाहदरा जिला**
**कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली**

**DP/5583/NE/2026(Court Matter)**

## चिंतन

# अर्थव्यवस्था की मजबूती का संकेत जीएसटी संग्रह

नए वित्त वर्ष के पहले ही महीने अप्रैल में 2.42 लाख करोड़ रुपये का वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह न केवल एक सांख्यिक उपलब्धि है, बल्कि यह देश की आर्थिक मजबूती और कर प्रणाली की परिपक्वता का भी संकेतक है। पिछले वर्ष अप्रैल की तुलना में 8.7% की वृद्धि इस बात को रेखांकित करती है कि तमाम वैश्विक और घरेलू चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था अपनी गति बनाए हुए है। दरअसल, जीएसटी संग्रह को किसी भी अर्थव्यवस्था की नब्ज माना जाता है, क्योंकि यह सीधे तौर पर उपभोग, उत्पादन और व्यापारिक गतिविधियों से जुड़ा होता है। जब संग्रह बढ़ता है, तो इसका अर्थ है कि बाजार में मांग बनी हुई है, कारोबार चल रहा है और उपभोक्ता खर्च करने को तैयार हैं। अप्रैल 2026 के आंकड़े इसी सकारात्मक प्रवृत्ति की पुष्टि करते हैं। कर संग्रह केवल कागजी नहीं, बल्कि वास्तविक आर्थिक गतिविधियों से प्रेरित है। यह भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूत तस्वीर पेश करता है। इससे पहले सबसे ज्यादा कलेक्शन अप्रैल 2025 में 2.23 लाख करोड़ रुपये रहा था। बता दें कि सरकार द्वारा अक्टूबर में जीएसटी दरों में की गई कटौती ने उपभोक्ता को प्रोत्साहित किया है। आम उपभोक्ता को राहत मिलने से बाजार में मांग बढ़ी है, जिसका सीधा असर कर संग्रह पर पड़ा है। यह संतुलन एक ओर दरों में राहत और दूसरी ओर संग्रह में वृद्धि नीतिगत दक्षता को दर्शाता है, लेकिन तस्वीर का दूसरा पहलू भी उतना ही महत्वपूर्ण है। शुक्रवार से कमर्शियल गैस सिलेंडरों की कीमतों में बढ़ोतरी ने महंगाई के मोर्चे पर नई चिंता खड़ी कर दी है। इसका असर भी पहले ही दिन से दिखने लगा है। होटल, ढाबा और खानपान उद्योग के लिए गैस एक प्रमुख लागत है। इसकी कीमत बढ़ने से न केवल इन व्यवसायों की लागत बढ़ेगी, बल्कि इसका सीधा असर उपभोक्ताओं की जेब पर भी पड़ेगा। खोमचे, रेहड़ी-पटरी और छोटे विक्रेताओं के लिए यह और भी चुनौतीपूर्ण स्थिति है, क्योंकि उनके पास लागत को समायोजित करने के सीमित विकल्प होते हैं। शहरों में कामकाजी वर्ग, विशेषकर प्रवासी श्रमिक, अक्सर बाहर भोजन पर निर्भर रहते हैं। जब खाने की कीमतें बढ़ती हैं, तो इसका सीधा असर उनकी जीवन-यापन लागत पर पड़ता है। गैस कीमतों का बोझ उपभोक्ता को ही झेलना पड़ता है। इस प्रकार, जीएसटी संग्रह में वृद्धि जहां एक ओर आर्थिक मजबूती का संकेत है, वहीं दूसरी ओर महंगाई का दबाव इस मजबूती को चुनौती भी दे सकता है। एक और चिंता का विषय घरेलू और कमर्शियल गैस के बीच करीब ढाई गुणा मूल्य अंतर है। इससे घरेलू गैस के दुरुपयोग और कालाबाजारी की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे में सरकार के लिए जरूरी है कि वह मूल्य संतुलन और निगरानी दोनों पर ध्यान दे। दूसरी तरफ, खाड़ी देशों में बढ़े तनाव के कारण भी लगातार अर्थव्यवस्था के मंद होने की अटकलें लगाई जा रही थी, लेकिन इन सभी अवरोधकों से पार पाते हुए देश की आर्थिक सेहत पटरी पर है। मजबूत घरेलू उपभोक्ता आधार अर्थव्यवस्था को गति दे रहा है। कच्चे तेल और गैस की बढ़ती कीमतों ने महंगाई के मोर्चे चुनौती जरूर दी है, लेकिन सरकार ने तमाम वैकल्पिक उपाय कर इस चुनौती को मात दी और इसे कंट्रोल किया है। अब उम्मीद की जा सकती है कि सरकार इसका कुछ न कुछ समाधान जरूर निकालेगी और आम आदमी को राहत देगी और भविष्य अच्छा होगा। कुल मिलाकर हमें बेहतर की उम्मीद करनी चाहिए और आंकड़े भी यही बयां कर रहे हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत होकर उभरेगी।




मुद्दा
कांतिलाल मांडोत

# तेल कंपनियों का लाभ, उपभोक्ता पर बोझ

> तेल कंपनियों ने रोजाना औसतन 116 करोड़ रुपये का लाभ कमाया, जो पूरे वर्ष में करीब 1.37 लाख करोड़ रुपये के आसपास बैठता है। यह आंकड़ा न केवल चौंकाने वाला है, बल्कि यह भी संकेत देता है कि बाजार की जटिल परिस्थितियों के बावजूद कंपनियों की कमाई लगातार मजबूत बनी हुई है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव, भू-राजनीतिक तनाव और आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद कंपनियों ने अपने मार्जिन को बनाए रखा है। खास बात यह है कि जब वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ती हैं, तो कंपनियां कीमतें बढ़ाने की बात करती हैं, लेकिन जब कीमतें घटती हैं, तो उपभोक्ताओं को उसका पूरा लाभ नहीं मिल पाता।

भारत में पेट्रोलियम क्षेत्र एक बार फिर चर्चा के केंद्र में है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान देश की प्रमुख तेल कंपनियों ने जिस तरह से मुनाफा कमाया है, उसने आम जनता, विशेषज्ञों और नीति निर्माताओं के बीच नई बहस को जन्म दे दिया है। कॉमर्शियल सिलेंडर 1 मई से 994 रुपये तक महंगा हो गया है। 5 किलो वाले फ्री ट्रेड एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में भी 261 रुपये का इजाफा किया गया है। इस बढ़ोतरी के बाद अब 'छोटू' सिलेंडर की रिफिल कीमत 813.50 रुपये हो गई है। कॉमर्शियल सिलेंडर के दाम बढ़ने से रेस्टोरेंट मालिकों का खर्च बढ़ेगा। ऐसे में वे चाय, नाश्ते और थाली महंगी कर सकते हैं। शादियों की कैटरिंग भी महंगी हो सकती है। गैस बढ़ोतरी के बाद अब पेट्रोल-डीजल की बाते करें तो तेल कंपनियों ने रोजाना औसतन 116 करोड़ रुपये का लाभ कमाया, जो पूरे वर्ष में करीब 1.37 लाख करोड़ रुपये के आसपास बैठता है। यह आंकड़ा न केवल चौंकाने वाला है, बल्कि यह भी संकेत देता है कि बाजार की जटिल परिस्थितियों के बावजूद कंपनियों की कमाई लगातार मजबूत बनी हुई है।

पिछले तीन वर्षों से तेल कंपनियों का मुनाफा लगातार बढ़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव, भू-राजनीतिक तनाव और आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद कंपनियों ने अपने मार्जिन को बनाए रखा है। खास बात यह है कि जब वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ती हैं, तो कंपनियां कीमतें बढ़ाने की बात करती हैं, लेकिन जब कीमतें घटती हैं, तो उपभोक्ताओं को उसका पूरा लाभ नहीं मिल पाता। 2022-23 में रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद कच्चे तेल की कीमतें 125 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थीं। उस समय भी अधिकांश तेल कंपनियों ने भारी मुनाफा कमाया था। इसके बाद 2023-24 और 2024-25 में कीमतों में कुछ गिरावट आई, लेकिन कंपनियों के लाभ में कोई खास कमी नहीं आई। 2025-26 में भी यही ट्रेंड जारी रहा। केयर एज रेटिंग के अनुसार, तीसरी तिमाही में रिफाइनिंग मार्जिन प्रति बैरल लगभग 13 डॉलर तक पहुंच गया था, जो भारतीय मुद्रा में करीब 1,235 रुपये होता है। इसका सीधा असर कंपनियों की कमाई पर पड़ा। अगर पेट्रोल और डीजल के स्तर पर देखा जाए, तो कंपनियों को प्रति लीटर 7 से 6 रुपये तक का लाभ मिल रहा था। इससे पहले 2024-25 में यह मार्जिन 12 से 14 रुपये प्रति लीटर तक था। यह साफ दिखाता है कि कंपनियों ने लागत और बिक्री मूल्य के बीच एक ऐसा संतुलन बनाया है, जिससे उनका मुनाफा लगातार बढ़ता रहा। हालांकि, दूसरी ओर उपभोक्ताओं की स्थिति उतनी मजबूत नहीं रही। आम जनता को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में अपेक्षित राहत नहीं मिल पाई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतें घटने के बावजूद घरेलू स्तर पर कीमतों में सीमित कटौती ही देखने को मिली। इससे यह सवाल उठता है कि क्या तेल कंपनियों का मुनाफा उपभोक्ताओं की कीमत पर बढ़ रहा है। 2026 की शुरुआत में ईरान से जुड़े भू-राजनीतिक तनाव और युद्ध की स्थिति ने एक बार फिर तेल बाजार को प्रभावित किया। 26 फरवरी से शुरू हुए इस संघर्ष के कारण कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आई और यह 125 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई। हालांकि बाद में कीमतें घटकर 116 डॉलर तक आ गईं। इस दौरान तेल कंपनियों



ने दावा किया कि उन्हें पेट्रोल पर प्रति लीटर 14 रुपये और डीजल पर 10 रुपये का नुकसान हो रहा है। लेकिन यह दावा उस समय सवालों के घेरे में आ गया। जब उनके पिछले मुनाफे के आंकड़े सामने आए। विशेषज्ञों का मानना है कि तेल कंपनियां अपने नुकसान और मुनाफे को संतुलित तरीके से प्रस्तुत करती हैं। जब कीमतें बढ़ती हैं तो नुकसान का हवाला दिया जाता है और जब कीमतें घटती हैं तो मुनाफे की बात कम ही सामने आती है। यह रणनीति बाजार और उपभोक्ताओं दोनों को प्रभावित करती है। सरकार की भूमिका भी इस पूरे मामले में महत्वपूर्ण है। केंद्र सरकार ने 27 मार्च को पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में 10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की थी, जिससे आम जनता को कुछ राहत मिली। हालांकि इससे सरकार को हर महीने करीब 12,000 करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान होने का अनुमान है। इस घाटे की भरपाई के लिए सरकार ने डीजल के निर्यात पर टैक्स बढ़ा दिया, जिससे अतिरिक्त आय प्राप्त हो रही है। भारत में हर महीने औसतन 191 करोड़ लीटर डीजल का निर्यात होता है। टैक्स बढ़ने के बाद सरकार को केवल डीजल निर्यात से ही करीब 10,500 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आय हो रही है। इससे यह साफ है कि सरकार भी राजस्व संतुलन बनाए रखने के लिए अलग-अलग उपाय कर रही है। तेल कंपनियों द्वारा उठाए गए कुछ कदम भी चर्चा में रहे हैं। उदाहरण के तौर पर, कुछ क्षेत्रों में एक बार में 200 लीटर से अधिक पेट्रोल या डीजल देने पर प्रतिबंध लगाया गया। यह कदम आपूर्ति को नियंत्रित करने और संभावित संकट से निपटने के लिए उठाया गया था। हालांकि इससे छोटे व्यवसायों और किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कच्चे तेल की कीमतों का इतिहास देखें तो 2020-21 में यह लगभग 44.65 डॉलर प्रति बैरल थी, जो महामारी के दौरान सबसे कम स्तर था। इसके बाद 2021-22 में यह 79.30 डॉलर, 2022-23 में 90 डॉलर के आसपास, 2023-24 में 82.58 डॉलर और 2024-25 में 78.56 डॉलर रही। 2025-26 में यह औसतन 70.99 डॉलर के आसपास रही। इस ट्रेंड से स्पष्ट है कि कीमतों में गिरावट आई है, लेकिन इसका पूरा लाभ उपभोक्ताओं तक नहीं पहुंचा। इस पूरे परिदृश्य में सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या तेल कंपनियों का मुनाफा उचित है या इसमें संतुलन की जरूरत है। एक तरफ कंपनियां यह तर्क देती हैं कि उन्हें वैश्विक बाजार की अनिश्चितताओं, रिफाइनिंग लागत और लॉजिस्टिक्स खर्च का सामना करना पड़ता है। दूसरी तरफ उपभोक्ता यह महसूस करते हैं कि उन्हें कीमतों में पारदर्शिता और राहत मिलनी चाहिए। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि सरकार और कंपनियों दोनों को मिलकर एक संतुलित नीति बनानी चाहिए, जिससे कंपनियों की वित्तीय स्थिति मजबूत रहे और उपभोक्ताओं को भी उचित कीमत मिले। इसके लिए मूल्य निर्धारण में पारदर्शिता, टैक्स संरचना में सुधार और वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोतों को बढ़ावा देना जरूरी है। भविष्य की बात करें तो भारत तेजी से ऊर्जा परिवर्तन की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इलेक्ट्रिक वाहनों, सौर ऊर्जा और अन्य वैकल्पिक स्त्रोतों पर जोर दिया जा रहा है। इससे आने वाले वर्षों में तेल की मांग पर असर पड़ सकता है। ऐसे में तेल कंपनियों को भी अपने बिजनेस मॉडल में बदलाव लाना होगा। अंततः यह कहा जा सकता है कि तेल कंपनियों का बढ़ता मुनाफा केवल एक आर्थिक मुद्दा नहीं है, बल्कि यह सामाजिक और राजनीतिक महत्व का विषय भी बन चुका है। जब तक उपभोक्ताओं को उचित राहत और पारदर्शिता नहीं मिलेगी, तब तक यह बहस जारी रहेगी। सरकार, कंपनियों और जनता के बीच संतुलन बनाना ही इस चुनौती का सबसे प्रभावी समाधान हो सकता है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## तकनीक
रोहित माहेश्वरी




# सोशल मीडिया की लत के शिकार हो रहे युवा

आज का युग डिजिटल प्रौद्योगिकी का युग है, जिसमें सोशल मीडिया विशेषकर युवा पीढ़ी के जीवन का अभिन्न अंग बन गया है। सुबह उठने से लेकर रात को सोने तक, वे विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से जुड़े रहते हैं। यह माध्यम अब केवल संचार का साधन मात्र नहीं रह गया है, बल्कि उनके चिंतन, मनोविज्ञान, व्यवहार और जीवनशैली पर गहरा प्रभाव डाल रहा है। इसलिए, यह समझना अत्यंत महत्वपूर्ण है कि सोशल मीडिया युवाओं के लिए वरदान है या अभिशाप। भारत में डिजिटल उपयोग के आंकड़े इसकी व्यापकता को स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं। विभिन्न अध्ययनों के अनुसार, 90 से 95 प्रतिशत किशोर सोशल मीडिया का उपयोग करते हैं और लगभग 45 प्रतिशत लगातार ऑनलाइन रहते हैं। एक औसत किशोर प्रतिदिन 3 से 5 घंटे स्क्रीन पर बिताता है, जबकि कुछ किशोर छह घंटे से अधिक समय ऑनलाइन बिताते हैं। सकारात्मक पक्ष देखें तो सोशल मीडिया ने शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला दिया है। बायजू, खान अकादमी, कोर्सेरा और गूगल क्लासरूम जैसे प्लेटफॉर्म के माध्यम से छात्र घर बैठे ही उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। अनुमान है कि ऑनलाइन शिक्षा का उपयोग करने वाले लोगों की संख्या में प्रति वर्ष 15 से 20 प्रतिशत की वृद्धि हो रही है। वीडियो पाठों और इंटरैक्टिव तरीकों से सीखना और भी आसान हो गया है। इससे समय और धन दोनों की बचत होती है और छात्रों को विश्व स्तरीय जानकारी तक पहुंच मिलती है। इसके अलावा, सोशल मीडिया युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक विशाल मंच प्रदान करता है। कई युवा गायन, लेखन, फोटोग्राफी और अन्य कलाओं के माध्यम से प्रसिद्धि प्राप्त कर रहे हैं। कई लोग डिजिटल क्रिएटर या इन्फ्लुएंसर बनकर अपनी आजीविका भी कमा रहे हैं। भारत में डिजिटल मार्केटिंग उद्योग की विकास दर लगातार बढ़ रही है, जिससे युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं। दूसरी ओर, इसके नकारात्मक प्रभाव भी गंभीर चिंता का विषय हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि जो युवा प्रतिदिन तीन घंटे से अधिक समय सोशल मीडिया पर बिताते हैं, उनमें अवसाद और चिंता के लक्षण अधिक पाए जाते हैं। लगभग 60 प्रतिशत युवा नींद की कमी से पीड़ित हैं क्योंकि वे रात में भी मोबाइल फोन का उपयोग करते रहते हैं। इसका सीखने, ध्यान केंद्रित करने और याददाश्त पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। सोशल मीडिया मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा असर डालता है। दुनिया भर में अरबों उपयोगकर्ताओं को प्रभावित करता है जो रोजाना औसतन 145 मिनट स्क्रॉल करते हैं। यह डिजिटल परिदृश्य आधुनिक जीवन के ताने-बाने में गहराई से समा गया है, अभूतपूर्व संबंध बनाते हुए मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य के लिए गंभीर जोखिम पैदा कर रहा है। आज की युवा पीढ़ी सोशल मीडिया पर मिलने वाले लाइक्स, फॉलोअर्स और शेयर को अपनी पहचान मानने लगी है। यह तुलना का माहौल बना रहा है, जहां लोग दूसरों की परफेक्ट लाइफ देखकर खुद को कमतर समझने लगते हैं। डॉक्टरों का मानना है कि यह एक अवास्तविक दुनिया है, जो मानसिक दबाव को बढ़ाती है। शोध बताते हैं कि यूट्यूब या इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफ़ॉर्म पर स्क्रॉल करने से मस्तिष्क के वे क्षेत्र सक्रिय हो जाते हैं जो पुरस्कार प्रसंस्करण, सामाजिक अनुभूति और ध्यान से जुड़े होते हैं। जब भी हमें कोई लाइक या सकारात्मक टिप्पणी मिलती है, तो हमारा मस्तिष्क डोपामाइन छोड़ता है, जिससे शक्तिशाली इनाम के रास्ते बनते हैं जो हमें और अधिक पाने के लिए प्रेरित करते हैं। हार्वर्ड के शोधकर्ताओं के अनुसार, सोशल मीडिया पर सक्रियता प्राप्त करने पर जो डोपामाइन निकलता है, वह कोकीन जैसे नशीले पदार्थों के सेवन के बराबर होता है। इसके अलावा, इन पुरस्कारों की अप्रत्याशित प्रकृति- यह न जानना कि आपको कब और कितने लाइक मिलेंगे- इस अनुभव को और भी व्यसनी बना देती है। शोध लगातार सोशल मीडिया के इस्तेमाल और मानसिक स्वास्थ्य में गिरावट के बीच कई संबंधों को उजागर करते रहे हैं। अध्ययनों में सोशल मीडिया के अत्यधिक इस्तेमाल और अवसादग्रस्तता के लक्षणों की बढ़ती दर के बीच महत्वपूर्ण संबंध पाए गए हैं। यह कहना उचित होगा कि सोशल मीडिया युवा पीढ़ी के लिए दोधारी तलवार के समान है। जहां यह सीखने, जुड़ने और विकास के अवसर प्रदान करता है, वहीं यह मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए भी जोखिम पैदा कर सकता है। इसलिए इसका उपयोग करना हम पर निर्भर करता है। यदि इसका बुद्धिमानी और संतुलित तरीके से उपयोग किया जाए, तो यह निश्चित रूप से युवा पीढ़ी के भविष्य को उज्जवल बनाने का एक साधन सिद्ध हो सकता है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## श्रद्धामयोऽयं पुरुषो यो यच्छ्रद्धः स एव सः



संकलित
**दर्शन**

गीताकार ने कहा है कि श्रद्धामयोऽयं पुरुषो यो यच्छ्रद्धः स एव सः अर्थात जिसकी जैसी श्रद्धा होती है, वह स्वयं ही वही यानी उसी के अनुरूप बन जाता है। शिष्य और गुरु के मध्य जो श्रद्धा के सूत्रों का सशक्त बंधन होता है, वही लक्ष्य तक पहुंचाने और अध्यात्म की समस्त विभूतियां प्राप्त कराने में प्रमुख भूमिका निभाता है। जिस श्रद्धा के सहारे मीरा ने गिरधर गोपाल को साथ रहने के लिए विवश किया, एकलव्य ने द्रोणाचार्य की मिट्टी से बनी प्रतिमा को असली द्रोण से भी अधिक समर्थ बनाया और रामकृष्ण परमहंस ने पत्थर की प्रतिमा को जीवंत काली जैसा भोग ग्रहण करने के लिए सहमत कर लिया था, वह श्रद्धा तत्व ही आत्मिक प्रगति का आधारभूत है। इसे उपार्जित करने के लिए जीवंत गुरु का आश्रय लेना पड़ता है। जीवन के प्रत्येक महत्वपूर्ण कार्य के लिए सद्गुरु के अवलंबन की आवश्यकता पड़ती है। आत्मिक प्रगति के लिए सद्गुरु का आश्रय लिए जाने की बात प्राचीन आर्ष ग्रंथों से लेकर ऋषि-मुनियों तक ने कही है। आत्मिक प्रगति, भिन्न स्तर का सोच अपनाने और तदनुरूप अपने क्रियाकलापों को ढालने के लिए सशक्त अवलंबन की आवश्यकता पड़ती है। यह कार्य समर्थ आदर्शवादी और श्रेष्ठ स्तर के व्यक्तित्वों के साथ घनिष्ठता स्थापित करने पर ही बनता है। इसी व्यवस्था को गुरुवरण कहते हैं। गुरु के रूप में एक ऐसी सत्ता के प्रति संपूर्ण समर्पण, जो उत्कृष्टताओं और सत्प्रवृत्तियों का समुच्चय हो। जिसके पद चिह्नों पर चलकर और जिसके प्रदत्त मार्गदर्शन को अपनाकर जीवन को वैसा ही श्रेष्ठतम व सार्थक बनाया जा सके।

## जिन लोगों में मतभेद हैं वे कभी सफलता प्राप्त नहीं कर पाते



संकलित
**प्रेरणा**

महाभारत में पांडव कौरवों से जुए में सब कुछ हार गए थे। इस हार के बाद ये तय हुआ था कि पांडव जब 12 वर्ष का वनवास और एक वर्ष का अज्ञातवास करके लौटेंगे तब कौरव पांडवों को इनका राज्य वापस लौटा देंगे। पांडवों ने अपना वनवास और अज्ञातवास पूरा कर लिया तो वे अपना राज्य वापस मांगने कौरवों के पास पहुंचे, लेकिन दुर्योधन ने पांडवों को राज्य देने से मना कर दिया। बहुत कोशिशों के बाद भी दुर्योधन पांडवों को एक गांव तक देने के लिए तैयार नहीं हुआ। इसके बाद पांडवों के सामने सिर्फ युद्ध करने का एक मात्र उपाय बचा था। पांडवों ने युद्ध के लिए तैयारी शुरू कर दी। कौरव सेना में भीष्म, द्रोणाचार्य, कृपाचार्य, कर्ण जैसे योद्धा थे। विरोधी पक्ष में सभी पांडवों के रिश्तेदार ही थे। उनकी सेना बहुत बड़ी थी। पांडवों ने विचार किया कि हम तो सिर्फ पांच भाई ही हैं। हमारे पास सेना भी नहीं है, तो हम कौरवों की विशाल सेना का सामना कैसे करेंगे। श्रीकृष्ण ने पांडवों को समझाया कि कौरव पक्ष में भले ही बड़े-बड़े योद्धा हैं, लेकिन सभी के बीच मतभेद हैं। भीष्म कर्ण को पसंद नहीं करते, द्रोण दुर्योधन को पसंद नहीं करते। दुर्योधन भीष्म और द्रोण को अपमानित करते रहता है। जबकि आप पांचों भाई एक साथ हैं, आपके बीच एकता है। जहां एकता होती है, जीत भी वहीं होती है। श्रीकृष्ण ने संदेश दिया है कि जहां मतभेद होते हैं, वहां सफलता नहीं होती है। कौरव पक्ष में बड़े-बड़े योद्धा थे, विशाल सेना थी, लेकिन मतभेदों के चलते सभी एक मत होकर पांडवों से युद्ध नहीं लड़ सके और अंत में पांडवों की जीत हुई।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**भारी मतदान से दलों की धड़कनें तेज**


देश के चौथे सबसे बड़े राज्य पश्चिम बंगाल में दूसरे और अंतिम चरण का मतदान सम्पन्न होने के साथ ही पश्चिम बंगाल सहित पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के परिणामों पर अब सबकी निगाहें चार मई को होने वाली मतगणना पर टिक गई हैं। बिहार से शुरू हुए मतदाता सूची के शुद्धिकरण (पुनरीक्षण) के बाद वहां हुई बंपर वोटिंग ने मतदान प्रतिशत में उल्लेखनीय वृद्धि का संकेत दिया था। इसी क्रम में चुनाव आयोग ने विपक्ष के विरोध के बावजूद सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर देश के कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची का पुनरीक्षण कराया। पश्चिम बंगाल, असम, केरल, तमिलनाडु और पुडुचेरी में चुनाव से पहले मतदाता सूची का पुनरीक्षण किया गया। कई मतदाता सूची से बाहर हुए।

**- प्रतीक शर्मा**, राजनांदगांव

## करंट अफेयर

# दक्षिण अफ्रीका के पाठ्यक्रम में हो भारतीय इतिहास शामिल

'साउथ अफ्रीकन हिंदू धर्म सभा' (एसएएचडीएस) ने दक्षिण अफ्रीका में संशोधित किए जा रहे स्कूल पाठ्यक्रम में भारतीयों के इतिहास को पर्याप्त स्थान देने की मांग करते हुए अधिकारियों से इसे नजरअंदाज नहीं करने का आग्रह किया है। एक खुले पत्र में एसएएचडीएस के अध्यक्ष राम महाराज ने कहा कि अल्पसंख्यक होने के बावजूद भारतीय समुदाय के इतिहास को पाठ्यक्रम में समुचित रूप से शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, 1981 में डरबन में आयोजित पहले राष्ट्रीय हिंदू सम्मेलन में एसएएचडीएस ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर स्कूल पाठ्यक्रम में भारतीयों के इतिहास को पर्याप्त रूप से शामिल करने की मांग की थी। महाराज ने कहा, दक्षिण अफ्रीका में भारतीयों के इतिहास को इतिहास की पुस्तकों से मिटाया नहीं जा सकता और न ही मिटाया जाना चाहिए। हम मांग करते हैं कि सभी कक्षाओं में भारतीयों के इतिहास से संबंधित मौजूदा सामग्री को कम से कम दोगुना किया जाए, क्योंकि अल्पसंख्यक भी महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने वर्तमान प्रस्तुतीकरण स्तर को अपमानजनक और भारतीयों के योगदान को नजरअंदाज करने वाला बताया। महाराज ने कहा कि 1860 में बंधुआ मजदूरों के रूप में आगमन के बाद से भारतीयों ने दक्षिण अफ्रीका के आर्थिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।



## ऑफ बीट

# ध्रुवीय भालू मानव बस्तियों के पास क्यों चले आते हैं

ध्रुवीय भालू अत्यंत जिज्ञासु होते हैं और यही जिज्ञासा अक्सर उन्हें इंसानी ढांचे और बस्तियों के करीब ले आती है, जिससे दोनों के लिए खतरा पैदा हो सकता है। एक नए अध्ययन में पाया गया है कि इसके पीछे के कारण पहले की तुलना में अधिक जटिल हैं। अध्ययन के अनुसार, आर्कटिक क्षेत्र के गर्म होने के कारण कई ध्रुवीय भालू समुद्री बर्फ से दूर तटों पर अधिक समय बिता रहे हैं, जहां वे आमतौर पर सील का शिकार करते हैं। वैज्ञानिकों ने 2011 से 2021 के बीच मैनिटोबा के वपुस्क नेशनल पार्क और चर्चिल नॉर्दर्न स्टडीज सेंटर में कैमरे लगाकर यह जानने की कोशिश की कि भालू इन स्थानों पर कितनी बार आते हैं। अध्ययन में कुल 580 बार भालुओं की आवाजाही दर्ज की गई, जो मुख्य रूप से जुलाई से नवंबर के बीच हुई। शोध में पाया गया कि इन स्थानों पर मानव गतिविधियों का भालुओं के आने की संख्या पर कोई खास असर नहीं पड़ा। हालांकि, समुद्री बर्फ के बिना रहने की अवधि (आइस-फ्री सीजन) का इस पर स्पष्ट प्रभाव देखा गया। जिन वर्षों में यह अवधि लंबी रही, उन वर्षों में भालुओं की आवाजाही अधिक दर्ज की गई। शोधकर्ताओं ने पाया कि भालुओं के शरीर की स्थिति (यानी वे कमजोर हैं या स्वस्थ) का उनके मानव बस्तियों की ओर आने से सीधा संबंध नहीं है।



## ट्रेंड

### दूध प्रसंस्करण संयंत्र



कारगिल में 25 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 10 टीएलपीडी क्षमता वाले दूध प्रसंस्करण संयंत्र की आधारशिला रखी गई और लेह मिल्क प्लांट के नए उत्पादों का शुभारंभ किया। यह परियोजनापशुपालकों की आत्मनिर्भरता को गति प्रदान करेगी।

**-अमित शाह**, केंद्रीय गृहमंत्री

### डिजिटल जनगणना शुरू



भारत की पहली डिजिटल जनगणना शुरू हो चुकी है। यह हमारे देश के विकास पथ में एक महत्वपूर्ण कदम है। सही नीतियां बनाने के लिए सटीक आंकड़े ही आधार हैं। सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक तभी पहुंच सकता है जब आंकड़े सटीक हों।

**-रेखा गुप्ता**, सीएम, नई दिल्ली

### सरकारी नौकरियां



हमारी सरकार ने पिछले सवा दो वर्षों में बिना किसी कागजी लीक के पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से 351 भर्ती परीक्षाएं सफलतापूर्वक संपन्न की हैं। हमने एक लाख बीस हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां प्रदान की हैं।

**- भजनलाल शर्मा**, सीएम, राजस्थान

### बिजली क्षेत्र में भ्रष्टाचार



भाजपा सरकार बिजली क्षेत्र में भ्रष्टाचार का रैकेट चला रही है, प्रीपेड मीटरों की आड़ में तकनीक का दुरुपयोग करके जनता को लूट रही है। अब जनता ने उनकी इस चोरी को पकड़ लिया है। इस बार स्मार्ट मीटर तोड़े जा रहे हैं; अगली बार ईवीएम...

**-अखिलेश यादव**, सांसद, सपा

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# मतगणना से पहले टीएमसी और भाजपा के बीच आरोप प्रत्यारोप का खेल हुआ तेज

## टीएमसी ईवीएम से छेड़छाड़ के लिए की जाने वाली हर तरह की कोशिश को विफल करेगी: ममता

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की मतगणना से पहले टीएमसी और भाजपा के बीच आरोप प्रत्यारोप का खेल तेज हो गया है। तृणमूल कांग्रेस ने ईवीएम और बैलेट पेपर से छेड़छाड़ का आरोप लगाया तो भाजपा ने इसे ममता बनर्जी का चुनाव में हार से पहले का भय बताया है। गुरुवार रात मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अचानक सखावत मेमोरियल गर्ल्स हाई स्कूल पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया था। यह वही स्थान है जहां भवानीपुर सीट की ईवीएम मशीनें रखी गई हैं। मुख्यमंत्री देर रात तक वहां मौजूद रहीं। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें कई स्थानों से ईवीएम में गड़बड़ी की जानकारी मिली है, जिसके बाद वह खुद स्थिति देखने पहुंचीं।

इस पूरे घटनाक्रम के बीच चुनाव आयोग और प्रशासन की ओर से भी स्थिति स्पष्ट करने की कोशिश की गई। पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज अग्रवाल ने कहा है कि






मतगणना केंद्रों पर किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की कोई संभावना नहीं है और सभी स्ट्रॉन्ग रूम चौबीस घंटे सीसीटीवी निगरानी में हैं, जिसे बाहर से भी देखा जा सकता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बिना ठोस प्रमाण के लगाए गए आरोप निराधार हैं। इसी बीच कलकत्ता हाईकोर्ट ने मतगणना में केंद्रीय कर्मियों की नियुक्ति के खिलाफ दायर याचिका को खारिज करते हुए कहा कि यह निर्वाचन आयोग का अधिकार क्षेत्र है और इसमें कोई अवैधता नहीं है।

वहीं भाजपा के नेता शुभेंदु अधिकारी ने सीएम के आरोपों को पूरी तरह तथ्यहीन और भ्रामक बताया। उन्होंने कहा कि ईवीएम को लेकर संदेह जताना मुख्यमंत्री की पुरानी आदत है और यह उनकी संभावित हार के डर को दर्शाता है। हर चुनाव से पहले ऐसे आरोप लगाना तृणमूल कांग्रेस की रणनीति का हिस्सा बन चुका है।

मुख्यमंत्री बनर्जी ने कहा कि शुरुआत में केंद्रीय बलों ने उन्हें अंदर जाने से रोका, लेकिन निर्वाचन नियमों के अनुसार उम्मीदवार और चुनाव एजेंट को सील कक्ष तक जाने की अनुमति होती है। बाद में उन्होंने संबंधित अधिकारी से अनुमति लेकर अंदर प्रवेश किया। मुख्यमंत्री ने इन आरोपों के बीच यह भी कहा कि उनकी पार्टी ईवीएम से छेड़छाड़ के लिए की जाने वाली हर तरह की कोशिश को विफल करेगी। उन्होंने चुनाव आयोग पर भी पक्षपात का आरोप लगाया और कहा कि उनके दल के एजेंटों को गिरफ्तार किया गया है तथा कई जगह एकतरफा कार्रवाई हो रही है।

## खबर संक्षेप

### अनुराग व प्रवेश के भाषण नफरत फैलाने वाले नहीं


**नई दिल्ली** । सुप्रीम कोर्ट ने हेट स्पीच से जुड़े एक अहम मामले में भाजपा नेताओं अनुराग ठाकुर और



प्रवेश वर्मा को राहत दी है। अदालत ने स्पष्ट किया कि उनके खिलाफ कोई भी संज्ञेय अपराध नहीं बनता। यह फैसला 29 अप्रैल को जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने सुनाया।

### आईएफएफआई की कमान गोवारिकर को

**नई दिल्ली**। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने गोवा में आयोजित होने वाले 57वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय



फिल्म महोत्सव के लिए प्रख्यात फिल्म निर्माता आशुतोष गोवारिकर को महोत्सव निदेशक नियुक्त किया है। यह महोत्सव नवंबर में होगा। आशुतोष भारतीय सिनेमा के जाने-माने फिल्म निर्माता हैं।

### कैमरा और सेंसर से ऑटोमेटिक कटेगा टोल

**सूरत**। देश का पहला मल्टीलेन फ्री फ्लो बैरियर-लेस टोलिंग सिस्टम लॉन्च कर दिया गया है। केंद्रीय मंत्री



नितिन गडकरी ने एक्स पर लिखा, देश के लिए ये ऐलान करते हुए खुशी हो रही है कि भारत का पहला मल्टी-लेन फ्री फ्लो बैरियर-लेस टोलिंग सिस्टम चोरयासी टोल प्लाजा पर शुरू किया गया है।

### ट्रेन में 6.30 करोड़ की ड्रग्स, महिला गिरफ्तार

**सूरत**। दिल्ली से मुंबई जा रही निजामुद्दीन ट्रेन में ड्रग्स तस्करी का एक बड़ा मामला सामने आया है।



सूरत रेलवे स्टेशन पर एक महिला को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से करीब 6.30 करोड़ की मेथम्फेटामाइन ड्रग्स बरामद हुई है। वह नासिक की बताई जा रही है और शातिर तरीके से ड्रग्स को छिपाकर यात्रा कर रही थी।

## सरमा ने कहा, अभद्र लोग नहीं समझते प्यार की भाषा

# असम के सीएम के बयान से बांग्लादेश को लगी मिर्ची, उच्चायुक्त को तलब कर जताया

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

डेढ़ साल से अधिक के तनाव के बाद तारिक रहमान के नेतृत्व में नए सरकार बनने के साथ ही भारत और बांग्लादेश के संबंधों में जमी हुई बर्फ के पिघलने के आसार नजर आ ही रहे थे कि असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा का 'एक्स' पर एक ऐसा पोस्ट सामने आ गया। जिसने बनी बनाई बात बिगाड़ दी। बांग्लादेश इतना नाराज हुआ कि उसने बीते गुरुवार को भारत के कार्यवाहक उच्चायुक्त पवन बढ़े को तलब कर मामले में औपचारिक रूप से कड़ा विरोध दर्ज कराया है। यह जानकारी कुछ बांग्लादेशी मीडिया रिपोर्ट के हवाले से सामने आई है।



### असम सीएम के पोस्ट के मायने

सरमा ने पिछले सप्ताह एक्स पोस्ट में लिखा, असम में 20 विदेशी नागरिक पकड़े गए और उन्हें बांग्लादेश वापस भेजा गया है। अभद्र लोग नरमी की भाषा को नहीं समझते हैं। लेकिन हम असम से इन घुसपैठियों को बाहर का रास्ता दिखाते हुए लगातार इस बात को अपने ध्यान में रखते हैं। यह वो लोग हैं जो अपने आप बाहर जाने को तैयार नहीं हैं। मालूम हो कि मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा का यह बयान सूबे में जारी विधानसभा चुनावों की प्रक्रिया से जुड़ा हुआ है। जिसे लेकर बांग्लादेश ने खासी नाराजगी जताई है।

### अपमानजनक टिप्पणी बर्दाश्त नहीं

पड़ोसी देश की दक्षिण-एशिया मामलों की महानिदेशक इशरत जहां ने भारत के राजनयिक पवन बढ़े से मुलाकात की थी। जिसमें उन्होंने यह साफ कर दिया कि असम के मुख्यमंत्री द्वारा की गई बयानबाजी न केवल हमारे देश के लिए अपमानजनक है।यह दोनों देशों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों की भावना के मद्देनजर भी हितकर नहीं है। सार्वजनिक रूप से संवेदनशील द्विपक्षीय मसलों पर कोई भी टिप्पणी करते वक्त संयम बरतना चाहिए।

### हसीना का देश निकाला बना टर्निंग पॉइंट

गौरतलब है कि वर्ष 2024 में बांग्लादेश में हुए छात्रों के हिंसक विरोध प्रदर्शन के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना को जबरन पड़ोसी देश की सत्ता से बेदखल करने के बाद से दोनों देशों के संबंधों में तल्खी आ गई थी। हसीना वर्तमान में भारत में राजनीतिक शरण लेकर रह रही हैं। वहीं, इस पूरे घटनाक्रम के बाद ढाका में मोहम्मद यूनुस की अगुवाई में गठित की गई अंतरिम सरकार के करीब 18 महीने के कार्यकाल में भारत-बांग्लादेश संबंध बुरी से प्रभावित हुए। लेकिन इस साल फरवरी महीने में हुए संसदीय चुनाव के बाद पड़ोसी देश में बनी तारिक रहमान की अगुवाई वाली बीएनपी की नई सरकार के बाद से दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों में भी सुधार आने की उम्मीद की जा रही थी। लेकिन अब असम के मुख्यमंत्री के उक्त पोस्ट के सामने आने के बाद इस संबंध में बनी उम्मीद कुछ धूमिल पड़ती हुई नजर आ रही है।

## वित्तीय अपराधों के खिलाफ राष्ट्र की ढाल है ईडी : पंकज चौधरी

**हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली**। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को वित्तीय अपराधों के खिलाफ देश की सुरक्षा कवच बताते हुए कहा कि ईडी राष्ट्र को आर्थिक अपराधों से बचाने वाली एक मजबूत ढाल के रूप में कार्य कर रही है। केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री ईडी के 70वें स्थापना दिवस समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। पंकज चौधरी ने कहा कि ईडी को दिए गए अधिकार किसी व्यक्ति विशेष को निशाना बनाने के लिए नहीं, बल्कि मनी लॉन्ड्रिंग, हवाला लेनदेन, बेनामी संपत्तियों और कॉरपोरेट धोखाधड़ी जैसे गंभीर वित्तीय अपराधों से निपटने के लिए हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अपराध देश की अर्थव्यवस्था और आम नागरिक दोनों के लिए गंभीर खतरा पैदा करते हैं, इसलिए इनके खिलाफ सख्त प्रवर्तन आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष 31 मार्च तक ईडी ने लगभग 2.36 लाख करोड़ रुपये की संपत्तियां अटैच की हैं। इनमें से 63 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि बैंकों, निवेशकों और घर खरीदारों सहित वास्तविक हकदारों को वापस लौटाई जा चुकी है। उन्होंने इसे एजेंसी की प्रभावी कार्यशैली और जवाबदेही का प्रमाण बताया।

वित्त राज्य मंत्री ने उभरती चुनौतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि साइबर फ्रॉड और ऑनलाइन वित्तीय अपराध तेजी से बढ़ती चिंता का विषय बन रहे हैं। उन्होंने इनसे प्रभावी ढंग से निपटने के लिए केंद्रीय एजेंसियों के बीच और मजबूत समन्वय तथा सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। पंकज चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार भ्रष्टाचार के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' की नीति पर काम कर रही है और किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने जयपुर जोनल कार्यालय का भी उद्घाटन किया।

## सिलेंडर के दाम बढ़ने पर कांग्रेस आक्रामक

# देश में फिर हो गई महंगाई भारी अब पेट्रोल व डीजल की बारी

### राहुल बोले- आपकी थाली पर भी पड़ेगा असर



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

व्यावसायिक सिलेंडर की कीमतों में हुई बढ़ोतरी को लेकर राजनीति शुरू हो गई है। विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने व्यावसायिक सिलेंडर की कीमतों में उछाल के मुद्दे पर सरकार पर तीखा हमला बोला। एक्स पर साझा पोस्ट में लिखा, 'महंगाई मैन मोदी' का चाबुक फिर चला। कामर्शियल सिलेंडर 993 रुपए महंगा हुआ। मोदी ने पिछले 4 महीने में कमर्शियल सिलिंडर के दाम इस तरह बढ़ाए।कामर्शियल सिलेंडर सिर्फ 4 महीने में 1,518 रुपए महंगा हो गया। अभी साल के 8 महीने बाकी हैं। मोदी की वसूली जारी है। अब 5 किलो वाला छोटू सिलेंडर भी महंगा कर दिया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कमर्शियल सिलेंडर के दाम बढ़ने पर सरकार को आड़े हाथों लिया। पहला वार गैस पर, अगला वार पेट्रोल-डीजल पर।

### हर किसी की रसोई पर बोझ बढ़ा

राहुल ने एक्स पर लिखा, कह दिया था- चुनाव के बाद महंगाई की गर्मी आएगी। आज कामर्शियल गैस सिलेंडर 993 रुपए महंगा। एक ही दिन में सबसे बड़ी बढ़ोतरी। यह चुनावी बिल है। फरवरी से अब तक 1380 रुपए की बढ़ोतरी हुई और सिर्फ 3 महीनों में 81 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। चायवाला, ढाबा, होटल और बेकरी, हलवाई- हर किसी की रसोई पर बोझ बढ़ा और इसका असर आपकी थाली पर भी पड़ेगा। दूसरी ओर मई से एलपीजी की कीमतों में वृद्धि की आशंका थी। होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी होने के चलते दुनियाभर में 20 प्रतिशत तेल और गैस की आपूर्ति प्रभावित हुई है।

## राहुल के खिलाफ एफआईआर की मांग वाली याचिका खारिज की

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और रायबरेली से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को एक बड़े कानूनी मामले में बड़ी राहत दी है। जस्टिस विक्रम डी चौहान की एकल पीठ ने राहुल गांधी के खिलाफ 'इंडियन स्टेट' से लड़ाई वाले विवादित बयान को लेकर दाखिल याचिका को शुक्रवार को खारिज कर दिया। कोर्ट के इस फैसले के बाद अब इस मामले में न तो मुकदमा दर्ज होगा और न ही कोई कानूनी कार्यवाही चलेगी।

## नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने किया ऐलान

# 15 जून से शुरू होंगी इंडिगो की उड़ानें, शुरुआत में 17 फ्लाइट्स

इंडिगो के अलावा अकासा एयर, एयर इंडिया के प्रस्ताव




एजेंसी ⏭ नोएडा

इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने शुक्रवार को आधिकारिक घोषणा करते हुए जानकारी दी है कि यहां से 15 जून 2026 से व्यावसायिक विमान सेवाएं शुरू होंगी। पहली कमर्शियल फ्लाइट इंडिगो द्वारा संचालित की जाएगी। इसके तुरंत बाद अकासा एयर और एयर इंडिया एक्सप्रेस भी अपनी सेवाएं शुरू करेंगे।

### करीब 70 फ्लाइट के प्रस्ताव पूर्व में मिल चुके

एयरपोर्ट प्रबंधन जून के मध्य तक उड़ान शुरू होने की बात कह रहा है। यीडा व नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के सीईओ राकेश कुमार सिंह का कहना है कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कॉमर्शियल सेवाएं शुरू हो सकें। इसके लिए हर संभव प्रयास यापल और नायल के स्तर पर किया जा रहा है।उड़ान शुरू करने के लिए वर्तमान में करीब 70 फ्लाइट के प्रस्ताव पूर्व में मिल चुके हैं। इससे कमोबेश सभी प्रमुख शहरों के लिए उड़ान यहां से शुरू होनी हैं। इंडिगो के अलावा अकासा एयर, एयर इंडिया एक्सप्रेसवे के भी प्रस्ताव इन उड़ान के लिए हैं।

## आरोप मुक्त होने पर ईडी किसी केस को बंद न करेः राजू

**नई दिल्ली**। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एसवी राजू ने गुरुवार को कहा कि जब अदालतें



मूल अपराधों में आरोपियों को बरी कर देती हैं या उन्हें आरोप-मुक्त कर देती हैं तो ईडी को ऐसे नतीजों को मामले का अंत नहीं समझना चाहिए, बल्कि उन्हें नए सिरे से जांच फिर से शुरू करनी चाहिए। राजू की ये बातें दिल्ली शराब नीति मामले से जोड़ कर देखी जा रही है।

## बुद्ध पूर्णिमा पर किया स्नान



**हरिद्वार**। शुक्रवार को उत्तराखंड के हरिद्वार में हर की पौड़ी पर बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर गंगा नदी के किनारे भारी भीड़ उमड़ी। लोगों ने स्नान किया। सुबह से ही लोग पहुंचने लगे थे।

## शिमला पहुंचने पर राज्यपाल कवींद्र गुप्ता ने किया महामहिम का स्वागत

# सेना की प्रशिक्षण कमांड का राष्ट्रपति मुर्मू ने किया दौरा, परखी तैयारियां

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

सेना, वायुसेना और नौसेना की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को भारतीय सेना की शिमला स्थित प्रशिक्षण कमांड (एआरटीआरएसी) का दौरा किया। जिसमें राजधानी शिमला पहुंचने पर राज्य के राज्यपाल डॉ. कवींद्र गुप्ता ने महामहिम राष्ट्रपति का स्वागत किया। उनके साथ बल की कमांड के प्रमुख, जीओसी-इन-सी लेफ्टिनेंट जनरल देवेंद्र शर्मा भी मौजूद थे। सेना ने बताया कि राष्ट्रपति को जीओसी ने प्रशिक्षण कमांड और इसके गठन, उभार और सैन्य कर्मियों को दिए जाने वाले महत्वपूर्ण प्रशिक्षण के बारे में विस्तार से अवगत कराया। यह वह तमाम मुद्दे हैं, जिनसे सेना की रणनीतिक क्षमता में जरूरी इजाफा होता है। इसके अलावा कमांड द्वारा उठाए गए चुनिंदा कदमों जैसे ड्रोन प्रशिक्षण, जटिल तकनीक को आत्मसात करना, रेड टीमिंग के विचार को शामिल



करना और भारतीय थलसेना में डिजिटाइजेशन व ऑटोमेशन की दिशा में उठाए जाने वाले कदमों के बारे में सेना के वरिष्ठ अधिकारी ने राष्ट्रपति को जानकारी दी।

### विदेशी सैन्यकर्मियों को देते प्रशिक्षण

राष्ट्रपति ने प्रशिक्षण कमांड की युद्धकौशल डिजाइन, सेना के लिए संसाधन विकास के साथ ही मित्र देशों और सहयोगी सेनाओं के लिए तैयार की जाने वाली गतिविधियों को लेकर निभाए जाने वाली भूमिका की सराहना की। यह कमांड सैन्य गाथा, आत्मनिर्भरता और विकसित भारत के मार्ग का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। एआरटीआरएसी अपने करीब 32 प्रशिक्षण प्रतिष्ठानों की मदद से सेना को अलग-अलग क्षेत्रों में प्रशिक्षण देने का काम कर रही है। जो बल को युद्ध लड़ने के एक अनोखे विचार के साथ उससे जुड़ी हुई कला और विज्ञान से रूबरू कराती है। अपनी इस यात्रा के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लेफ्टिनेंट जनरल शर्मा के साथ देश की सुरक्षा को चाक-चौबंद बनाने से जुड़े हुए विचारों का आदान-प्रदान किया। अंत में उन्होंने आगंतुक पुस्तिका में सेना के नाम अपने हस्ताक्षर के साथ एक प्रेरणादायक संदेश भी लिखा।

### चीन सीमा से है कमांड का संबंध

यहां बता दें कि प्रशिक्षण कमांड का संबंध भारत की चीन से लगी हुई सीमा (एलएसी) से है। क्योंकि यह हिमाचल प्रदेश की राजधानी में मौजूद है और यह राज्य चीन के साथ अपनी सीमा साझा करता है। कई बार एलएसी के इलाकों में तनाव के दौरान प्रतिद्वंदी देश की पीएलए सेना सूबे के सीमावर्ती इलाकों में भी विवाद उत्पन्न करने की कोशिश करती है। जिसे हर दम चौकन्ना रहने वाली भारत की सेना द्वारा कभी कामयाब नहीं होने दिया जाता है।

### यूं ही देते रहें सेना को मजबूती

राष्ट्रपति ने प्रशिक्षण कमांड से लगातार अपने कार्य को करते हुए इसकी गति को जस का तस बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इसकी मदद से सेना की रणनीतिक तैयारियों को बढ़ावा मिलता है। एआरटीआरएसी के सभी रैंक, रक्षा नागरिकों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के उनके कार्यों के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह और अधिक इच्छाशक्ति के साथ हमेशा अपने कार्यों की गति को बनाए रखें।

## कैलाश मानसरोवर यात्रा जून से

**नई दिल्ली**। भगवान शिव के निवास स्थान की यात्रा का सपना देख रहे श्रद्धालुओं के लिए अच्छी खबर है। विदेश मंत्रालय ने कैलाश मानसरोवर यात्रा 2026 की आधिकारिक घोषणा कर दी है। आवेदन की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। यह जून से अगस्त के बीच होगी।


उत्तर रेलवे

इ–निविदा (इ–प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

निम्लिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/II, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल मे इ–निविदा आमंत्रण

| | | | |
|---|---|---|---|
| NIT-10 | कार्य का नामः वरिष्ठ मंडल अभियंता-II के अंतर्गत सहायक मंडल अभियंता मेरठ के कार्य क्षेत्र में SSE/W/MOZ के खंड में लेवल क्रॉसिंग संख्या 52, 56, 60, 61, 62, 64, 65, 69, 71, 74 और एलसी-4 सी की सड़क सतह की मरम्मत और सुधार आदि का प्रावधान। | | |
| कार्य की अनुमानित लागत | ₹10572953.95 | बयानाराशि | ₹211500.00 |
| निविदा खोलने की तिथि और समय | 26.05.2026 15:00 Hrs. | | |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in | | |

•ठेकेदारो को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) IREPS) साइट www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। •सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। •मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। •निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

सं: 128-W/280/e Tender Notice/ NIT-10-26-27-W-II दिनांक: 30.04.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1458/2026

## खबर संक्षेप

### महाराष्ट्र दिवस पर शेयर और मुद्रा बाजार रहे बंद

**मुंबई।** महाराष्ट्र दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को शेयर और मुद्रा बाजार बंद रहे।'मजदूर दिवस' के उपलक्ष्य में शुक्रवार को सर्राफा बाजार में भी कोई कामकाज नहीं हो सका।

### महिंद्रा की कुल बिक्री अप्रैल में 14 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड (एमएंडएम) की कुल वाहन बिक्री अप्रैल में सालाना आधार पर 14 प्रतिशत बढ़कर 94,627 इकाई हो गई। कंपनी ने सूचना में बताया कि पिछले महीने घरेलू यात्री वाहन बिक्री आठ प्रतिशत बढ़कर 56,331 इकाई रही जो अप्रैल 2025 में 52,330 इकाई थी।

### किआ इंडिया की बिक्री अप्रैल में 16 फीसदी बढ़ी

**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता कंपनी किआ इंडिया की अप्रैल 2026 में थोक बिक्री 16 प्रतिशत बढ़कर 27,286 इकाई पर पहुंच गई। किआ इंडिया ने 2025 की समान अवधि में 23,623 वाहन बेचे थे। अप्रैल महीने में सबसे अधिक बिक्री है। निरंतर मजबूत मांग को दर्शाता है और भारतीय बाजार के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करता है।

### निसान मोटर की अप्रैल में बिक्री 5,388 इकाई




**नई दिल्ली।** निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की कुल बिक्री अप्रैल में 5,388 इकाई रही। कंपनी ने शुक्रवार को बयान में कहा कि इसमें घरेलू बाजार की 3,203 इकाई और निर्यात के माध्यम से 2,185 इकाई शामिल हैं। वाहन विनिर्माता कंपनी के प्रबंध निदेशक सौरभ वत्स ने कहा, '' नए वित्त वर्ष की सकारात्मक शुरुआत से हम बेहद उत्साहित हैं।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत, इम्पोर्ट से होने वाली कमाई 25.8% बढ़ी

# अप्रैल में रिकॉर्ड जीएसटी संग्रह, 8.7 प्रतिशत बढ़कर 2.43 लाख करोड़ पर

भाषा ▸▸ नई दिल्ली

सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह अप्रैल महीने में 8.7 प्रतिशत बढ़कर करीब 2.43 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। सरकार के आंकड़ों से शुक्रवार को यह जानकारी मिली। इन आंकड़ों से पता चला है कि आयात से मिलने वाले राजस्व में वृद्धि ने घरेलू लेनदेन से प्राप्त संग्रह को पीछे छोड़ दिया। इससे पहले जीएसटी का सर्वकालिक उच्च संग्रह अप्रैल, 2025 में 2.23 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा था। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल में घरेलू लेनदेन से सकल राजस्व 4.3 प्रतिशत बढ़कर 1.85 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा, जबकि आयात से जीएसटी संग्रह 25.8 प्रतिशत की तेज वृद्धि के साथ 57,580 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। अप्रैल में केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी) संग्रह 52,140 करोड़ रुपये और राज्य जीएसटी (एसजीएसटी) संग्रह 61,331 करोड़ रुपये रहा। एकीकृत जीएसटी (आईजीएसटी) से राजस्व संग्रह 1.29 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। इस अवधि में रिफंड 19.3 प्रतिशत बढ़कर 31,793 करोड़ रुपये हो गया। रिफंड समायोजन के बाद शुद्ध जीएसटी संग्रह 7.3 प्रतिशत बढ़कर लगभग 2.11 लाख करोड़ रुपये रहा। प्राइस वाटरहाउस एंड कंपनी एलएलपी में साझेदार प्रतीक जैन ने कहा कि जीएसटी में व्यापक सुधार लागू होने के बाद मासिक कर संग्रह में सात-आठ प्रतिशत की स्थिर वृद्धि अब एक सामान्य रुझान बनती दिख रही है, जो बजट अनुमानों के अनुरूप है।

» **इससे पहले उच्च संग्रह अप्रैल 2025 में 2.23 लाख करोड़ रहा**

» **जीएसटी सुधारों के तहत करीब 375 वस्तुओं पर कर दरें घटाई गईं**




### अस्थिर वैश्विक माहौल के बावजूद व्यापार प्रवाह में मजबूती

डेलॉयट इंडिया में साझेदार महेश जयसिंह ने कहा कि आयात से जुड़े जीएसटी में करीब 26 प्रतिशत की वृद्धि अस्थिर वैश्विक माहौल के बावजूद व्यापार प्रवाह में मजबूती को दर्शाती है। साथ ही घरेलू जीएसटी का स्थिर प्रदर्शन बताता है कि दरों के सरलीकरण से मांग को समर्थन मिल रहा है।

### कुल कर संग्रह के आंकड़े उत्साहजनक

ईवाई इंडिया में कर साझेदार सौरभ अग्रवाल ने कहा कि कुल कर संग्रह के आंकड़े उत्साहजनक हैं, लेकिन घरेलू लेनदेन और आयात आधारित राजस्व के बीच अंतर होना नीतिगत पुनर्मूल्यांकन की जरूरत दर्शाता है। उन्होंने 'मेक इन इंडिया' को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला बदलावों के अनुरूप मजबूत करने पर जोर दिया। सितंबर 2025 से लागू हुए व्यापक जीएसटी सुधारों के तहत करीब 375 वस्तुओं पर कर दरें घटाई गईं और चार स्लैब को मिलाकर पांच एवं 18 प्रतिशत के दो कर स्लैब कर दिए गए। हालांकि कुछ विलासिता वाले एवं तंबाकू उत्पादों पर 40 प्रतिशत की उच्च दर बरकरार रखी गई है।

## आरबीआई के पास 2,000 रुपये के 98.47 प्रतिशत नोट वापस आए



एजेंसी ▸▸ मुंबई

■ केंद्रीय बैंक ने 19 मई 2023 में चलन से वापस लिए थे नोट

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को कहा कि चलन में रहे 2,000 रुपये मूल्य के 98.47 प्रतिशत बैंक नोट अब तक वापस आ चुके हैं। केंद्रीय बैंक ने 19 मई, 2023 को 2,000 रुपये के नोटों को चलन से वापस लेने की घोषणा की थी। आरबीआई के अनुसार, 19 मई, 2023 को जब यह घोषणा की गई थी, उस समय चलन में इन नोटों का कुल मूल्य 3.56 लाख करोड़ रुपये था, जो 30 अप्रैल, 2026 को घटकर 5,451 करोड़ रुपये रह गया है। केंद्रीय बैंक ने एक बयान में कहा, "इस प्रकार 19 मई, 2023 तक चलन में रहे 2,000 रुपये के 98.47 प्रतिशत नोट वापस आ चुके हैं।/"

### नोट बदलने की सुविधा उपलब्ध

बैंक ने कहा कि 19 मई, 2023 से उसके 19 निर्गम कार्यालयों में 2,000 रुपये के नोट बदलने की सुविधा उपलब्ध है। नौ अक्टूबर, 2023 से इन कार्यालयों में व्यक्ति और संस्थाएं अपने बैंक खातों में जमा के लिए भी ये नोट दे सकते हैं। केंद्रीय बैंक ने स्पष्ट किया कि 2,000 रुपये के बैंक नोट अभी भी वैध मुद्रा बने हुए हैं।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी/84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **प्रेम, पुत्र लक्ष्मी कांत झा निवासी झुग्गी नंबर जे-175, संजय कॉलोनी, समयपुर बादली, दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 559/2015, धारा 33 दिल्ली एक्साइज एक्ट, थाना स्वरूप नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **प्रेम** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **प्रेम** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 559/2015, धारा 33 दिल्ली एक्साइज एक्ट, थाना स्वरूप नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **प्रेम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.08.2026** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री ज्योति नैन
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-07
उत्तर, कोर्ट नं. 06, प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट्स, दिल्ली

DP/5674/ON/2026

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **ऐजुल उर्फ़ अज़ीजुल पुत्रः** शेख सिद्दीक **पताः** झुग्गी नंबर एन–38/ए–304 सीडी पार्क जहांगीरपुरी दिल्ली, ने **FIR No. 329/23 U/s 25/54/59 A. Act थानाः जहांगीरपुरी दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **ऐजुल उर्फ़ अज़ीजुल** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **ऐजुल उर्फ़ अज़ीजुल** फरार हो गया है(या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 329/23 U/s 25/54/59 A. Act थानाः जहांगीरपुरी दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **ऐजुल उर्फ़ अज़ीजुल** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.06.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्रीमती ज्योति नैन
जेएमएफसी–07, कमरा नंबर–6
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/5717/NW/2026
(Court Matter)

## विदेशी निवेशकों ने अप्रैल में बाजार से 60,847 करोड़ रुपये निकाले

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



■ वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता के कारण जोखिम प्रमुख वजह

विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजारों में लगातार बिकवाली जारी रखते हुए अप्रैल में 60,847 करोड़ रुपये (करीब 6.5 अरब डॉलर) की निकासी की। भू-राजनीतिक तनाव का बढ़ना और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के कारण जोखिम लेने की क्षमता का प्रभावित होना इसकी मुख्य वजह रही। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के आंकड़ों के अनुसार, इस ताजा निकासी के साथ 2026 के पहले चार महीनों में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की कुल निकासी 1.92 लाख करोड़ रुपये पहुंच गई है जो समूचे 2025 में दर्ज 1.66 लाख करोड़ रुपये की निकासी से भी अधिक है। वर्ष 2026 में फरवरी को छोड़कर सभी महीनों में एफपीआई शुद्ध विक्रेता रहे। जनवरी में 35,962 करोड़ रुपये की निकासी हुई जबकि फरवरी में 22,615 करोड़ रुपये का निवेश आया जो 17 महीनों में सबसे अधिक मासिक निवेश था। मार्च में हालांकि रुख अचानक बदला और रिकॉर्ड 1.17 लाख करोड़ रुपये की निकासी हुई जो अप्रैल में भी 60,847 करोड़ रुपये की निकासी के साथ जारी रही। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि निरंतर बिकवाली वैश्विक आर्थिक दबावों और बढ़ते भू-राजनीतिक जोखिमों का परिणाम है। तनाव बढ़ने से कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया जिससे वैश्विक स्तर पर महंगाई को लेकर चिंताएं फिर बढ़ गईं।

### निवेशकों का भरोसा प्रभावित हुआ

खान ने कहा कि कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर जाने, रुपये के कमजोर होने और महंगाई व चालू खाता घाटे की चिंताओं के कारण निवेशकों का भरोसा प्रभावित हुआ है।

## रेलवे बोर्ड के सदस्य अवसंरचना ने एनएफआर में चल रहे परियोजनाओं और बुनियादी ढांचा के विकास की समीक्षा की

मालीगांव। रेलवे बोर्ड के सदस्य (अवसंरचना) श्री विवेक कुमार गुप्ता ने पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) का दौरा किया और ज़ोन भर में चल रही इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं और विकास कार्यों की प्रगति का आकलन करने के लिए मालीगांव में एक विस्तृत समीक्षा बैठक की। इस बैठक में एनएफआर के महाप्रबंधक चेतन कुमार श्रीवास्तव, एनएफआर (निर्माण) के महाप्रबंधक श्री आशीष बंसल के साथ-साथ एनएफआर के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया। पूर्वोत्तर क्षेत्र में रेल कनेक्टिविटी को मज़बूत करने के लिए प्रमुख इंफ्रास्ट्रक्चर पहलों, परियोजनाओं की समय-सीमा और उसके निष्पादन में तेज़ी लाने की रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की गई। अपने दौरे के दौरान, श्री गुप्ता 2 मई, 2026 को कामाख्या से डिमापुर तक एक व्यापक विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण करेंगे, ताकि इस मार्ग पर पटरियों की स्थिति, संरक्षा उपायों और इंफ्रास्ट्रक्चर की स्थिति की समीक्षा की जा सके। डिमापुर पहुँचने के बाद, वे डिमापुर-कोहिमा नई रेल लाइन परियोजना की प्रगति के साथ-साथ राज्य में चल रहे अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर कार्यों की समीक्षा करेंगे। उनका यह



दौरा पूर्वोत्तर क्षेत्र में कनेक्टिविटी बढ़ाने और विकास को गति देने पर भारतीय रेल के निरंतर फोकस को रेखांकित करता है। बैठक के दौरान, इस क्षेत्र में कई प्रमुख इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं की परिचालन स्थिति और प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। जिरिबाम-इंफाल, सेवक-रंगपो और मुरकंगसेलेक-पासीघाट जैसी प्रमुख परियोजनाओं पर चर्चा की गई, जिसमें इन परियोजनाओं के निष्पादन में तेज़ी लाने पर विशेष ज़ोर दिया गया। हाल के वर्षों में, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने रेल इंफ्रास्ट्रक्चर कार्यों में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है।

### पद्मा डोरी ने नई दिल्ली में एमपी व पूर्वोत्तर जोड़ने के लिए अपनी शुरुआत की

**नई दिल्ली।** दो अलग-अलग शिल्प परंपराओं, मध्य प्रदेश के चंदेरी और पूर्वोत्तर भारत के एरी सिल्क के अभिसरण से पैदा हुए एक नए वस्त्र पद्मा डोरी का आज औपचारिक रूप से अनावरण किया गया। पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय के तहत पूर्वोत्तर हस्तशिल्प और हथकरघा विकास निगम (एनईएचएचडीसी) द्वारा परिकल्पित, पद्मा डोरी की कल्पना एक पारंपरिक ब्रांड के रूप में नहीं बल्कि एक मंच के रूप में की गई थी, जो फाइबर, शिल्प और डिजाइन को साझा बातचीत में लाता है। इस पहल में पता लगाया गया कि क्षेत्रों, सामग्रियों और निर्माताओं में सहयोग के माध्यम से पारंपरिक कपड़ा प्रथाएं कैसे विकसित हो सकती हैं, जिसमें कारीगर शुरू से ही इस प्रक्रिया और स्थिरता के केंद्र में बने हुए हैं। दिन की शुरुआत क्यूरेटेड प्रदर्शनी वॉकथ्रू और मीडिया इंटरैक्शन के साथ हुई, जो सामग्री, इसके विकास और इसके पीछे की सहयोगी प्रक्रियाओं पर करीब से नजर डालती है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना NER-LJN-2026-80 & NER-LJN-2026-81**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है –

**ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2026-80, कार्य का नाम :** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल :- गोंडा में स्टेशन, गिरिजा और अन्य कॉलोनियों में आरसीसी ओवरहेड टैंकों से इंटरकनेक्शन के लिए पाइपलाइन बिछाना और मौजूदा सीसी पाइपलाइन को बदलना, **अनुमानित लागत :** रु.97,07,684.70, **अग्रिम धन :** रु. 1,94,200.00, **समापन अवधि :** 09 माह।

**ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2026-81 (Two Packet), कार्य का नाम :** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल :- लखनऊ जंक्शन - सीतापुर खंड में इटौंजा हॉल्ट को तीन लाइन क्रॉसिंग स्टेशन में परिवर्तित करने के स्वीकृत कार्य के अंतर्गत इटौंजा स्टेशन पर सर्विस बिल्डिंग का निर्माण, उच्च स्तरीय प्लेटफॉर्म, पीपी शेल्टर, शौचालय, सर्कुलेटिंग एरिया में मिट्टी का काम और ब्लैंकेटिंग मटेरियल की आपूर्ति आदि। (सिविल कार्य), **अनुमानित लागत :** रु. 11,60,98,598.86, **अग्रिम धन :** रु. 23,22,000.00, **समापन अवधि :** 18 माह।

1. उपरोक्त ई-निविदा संख्या **NER-LJN-2026-80 & NER-LJN-2026-81** के लिए ई-निविदा दिनांक **26.05.2026** को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी।
2. उपरोक्त ई-निविदा से संबंधित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से संबंधित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धिपत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग,
मुजाधि/डब्ल्यू-65 पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

वरि. मं.वि. इंजी./ई.एम.यू./गाजियाबाद भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली ई–निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा संख्या | 232-Elect-EMU-WC-05-25-26 | | |
| कार्य का विवरण एवं स्थान | "ट्रांसमिशन टाइप CRT-5633 की पूर्ण ओवरहॉलिंग" ईएमयू कार शेड, गाजियाबाद में। | | |
| कार्य की अनुमानित लागत | ₹2,99,36,836/- inclusive of GST | | |
| निविदा दस्तावेज की कीमत | Nil | | |
| धरोहर राशि | ₹5,98,700/- (online payment mode available on IREPS website) | | |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 36 माह | ऑफर की अवधि | 60 दिन |
| निविदा विज्ञापन की तिथि (on IREPS website) | 01.05.2026 at 15:16 | | |
| निविदा जमा करने की तिथि (on IREPS website) | 11.05.2026 to 25.05.2026 at 15:00 hrs. | | |
| निविदा समापन की तिथि एवं समय | 25.05.2026 at 15:00 hrs. | | |
| निविदा खुलने की तिथि एवं समय (तत्काल जब निविदा जमा करने का काल समाप्त हो जाए) | 25.05.2026 at 15:00 hrs. | | |

**Note: 1.** All participant Tenderer/Tenderers will submit their requisite documents along with their tender offer. "No post tender correspondence for submission of additional document shall be entertained after opening of the Technical & Commercial offer. Even suo-moto post tender letters of the tenders shall be treated as null & void" **2.** Duplicate documents should not be enclosed/uploaded.

निविदा सूचना www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

सं.: 232-Elect-EMU-WC-05-25-26 दिनांक: 01.05.2026 1473/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## राशिफल

**मेष:** मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

**मिथुन:** भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**कर्क:** क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह:** नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**कन्या:** धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला:** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक:** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**धनु:** पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग–दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर:** आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन–भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ:** कुटुम्ब–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

**मीन:** शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

### यूनिवर्सिटी ऑफ ईस्ट एंग्लिया (यूके) के साथ बीबीए सेमेस्टर-अब्रॉड (ट्विनिंग) कार्यक्रम का शुभारंभ

**नई दिल्ली।** के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय ने गर्व के साथ यूनिवर्सिटी ऑफ ईस्ट एंग्लिया, यूके के साथ अपने बीबीए सेमेस्टर-अब्रॉड (ट्विनिंग) कार्यक्रम के औपचारिक शुभारंभ की घोषणा की। यह प्रतिष्ठित समारोह नई दिल्ली स्थित ले मेरिडियन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर दोनों संस्थानों के वरिष्ठ नेतृत्व एवं विशिष्ट प्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जो वैश्विक शैक्षणिक सहयोग को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि का प्रतीक है। समारोह में माननीय प्रो-चांसलर श्री अभिषेक गुप्ता, माननीय कुलपति प्रो. रघुवीर सिंह, के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय के वरिष्ठ शैक्षणिक नेतृत्व तथा यूईए के सीनियर प्रो-वाइस-चांसलर एवं डिप्टी वाइस-चांसलर प्रो. स्टीवन मैकग्वायर विशेष रूप से उपस्थित रहे। यह विशिष्ट कार्यक्रम के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को यूके की अग्रणी विश्वविद्यालयों में से एक, यूईए में 6 माह से 1 वर्ष तक अध्ययन करने का विशेष अवसर प्रदान करता है। यूईए अपने आधुनिक परिसर, सशक्त शैक्षणिक प्रतिष्ठा और समृद्ध छात्र परिवेश के लिए विश्वभर में विख्यात है। इस पहल की प्रमुख विशेषता महत्वपूर्ण ट्यूशन फीस में छूट है, जिससे अंतरराष्ट्रीय शिक्षा को अधिक सुलभ और किफायती बनाया जा सके। साथ ही, यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को वैश्विक दृष्टिकोण, आत्मनिर्भरता तथा करियर-उन्मुख कौशल विकसित करने में सक्षम बनाता है। यह साझेदारी के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय की अपने विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय अवसर प्रदान करने तथा सार्थक वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## एचएमएसआई की बिक्री 17%बढ़ी

**नई दिल्ली।** दोपहिया वाहन विनिर्माता कंपनी होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एचएमएसआई) की अप्रैल 2026 में कुल बिक्री 17 प्रतिशत बढ़कर 5.63 लाख इकाई पहुंच गई। एचएमएसआई ने वर्ष 2025 की समान अवधि में 4.80 लाख वाहन बेचे थे। कंपनी ने बयान में कहा कि अप्रैल 2026 में घरेलू बिक्री 14.7 प्रतिशत बढ़कर 4.84 लाख इकाई रही, जो 2025 की समान अवधि में 4.22 लाख इकाई थी। एचएमएसआई ने बताया कि इस अवधि में निर्यात 37.4 प्रतिशत बढ़कर 79,600 इकाई हो गया, जबकि 2025 के समान महीने में यह 57,900 इकाई था। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया अधिकारी (सीईओ) त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा, दोपहिया बाजार के सभी खंडों में मांग मजबूत बनी हुई है।

### शब्द पहेली - 6213




**बाएँ से दाए-**
1.दयालु.उदार-5
4.गगन,आकाश-4
7.सरिता-2
8.चोगा,गाऊन-3
9.छुट्टी,अवकाश-2
10.आबे हयात,काबा कूप-4
11.रिहा-2
13.खाना,भोजन करना-3
14.जिद-2
15.हिम्मत,बल-3
17.कारागार-2
19.रइसे आजम,सूरी-5
22.दुत्कारना,डांटना-5
25.सराबोर-2
26.भोर,सवेरा-3
28.मूल्य,कीमत-2
29.महीन,बहुत छोटा-3
30.फूंक,दम,सुट्टा -2
32.झंकार,प्रतिध्वनि-4
34.उष्णता,ज्वर-2
36.ओट,चिलमन-3
37.छोटा टुकड़ा-2
38.सराबोर,सना हुआ-4
39.निर्माता,रचना करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.कैदी,बंधक-2
2.मुलायम-3
3.यात्री पोत,तैरता होटल-5
4.उर्दू में अभिवादन-3
5.पिटाई,चोट-2
6.नाजुकता-4
7.नया जीवन-5
10.मर्यादा-4
12.खाली,रिक्त-2
16.लाईन,पंक्ति-3
17.गर्मी का महीना-2
18.उदर-2
20.दीनहीन,दरिद्र-3
21.लश्कर,फौज-2
22.नष्ट,अद्वैतभाव-2
23.व्यवसाय,धंधा-4
24.नाम रखना -2,3
25.होशियार-5
26.सुर आलाप-2,2
27.अधिकार-2
31.प्रतिज्ञा-3
33.आकांक्षा,अभिलाषा-3
35.राह,मार्ग-2
37.टैक्स,हाथ-2

### शब्द पहेली - 6212 का हल





## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 8 | 6 | 1 | 13 |
| बेंगलुरु | 9 | 6 | 3 | 12 |
| हैदराबाद | 9 | 6 | 3 | 12 |
| राजस्थान | 10 | 6 | 4 | 12 |
| गुजरात | 9 | 5 | 4 | 10 |
| दिल्ली | 9 | 4 | 5 | 8 |
| चेन्नई | 8 | 3 | 5 | 6 |
| कोलकाता | 8 | 2 | 5 | 5 |
| मुंबई | 8 | 2 | 6 | 4 |
| लखनऊ | 8 | 2 | 6 | 4 |

**ऑरेंज कैप**



केएल राहुल
433 रन
दिल्ली

**पर्पल कैप**



भुवनेश्वर कुमार
17 विकेट
बेंगलुरु

# मुंबई इंडियंस को झटका, सैंटनर टूर्नामेंट से बाहर



एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

एमआई के मिशेल सैंटनर आईपीएल के दौरान कंधे में लगी चोट के कारण कम से कम एक महीने तक मैदान से बाहर रहेंगे। इस 34 वर्षीय खिलाड़ी को मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बीच 23 अप्रैल को खेले गए मैच के दौरान फील्डिंग करते समय बाएं कंधे में चोट लग गई थी। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने कहा, 'सैंटनर इस सप्ताह न्यूजीलैंड लौट आए हैं और एक विशेषज्ञ से मिले, जिन्होंने बताया कि उन्हें कम से कम एक महीने के आराम और 'रिहैबिलिटेशन' की जरूरत है।'

### नहीं खेल पाएंगे आयरलैंड के खिलाफ टेस्ट

सैंटनर ने आईपीएल मैच के दौरान जसप्रीत बुमराह की गेंद पर सीएसके के कार्तिक शर्मा का डाइव लगाकर कैच लिया, लेकिन इस दौरान उनके कंधे और सिर में चोट लग गई। इस कारण वह आयरलैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट और इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। एनजेडसी ने कहा, 'दूसरे और तीसरे टेस्ट मैच के लिए उनकी उपलब्धता पर फैसला बाद में किया जाएगा।' न्यूजीलैंड और आयरलैंड के बीच एकमात्र चार दिवसीय टेस्ट मैच 27 मई को बेलफास्ट में शुरू होगा। इसके बाद न्यूजीलैंड की टीम इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स (4-8 जून), द ओवल (17-21 जून) और ट्रेंट ब्रिज (25-29 जून) में तीन टेस्ट मैच खेलेगी।

# सनराइजर्स खेमे में बदलाव, मावी की जगह अंबरीश शामिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग के बीच सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने अपने खेमे में बदलाव किया है। सीजन के शेष मुकाबलों के लिए शिवम मावी की जगह सीम-बॉलिंग ऑलराउंडर आरएस अंबरीश को टीम में शामिल किया गया है। दाएं हाथ के मीडियम पेसर मावी ग्रोइन इंजरी (जांघ के ऊपरी हिस्से में चोट) के कारण इस सीजन से बाहर हो गए हैं, जिसके चलते एसआरएच को उनकी जगह अंबरीश को टीम में शामिल करना पड़ा। शुक्रवार को आईपीएल की तरफ से जारी बयान में कहा गया, दाएं हाथ के मीडियम पेसर और बाएं हाथ के बल्लेबाज अंबरीश 30 लाख रुपए में एसआरएच से जुड़ेंगे।

### जिम्बाब्वे और नामीबिया के खिलाफ ले चुके हैं 11 विकेट



चेन्नई के रहने वाले अंबरीश इस साल की शुरुआत में जिम्बाब्वे और नामीबिया में हुए आईसीसी मेंस अंडर-19 वर्ल्ड कप में भारत की जीत का हिस्सा थे, जहां वे टूर्नामेंट के सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक बनकर उभरे। अंबरीश ने 11 विकेट लेकर भारत के लिए संयुक्त रूप से सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज के तौर पर टूर्नामेंट खत्म किया। इसके साथ ही टीम को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। बल्ले और गेंद दोनों से योगदान देने की काबिलियत ने उन्हें भारतीय क्रिकेट के टैलेंट पूल में सबसे होनहार युवा खिलाड़ियों में से एक के तौर पर पहचान दिलाई।

## खबर संक्षेप

### हॉकी एशिया कप : भारत ने मकाऊ को 8-1 से हराया



**नई दिल्ली।** कप्तान गुरतेज सिंह भट्टी के 4 गोल की मदद से भारत ने बिश्केक, किर्गिस्तान में चल रहे अंडर-18 आइस हॉकी एशिया कप में मकाऊ को 8-1 से हराया। भारत ने शुरू में गोल करके दमदार शुरुआत की और उसने तीनों पीरियड में खेल पर अपना नियंत्रण बनाए रखा। राजस्थान के अजय डांगी ने भारत के लिए पहला गोल किया जबकि भट्टी ने चार गोल करके टीम की जीत सुनिश्चित की। भारत की तरफ से इत्फिकार हुसैन, तंजीन ताशी और देवांश शर्मा ने भी एक-एक गोल किया। भट्टी ने मैच के बाद कहा, 'हमने स्पष्ट इरादे के साथ शुरुआत की और तीनों पीरियड में अपनी गति बनाए रखी। टीम ने अच्छे मौके बनाए और उनका भरपूर फायदा उठाया। यह शानदार जीत है, लेकिन हमारा ध्यान आगे के मैचों में निरंतरता बनाए रखने पर है।'

### कनाडा टीम के हेड कोच बने मोंटी देसाई



**टोरंटो।** क्रिकेट कनाडा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के एसोसिएट सदस्य देशों और विभिन्न फ्रेंचाइजी लीग के साथ काम करने वाले मोंटी देसाई को अपनी राष्ट्रीय पुरुष टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है। कनाडा की टीम ने इस साल टी20 विश्व कप में भाग लिया था और उसने आईसीसी की प्रतियोगिताओं से पहले अपनी टीम को अच्छी तरह से तैयार करने के लिए यह रणनीतिक कदम उठाया है। क्रिकेट कनाडा के अध्यक्ष अरविंदर खोसा ने कहा, 'हमारी प्राथमिकता अच्छा प्रदर्शन, पेशेवरपन और उद्देश्य की एक नई और जीवंत भावना से क्रिकेट कनाडा की प्रमुखता को बहाल करना है।' उन्होंने कहा, 'मोंटी देसाई की नियुक्ति इसी दृष्टिकोण को दर्शाती है।

### आईएसएसएफ वर्ल्ड कप के लिए तैयार भारतीय शॉटगन टीम

**नई दिल्ली।** कजाकिस्तान के अल्माटी में होने वाले इस साल के दूसरे आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप में भारत की 12 सदस्यीय निशानेबाजी टीम भाग लेगी। भारतीय टीम शनिवार को आयोजन स्थल पर पहुंचेगी। दस दिन तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में 42 देशों के 284 खिलाड़ी भाग लेंगे। भारतीय टीम के 8 सदस्य भी आरपीओ (केवल रैंकिंग अंक के लिए) निशानेबाज के रूप में प्रतिस्पर्धा करने के लिए इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता सोमवार (चार मई) को पुरुषों और महिलाओं के स्कीट क्वालीफायर के साथ शुरू होंगी। इस स्पर्धा के फाइनल 5 मई को होंगे। ट्रैप स्पर्धा के दो फाइनल 9 मई को जबकि ट्रैप मिश्रित टीम का फाइनल अगले शनिवार यानी 10 मई को होगा। विश्व कप का पहला चरण मार्च में मोरक्को के तांजियर में खेला गया था।

## आईपीएल: राहुल-निसांका की फिफ्टी, स्टार्क को 3 विकेट

# कैपिटल्स तीन हार के बाद जीती रॉयल्स को सात विकेट से हराया

भाषा ▶▶| जयपुर

दिल्ली कैपिटल्स ने शानदार फॉर्म में चल रहे केएल राहुल (75 रन) और पाथुम निसांका (62 रन) के अर्धशतकों से मिली शानदार शुरूआत के दम पर शुक्रवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में राजस्थान रॉयल्स को पांच गेंद रहते सात विकेट से शिकस्त दी। दिल्ली कैपिटल्स लगातार तीन हार के बाद मिली इस जीत से आठ अंक लेकर तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई जबकि राजस्थान रॉयल्स 12 अंक से चौथे स्थान पर कायम है। दिल्ली कैपिटल्स के लिए राहुल (छह चौके, पांच छक्के) और निसांका (33 गेंद, छह चौके, तीन छक्के) के बीच पहले विकेट के लिए 57 गेंद में 110 रन की भागीदारी के बाद नीतिश राणा ने 17 गेंद में 33 रन की पारी खेली।

फिर ट्रिस्टन स्टब्स (11 गेंद में नाबाद 18 रन) और आशुतोष शर्मा (15 गेंद में नाबाद 25 रन) टीम को पांच गेंद रहते तीन विकेट पर 226 रन तक पहुंचाकर जीत दिलाई। दिल्ली कैपिटल्स का यह अपने आईपीएल इतिहास में सबसे बड़ा सफल 'चेज' रहा।

बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद राजस्थान रॉयल्स ने कप्तान रियान पराग (90 रन) के अर्धशतक और अंत में डोनोवन फरेरा (14 गेंद में नाबाद 47 रन) की ताबड़तोड़ पारी की बदौलत छह विकेट पर 225 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। लेकिन राहुल और निसांका के अर्धशतक पराग की शानदार पारी पर भारी पड़े। निसांका ने पावर प्ले की अंतिम गेंद पर चौका लगाकर 23 गेंद में अपना अर्धशतक जड़ा। इस तरह टीम ने छह ओवर में बिना विकेट गंवाए 70 रन बना लिए थे। राहुल ने नौंवे ओवर में छक्का जड़कर टीम के 100 रन पूरे कराए। राहुल ने इस ओवर में रवि बिश्नोई पर दो छक्के और एक चौका लगाकर टीम में खाते में 20 रन जोड़े।




### सुपर किंग्स और मुंबई में आज करो या मरो का मुकाबला

**चेन्नई।** अब तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं करने वाली चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और मुंबई इंडियंस की टीमों के बीच आईपीएल में शनिवार को करो या मरो का मुकाबला होगा, जिसमें दोनों का लक्ष्य प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने की उम्मीद जीवंत रखना होगा। आईपीएल इतिहास की दो सबसे सफल टीम का अब तक का अभियान निराशाजनक रहा है और वे लय हासिल करने के लिए संघर्ष कर रही हैं। सीएसके के लिए एमए चिदंबरम स्टेडियम की परिस्थितियां अनुकूल रही हैं लेकिन उनके प्रदर्शन में वह प्रभाव देखने को नहीं मिला है, जो वर्षों से उसकी पहचान रही है। सीएसके की बल्लेबाजी में निरंतरता का अभाव रहा है। विशेषकर उसके बल्लेबाज बीच के ओवरों में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उसके गेंदबाज भी दबाव वाली परिस्थितियों में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए जूझ रहे हैं।

## आईसीसी सालाना टेस्ट रैंकिंग

# टीम इंडिया ने लगाई छलांग, पहुंची तीसरे पायदान पर, टॉप पर ऑस्ट्रेलिया बरकरार



एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय क्रिकेट टीम ने सालाना अपडेट के बाद जारी ताजा आईसीसी मेंस टेस्ट टीम रैंकिंग में तीसरा स्थान हासिल कर लिया है। इस बदलाव के साथ भारत ने इंग्लैंड को पीछे छोड़ दिया। सालाना रैंकिंग अपडेट में मई 2025 के बाद खेले गए सभी मुकाबलों को पूरा वेटेज दिया जाता है, जबकि पुराने मुकाबलों के नतीजों का असर घटाकर 50 प्रतिशत कर दिया जाता है। इस अपडेट ने टॉप-2 टीमों के ठीक नीचे की रैंकिंग में बड़ा फेरबदल किया है। इस वार्षिक अपडेट के चलते टॉप-2 टीमों के नीचे की रैंकिंग में बड़ा बदलाव देखने को मिला है, जिसमें भारत को फायदा हुआ। ऑस्ट्रेलियाई टीम 131 रेटिंग प्वाइंट्स के साथ शीर्ष पर मजबूती से कायम है। इस टीम ने 3 प्वाइंट्स की मामूली बढ़त के साथ अपना दबदबा बढ़ा लिया है। दूसरे पायदान पर मौजूदा वर्ल्ड टेस्ट चैंपियन साउथ अफ्रीका स्थिर है। इस टीम के पास 119 रेटिंग प्वाइंट्स हैं।

### टीम इंडिया को फायदा, इंग्लैंड को नुकसान

तीसरे पायदान पर बदलाव देखने को मिला है, जिसे टीम इंडिया ने अपने नाम कर लिया है। भारत के पास 104 अंक हैं। वहीं, एक स्थान नीचे लुढ़कने के बाद इंग्लैंड की टीम 102 रेटिंग अंक के साथ चौथे पायदान पर है। इंग्लैंड के एक पायदान नीचे फिसलने की वजह यह रही कि उसे अपनी कई पुरानी सीरीज के नतीजों से मिलने वाला फायदा अब नहीं मिल रहा है। इन नतीजों में न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के खिलाफ घर पर मिली पुरानी जीत, और पाकिस्तान में मिली सीरीज जीत शामिल हैं। ये सभी मैच अब 'पूरे वेटेज' वाली समय-सीमा से बाहर हो गए हैं।

### न्यूजीलैंड 101 रेटिंग अंकों के साथ पांचवें स्थान पर

इस तालिका में न्यूजीलैंड 101 रेटिंग अंकों के साथ पांचवें स्थान पर बना हुआ है, जबकि पाकिस्तानी टीम ने एक स्थान की छलांग लगाते हुए छठा पायदान अपने नाम कर लिया है। उसे पुराने मुकाबलों में मिली हार के असर के कम होने या खत्म हो जाने का फायदा मिला है।

# विमेंस वनडे रैंकिंग: तीसरे पायदान पर भारत, ऑस्ट्रेलिया शीर्ष पर

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम ने आईसीसी विमेंस वनडे टीम रैंकिंग में सालाना अपडेट के बाद शीर्ष पायदान पर अपना दबदबा बनाए रखा है। वहीं, विमेंस वर्ल्ड कप 2025 जीतने के बावजूद भारत ने तीसरे स्थान पर अपनी जगह पक्की रखी है। ऑस्ट्रेलियाई टीम रेटिंग प्वाइंट्स में 2 अंकों की मामूली गिरावट के बाद शीर्ष पर बनी हुई है। इंग्लैंड 128 रेटिंग प्वाइंट्स के साथ दूसरे स्थान पर है। इंग्लिश टीम रेटिंग में मामूली बढ़त के बावजूद अभी भी टॉप पर मौजूद टीम से काफी पीछे है। भारतीय टीम 124 रेटिंग प्वाइंट्स के साथ तीसरे पायदान पर बनी हुई है। यह सब टीम के यादगार वर्ल्ड कप अभियान के बाद हुआ है, जिसमें उन्होंने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए खिताब जीता था, जिसमें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में मिली शानदार जीत भी शामिल है। साउथ अफ्रीका (100), न्यूजीलैंड (93), और श्रीलंका (89) टॉप-6 टीमों की सूची को पूरा करते हैं। सालाना अपडेट के बाद रैंकिंग के ऊपरी हिस्से में स्थिरता बनी हुई है।



### बांग्लादेश ने पाकिस्तान को पछाड़ा

बांग्लादेश 73 रेटिंग प्वाइंट्स के साथ सातवें स्थान पर पहुंच गया है, जिससे उसने पाकिस्तान को पछाड़ दिया है, जो 72 प्वाइंट्स के साथ 8वें स्थान पर खिसक गया है। रैंकिंग में शेष स्थानों पर मौजूद टीमों के बीच बहुत कम बदलाव देखने को मिला है। इस बीच, थाईलैंड और नीदरलैंड्स रैंकिंग से अस्थायी तौर पर बाहर हो गए हैं, क्योंकि वे पिछले तीन वर्षों में कम से कम आठ वनडे मैच खेलने की शर्त को पूरा नहीं कर पाए हैं। थाईलैंड को रैंकिंग में वापस आने के लिए सिर्फ एक और मैच की जरूरत है, जबकि नीदरलैंड्स को तालिका में फिर से शामिल होने के लिए दो और वनडे मैच खेलने होंगे।

# हरियाणा प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंचा

**रोहतक।** जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक तथा जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित 69वीं राष्ट्रीय अंडर-17 गर्ल्स क्रिकेट चैंपियनशिप के तीसरे दिन रोमांचक मुकाबले खेले गए। हरियाणा ने प्री-क्वार्टर फाइनल में तेलंगाना को मात दी। दिन का सबसे मुख्य आकर्षण हरियाणा और तेलंगाना के बीच खेला गया प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबला रहा। पहले बल्लेबाजी करते हुए तेलंगाना की टीम ने निर्धारित 15 ओवरों में 106 रनों का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। हरियाणा की ओर से फलक और परी ने सटीक लाइन-लेंथ से गेंदबाजी करते हुए तेलंगाना के रनों की गति पर अंकुश लगाए रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी हरियाणा की टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया। कैप्टन परी ने 47 रनों की कप्तानी पारी खेली, जबकि मानवी 43 रन बनाकर नाबाद रहीं। हरियाणा ने मात्र 13 ओवरों में ही जीत हासिल कर अगले दौर में प्रवेश किया। अपने शानदार हरफनमौला प्रदर्शन के लिए हरियाणा की कप्तान परी को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उत्तराखंड ने टूर्नामेंट की सबसे बड़ी जीतों में से एक दर्ज करते हुए एनवीएस को 94 रनों से हराया। उत्तर प्रदेश ने जम्मू-कश्मीर को 82 रनों से शिकस्त दी। महाराष्ट्र ने झारखंड को 9 विकेट से हराया। हराकर अपनी बल्लेबाजी की ताकत दिखाई। सीआईएससीई ने सीबीएसई को 5 विकेट से, गुजरात ने तमिलनाडु को 21 रनों से और तेलंगाना ने मध्य प्रदेश को 15 रनों से हराया। रेड बॉल-1 मैदान पर दिल्ली ने यूपी को 9 विकेट से हराकर एकतरफा जीत दर्ज की। विश्वकर्मा ग्राउंड पर पंजाब ने सीआईएससीई को 35 रनों से मात दी। तमिलनाडु ने महाराजा अग्रसेन स्टेडियम में झारखंड को 45 रनों से हराया। आंध्र प्रदेश ने 22 यार्ड मैदान पर डीएवी को 6 विकेट से हराकर जीत हासिल की। जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक ने खिलाड़ियों के अनुशासन की प्रशंसा की। वहीं, जिला परियोजना अधिकारी सुमन हुड्डा (कन्वीनर, एकोमोडेशन कमेटी) ने कहा कि यह मंच युवा प्रतिभाओं को राष्ट्रीय पहचान दिलाने का सुनहरा अवसर है। उप जिला शिक्षा अधिकारी सुनीता चहल ने स्काउट एवं गाइड के विद्यार्थियों और डीओसी बलराज आर्य की टीम के कार्यों को सराहा।



अंडर-17 नेशनल क्रिकेट चैंपियनशिप

# एचएसबीसी रग्बी प्रीमियर लीग के सबसे महंगे खिलाड़ी बने सोनीपत के मोहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एचएसबीसी रग्बी प्रीमियर लीग के दूसरे सीजन के लिए खिलाड़ियों की नीलामी (ऑक्शन) में हरियाणा के खिलाड़ियों का दबदबा देखने को मिला है। इस बार प्रदेश के कुल 7 खिलाड़ियों को अलग-अलग फ्रेंचाइजी टीमों ने अपनी टीम में शामिल किया है। खेल मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ (फरीदाबाद) ने बताया कि हरियाणा के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा के दम पर ऑक्शन में भारी कीमतें बटोरी हैं। सोनीपत के मोहित खत्री एक बार फिर रग्बी प्रीमियर लीग के सबसे महंगे भारतीय खिलाड़ी बनकर उभरे हैं। उन्हें चेन्नई बुल्स ने 3 लाख 50 हजार रुपये की बड़ी बोली लगाकर अपनी टीम का हिस्सा बनाया है। सोनीपत से प्रिंस खत्री को मुंबई ड्रीमर्स (2 लाख) और विकास खत्री को मुंबई ड्रीमर्स (50 हजार) ने खरीदा। नीरज खत्री को मुंबई ड्रीमर्स ने पहले ही रिटेन किया हुआ है। हिसार के दीपक कुमार पुनिया को दिल्ली रेड्स ने 2 लाख 75 हजार रुपये में खरीदा। झज्जर से हितेश डागर को दिल्ली रेड्स ने 1 लाख 25 हजार रुपये और अजय देशवाल को कोलकाता बंगा टाइगर्स ने 1.5 लाख रुपये में अपनी टीम में शामिल किया। सोनीपत रग्बी संघ के सचिव नरेंद्र मोर ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले सीजन में हरियाणा के 6 खिलाड़ियों को जगह मिली थी, लेकिन इस बार यह संख्या बढ़कर 7 हो गई है। इस बार दो नए नाम झज्जर से हितेश डागर और पूर्व भारतीय कप्तान विकास खत्री (सोनीपत) लीग में अपनी चमक बिखेरेंगे।



## थॉमस कप : भारत की चीनी ताइपे पर 1-0 से बढ़त

# मैराथन मुकाबला, 1 घंटे 28 मिनट में लक्ष्य ने चेन को हराया

एजेंसी ▶▶| होर्सेंस

स्टार खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने दो मैच प्वाइंट बचाते हुए विश्व के छठे नंबर के खिलाड़ी चोउ टिएन चेन को हराकर भारत को शुक्रवार को थॉमस कप बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल्स के क्वार्टरफाइनल में चीनी ताइपे के खिलाफ 1-0 की बढ़त दिलाई। लक्ष्य इस मैच में अधिकतर समय पीछे चल रहे थे लेकिन उन्होंने गजब का जुझारूपन दिखाया तथा 1 घंटे और 28 मिनट तक चले मैराथन मुकाबले में 18-21, 22-20, 21-17 से जीत दर्ज की। इस मुकाबले से पहले दोनों खिलाड़ियों के बीच आपस में रिकॉर्ड 4-4 से बराबरी पर था। इस मुकाबले में लंबी रैलियों, सटीक स्ट्रोकप्ले और उतार-चढ़ाव से भरपूर रोमांचक द्वंद्व देखने को मिला।



### लक्ष्य ने की दबाव में शानदार वापसी

चोउ ने पहला गेम में 10-15 से पिछड़ने के बाद जीता, लेकिन दूसरे गेम में लक्ष्य ने दबाव में शानदार वापसी की। भारतीय खिलाड़ी ने 13-17 से पीछे रहने के बाद लगातार चार अंक जीतकर स्कोर बराबर कर लिया। चोउ को दो मैच प्वाइंट मिले, लेकिन लक्ष्य ने अपना संयम बनाए रखा और दोनों को बचाकर मैच को निर्णायक गेम तक पहुंचा दिया। तीसरे गेम में 36 वर्षीय चोउ शारीरिक रूप से कमजोर पड़ते नजर आए और लक्ष्य ने इंटरवल तक 11-7 की बढ़त के साथ अपनी स्थिति मजबूत कर ली। इसके बाद भी उन्होंने खेल पर नियंत्रण बनाए रखा और मैच जीतने में सफल रहे।

### आयुष का मुकाबला लिन चुन-यी से

भारत अपनी बढ़त को और मजबूत करने की कोशिश करेगा जब सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी का सामना चियू सियांग चिएह और वांग ची-लिन से होगा। अन्य मैचों में आयुष शेट्टी का मुकाबला लिन चुन-यी से होगा। हरिहरन आमसकारुनन और एमआर अर्जुन की जोड़ी का सामना लियू कुआंग हेंग और यांग पो-ह्सुआन से जबकि किदाम्बी श्रीकांत का सामना ची यू जेन से होगा।




## खबर संक्षेप

### उर्दू को हटाने का कोई इरादा नहीं: सीएम उमर



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि उर्दू को हटाने का कोई इरादा नहीं है। हम तो बस लोगों की राय जानना चाह रहे थे। फाइल अभी भी मेरी मेज पर है। उमर अब्दुल्ला ने आगे कहा कि और मेरा इसे मंजूरी देने का कोई इरादा नहीं है। बता दें, हबूबा मुफ्ती की अगुवाई वाली पीडीपी ने यह आरोप लगाया था कि जम्मू कश्मीर के राजस्व रिकॉर्ड से उर्दू को एक एक अनिवार्य भाषा के तौर हटाने की दिशा में काम चल रहा है। जम्मू में जब 2024 में चुनाव हुए थे तो नेशनल कार्फ्रेंस को जीत मिली थी। उमर अब्दुल्ला 16 अक्तूबर, 2024 को केंद्र शासित प्रदेश के पहले सीएम बने थे।

### आतंकवादी पर 3 लोगों की हत्या के प्रयास का आरोप



**लंदन।** सोमालिया में जन्मे 45 वर्षीय उस ब्रिटिश व्यक्ति को शुक्रवार को ब्रिटेन की एक अदालत में पेश किया गया, जिसे उत्तर लंदन में दो यहूदी पुरुषों पर चाकू से हमला करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। लंदन पुलिस ने हमले को औपचारिक रूप से आतंकवादी घटना करार दिया था। ईसा सुलेमान पर दो यहूदी पुरुषों सहित तीन लोगों की हत्या का प्रयास करने का आरोप लगाया गया है। सुलेमान पर पर धारदार हथियार रखने का आरोप भी लगाया गया है।

## अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का फिर एक नया दावा

# ईरान समझौता करने को बेताब, युद्धविराम तोड़ने की जरूरत नहीं, परमाणु क्षमता पूरी तरह नष्ट की


*ट्रंप ने स्पष्ट किया कि अमेरिका और ईरान के बीच पूर्ण युद्ध नहीं है, बल्कि यह एक सैन्य अभियान है। सैन्य कार्रवाई ने ईरान की क्षमताओं को काफी हद तक कमजोर कर दिया है। उन्होंने कहा कि उनकी नौसेना खत्म हो गई है। उनकी वायुसेना खत्म हो गई है*

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान युद्ध को समाप्त करने के लिए समझौता करने को बेताब है। उन्होंने हवाई हमलों को फिर से शुरू करने की संभावनाओं को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि संघर्ष-विराम तोड़ने की जरूरत नहीं है। ट्रंप ने गुरुवार दोपहर ओवल ऑफिस में मीडिया से बातचीत के दौरान ये बातें कही। ट्रंप ने कहा कि युद्धरत पक्षों के बीच बातचीत की स्थिति की जानकारी केवल कुछ ही लोगों को है। मेरे और कुछ अन्य लोगों के अलावा किसी को नहीं पता कि बातचीत की क्या स्थिति है। ट्रंप ने स्पष्ट किया कि अमेरिका और ईरान के बीच पूर्ण युद्ध नहीं है, बल्कि यह एक सैन्य अभियान है। सैन्य कार्रवाई ने ईरान की क्षमताओं को काफी हद तक कमजोर कर दिया है। उन्होंने कहा कि उनकी नौसेना खत्म हो गई है। उनकी वायुसेना खत्म हो गई है। उनके करीब 82 प्रतिशत ड्रोन कारखाने ठप हो गए हैं। उनके मिसाइल उत्पादन पर भी असर पड़ा है। उनके मिसाइल कारखाने लगभग 90 प्रतिशत तक ठप हो गए हैं। हमने ईरान की परमाणु क्षमता को पूरी तरह नष्ट कर दिया है। ट्रंप ने दोहराया कि ईरान को परमाणु हथियार कभी नहीं बनाने दिया जाएगा।

ईरान में विरोध प्रदर्शनों के दौरान 42,000 लोगों को मार दिया गया

होर्मुज की नाकेबंदी से ईरान को तेल से आय नहीं



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

### ईरान की अर्थव्यवस्था चरमराई

राष्ट्रपति ट्रंप ने बताया कि होर्मुज जलडमरूमध्य की अमेरिका की नाकेबंदी (ब्लॉकेड) बहुत प्रभावी साबित हुई है। ईरान को तेल से कोई आय नहीं हो रही है और उसकी अर्थव्यवस्था बुरी तरह चरमरा रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही कोई समझौता हो जाएगा। ट्रंप ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था का जिक्र करते हुए कहा कि स्टॉक मार्केट नई ऊंचाई पर पहुंचा है। उन्होंने कहा कि जब डॉव 50,000 और एसएंडपी 7,000 के पार पहुंचा तो उन्होंने सोचा कि अब ईरान के मुद्दे पर कुछ करना चाहिए।

### मेरी एक कॉल से रुकी 8 महिलाओं की फांसी

ट्रंप ने दावा किया कि ईरान आठ महिलाओं को फांसी देने की तैयारी कर रहा था, लेकिन उन्होंने फोन पर हस्तक्षेप किया और उन्हें रोक दिया। उन्होंने कहा कि मैंने उनसे कहा- ऐसा मत करो, पूरी दुनिया देख रही है। मुझे खुशी है कि उन्होंने ऐसा नहीं किया। ट्रंप का आरोप है कि ईरान में पिछले दो महीनों में विरोध प्रदर्शनों के दौरान 42,000 लोगों को मार दिया गया। उन्होंने कहा कि ये लोग निहत्थे थे और सिर्फ विरोध करने के लिए मारे गए। उन्होंने कहा कि अब मैं किसी न किसी तरह से उस देश को बचाने की कोशिश कर रहा हूं। यह एक क्रूर समूह है, लेकिन हमने उन्हें पूरी तरह से खत्म कर दिया है।

## ईरान पर नए हमले की तैयारी में अमेरिका?

### इजराइल भेजा 6500 टन गोला-बारूद और खाना



अमेरिकी सेना पश्चिम एशिया में लंबे युद्ध की तैयारी कर रही है। दरअसल अमेरिकी नौसेना अपने जहाजों के माध्यम से पश्चिम एशिया में ईंधन, खाना, हथियार और बाकी जरूरी सामान भेज रही है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें साझा कर इसकी जानकारी दी है। कुछ तस्वीरों में लिखा गया है कि गाइडेड-मिसाइल डेस्ट्रॉयर यूएसएस डेलबर्ट डी ब्लैक पर ईंधन, खाना, हथियार और जरूरी सप्लाई लोड की जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि अमेरिका ने बीते 24 घंटे में 6 हजार टन से ज्यादा गोला बारूद और हथियार इजराइल भेजे हैं। इससे आशंका गहरा गई है कि अमेरिका, ईरान के खिलाफ फिर से युद्ध शुरू कर सकता है। इजराइली मीडिया के अनुसार, दो कार्गो जहाज और कई विमान 6500 टन गोला बारूद, मिलिट्री ट्रक, जॉइंट लाइट टेक्टिकल व्हीकल और अन्य हथियार लेकर इजराइल पहुंचे हैं। ईरान युद्ध शुरू होने के बाद से अमेरिका ने इजराइल 1,15,600 टन गोला बारूद, हथियार भेजे हैं।

### दावा: अराघची को हटाने की तैयारी में पेजेशकियान



राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान और संसद के स्पीकर मोहम्मद बाकेर गालिबफ कथित तौर पर विदेश मंत्री अब्बास अराघची को पद से हटाने की मांग कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इन दोनों नेताओं ने अरागची पर यह आरोप लगाया है कि उन्होंने राष्ट्रपति पद की अनदेखी करते हुए 'रिवोल्यूशनरी गार्ड' के निर्देशों का पालन किया है। अराघची ने रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के कमांडर अहमद वाहिदी के एक सहायक के तौर पर ज्यादा काम किया है। वे वाहिदी के साथ पूर्ण समन्वय में काम कर रहे हैं और कथित तौर पर राष्ट्रपति पेजेशकियान को सूचित किए बिना उनके निर्देशों पर आधारित नीतियों को लागू कर रहे हैं। राष्ट्रपति को लगता है कि संवेदनशील कूटनीतिक दांव-पेचों के दौरान विदेश मंत्री के सैन्य कमान की ओर झुकने से उनकी स्थिति कमजोर हुई है।

### तुर्किये 'अगला ईरान': बेनेट



इजराइल-ईरान और अमेरिका के बीच दो दौर के युद्ध के बाद तुर्किये ने अपनी एयर डिफेंस, मानव रहित प्लेटफॉर्म और पांचवीं पीढ़ी के कान फाइटर जेट प्रोजेक्ट में तेजी ला दी है। इजराइल में सरकार और विपक्ष दोनों के नेता अपने बयानों में लगातार तुर्किये की तुलना ईरान से करने लगे हैं। इजराइल के लोकप्रिय विपक्षी नेता नाफ्ताली बेनेट जो अगले पीएम बन सकते हैं, ने अमेरिका में एक सम्मेलन में कहा कि तुर्किये 'अगला ईरान' है।

## रूस के 210 ड्रोन हमले से दहला यूक्रेन

# आवासीय क्षेत्र, ऊर्जा ढांचा और नागरिक सुविधाओं को बनाया निशाना, 5 घायल



यूक्रेन के क्रिवी रिह में आवासीय इमारत में आग

- *जेलेंस्की का सवाल- कब तक चलेगी पुतिन की मनमानी?*
- *ओडेसा, सूमी, जापोरिज्जिया और खार्किव क्षेत्र में बड़ा हमला*

एजेंसी ▶▶ कीव

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रूस द्वारा किए गए बड़े पैमाने पर ड्रोन हमलों के बाद अंतरराष्ट्रीय समुदाय से रूस पर कड़ा दबाव बनाने और समन्वित प्रतिबंध लगाने की अपील की है। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जानकारी देते हुए बताया कि रूस ने रातभर में 210 ड्रोन हमले किए, जिनमें से करीब 140 शाहेद ड्रोन थे। इन हमलों का निशाना आवासीय क्षेत्र, ऊर्जा ढांचा और महत्वपूर्ण नागरिक सुविधाएं रहीं। उन्होंने कहा कि ओडेसा में आवासीय इमारतों पर हुए हमलों में आग लग गई, जिससे पांच लोग घायल हो गए।

वहीं, क्रिवी रिह में ड्रोन हमले में एक व्यक्ति घायल हुआ है। इसके अलावा सूमी और जापोरिज्जिया क्षेत्रों में भी हमले किए गए। जेलेंस्की ने बताया कि खार्किव क्षेत्र में रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर को भी निशाना बनाया गया, जिसमें ट्रैक्शन सबस्टेशन प्रभावित हुए। कई रेल डिब्बों में आग लग गई और हजारों परिवारों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। उन्होंने कहा कि रूस लगातार यूक्रेन के ऊर्जा सेक्टर, नागरिक सुविधाओं और महत्वपूर्ण ढांचे को निशाना बना रहा है। जेलेंस्की ने कहा कि इस तरह के लगातार हमले यह साबित करते हैं कि रूस पर अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ाना बेहद जरूरी है ताकि यूरोप की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

#### सख्त प्रतिबंधों की मांग

*जेलेंस्की ने कहा कि प्रतिबंध नीति को और मजबूत करने की जरूरत है और सभी सहयोगी देशों को अपने प्रतिबंधों को एक साथ लागू करना चाहिए। जेलेंस्की ने कहा कि रूस की आर्थिक और सैन्य क्षमता को सीमित करना जरूरी है ताकि युद्ध को आगे बढ़ने से रोका जा सके। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने साफ कहा कि अगर रूस स्वेच्छा से कूटनीति के रास्ते पर नहीं आता, तो उसे मजबूर करना होगा। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय सहयोगियों का आभार जताते हुए कहा कि यूक्रेन शांति के लिए किसी भी सम्मानजनक और प्रभावी प्रक्रिया में काम करने के लिए तैयार है। जेलेंस्की ने स्पष्ट किया कि यूक्रेन एक स्थायी और वास्तविक शांति चाहता है, न कि अस्थायी समझौता।*

#### बंदरगाह पर भी हमला

*ओडेसा के क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह किपर ने बताया कि यूक्रेन के दक्षिणी ओडेसा क्षेत्र में रूसी ड्रोन हमले में बंदरगाह के बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा और ओडेसा शहर में दो लोग घायल हो गए। ओडेसा में, एक 16 मंजिला इमारत पर हमले के बाद एक अपार्टमेंट पूरी तरह से नष्ट हो गया और छत में आग लग गई। आपातकालीन सेवाओं ने बताया कि एक अन्य ऊंची इमारत में आग 12वीं मंजिल तक फैल गई।*

## भारत में एपल स्मार्टफोन की अच्छी बिक्री

# गदगद हुए टिम कुक, कहा- मिडिल क्लास का बूम हमारे लिए बड़ा मौका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टेक दिग्गज कंपनी एपल ने एक बार फिर वैश्विक स्मार्टफोन और प्रीमियम टेक बाजार में मजबूत ग्रोथ दर्ज की है। मार्च 2026 तिमाही में रिकॉर्ड-तोड़ कमाई करने के बाद कंपनी के सीईओ टिम कुक ने कहा कि भारत एपल के लिए बहुत बड़ा अवसर बन चुका है। कंपनी यहां अपने भविष्य को लेकर काफी उत्साहित भी है। एपल ने जनवरी-मार्च तिमाही में शानदार वित्तीय प्रदर्शन करते हुए न सिर्फ कुल रेवेन्यू रिकॉर्ड बनाया, बल्कि भारत सहित लगभग सभी उभरते बाजारों में दोहरे अंकों की वृद्धि दर्ज की है।



कंपनी का कहना है कि भारत में तेजी से बढ़ता मध्यम वर्ग, प्रीमियम डिवाइसों की बढ़ती मांग और नए ग्राहकों की संख्या एपल की सबसे बड़ी ताकत बन रही है। टिम कुक ने कहा कि भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा स्मार्टफोन बाजार और तीसरा सबसे बड़ा पीसी बाजार बन चुका है। हमने विकसित और उभरते दोनों बाजारों में मार्च तिमाही के रिकॉर्ड रेवेन्यू हासिल किए।

### पाक में पुलिस वाहन पर लक्षित हमला, कांस्टेबल की मौत

**पेशावर।** उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में शुक्रवार को अज्ञात उग्रवादियों द्वारा पुलिस के एक वाहन को निशाना बनाकर किए गए हमले में एक आरक्षी की मौत हो गई और एक नागरिक घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। शुरुआती खबरों के अनुसार, यह घटना अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बन्नू जिले में हुई।

#### रक्षा मंत्रालय के वित्त विभाग में भी हुई दो अधिकारियों की नियुक्ति

# रवि. के ने संभाला एचएएल के नए सीएमडी के रूप में अपना कार्यभार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया संघर्ष और उसके मध्य वायुसेना के लिए स्वदेशी तेजस लड़ाकू विमान की निर्माण प्रक्रिया में जारी उतार चढ़ाव के बीच शुक्रवार को रवि के. ने हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के नए अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) के रूप में अपना कार्यभार संभाल लिया है। यह जिम्मेदारी उन्होंने बीते 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हुए एचएएल के सीएमडी डॉ. डी.के. सुनील की जगह पर संभाली है। यहां बता दें कि एचएएल रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण उपक्रम (डीपीएसयू) है। यह जानकारी एचएएल ने एक बयान जारी कर दी गई है। अपनी इस नई नियुक्ति से पहले रवि एचएएल में ही निदेशक (ऑपरेशंस) के पद पर तैनात थे। जहां उन्होंने स्ट्रैटेजिक योजना का नेतृत्व किया और एचएएल के महारत्न स्टेटस को बरकरार रखने में भी अहम भूमिका निभाई। ए-एंड-डी, मैन्युफैक्चरिंग और इलेक्ट्रानिक्स जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उन्हें काम करने का 30 वर्ष से अधिक का लंबा अनुभव है।

**एचएएल को बनाएंगे वैश्विक कंपनी:** अपना कार्यभार ग्रहण करने के बाद रवि. के ने कहा कि उनका लक्ष्य एचएएल को एयरोस्पेस और रक्षा क्षेत्र की एक वैश्विक प्रतिद्वंदी कंपनी के रूप में स्थापित करने का है। जिसमें नवाचार, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), रणनीतिक उत्कृष्टता और लोगों की बेहद अहम भूमिका होगी। पूर्व में वह एलसीए तेजस डिवीजन में कार्यकारी निदेशक और



महाप्रबंधक के पद पर कार्य कर चुके हैं। साथ ही उन्होंने कार्यकारी निदेशक (कॉरपोरेट प्लानिंग) के पद पर भी अपने दायित्व का निर्वहन किया है। रवि के कार्यकाल के दौरान एचएएल ने कई बड़ी परियोजनाओं को क्रियान्वित किया है। जिसमें वायुसेना के लिए 180 तेजस विमानों की खरीद, सेना-वायुसेना के लिए 156 एलसीएच प्रचंड हेलिकॉप्टरों की खरीद मुख्य रूप से शामिल है। रवि अधिकारी हैं, जिनके नाम एलसीए तेजस की फ्लीट को वायुसेना में ऑपरेशनल कराने के रूप में भी लिया जाता है। विमान में स्वदेशी क्षमताओं के विकास में भी उनका अहम योगदान रहा है।

**रक्षा मंत्रालय में हुई इनकी नियुक्ति:** रक्षा मंत्रालय में जिन दो अधिकारियों की नियुक्ति हुई है। उनमें विश्वजीत सहाय ने मंत्रालय में सचिव (रक्षा वित्त) के रूप में अपना पदभार ग्रहण किया है। वह भारतीय रक्षा लेखा सेवा के वर्ष 1990 बैच के अधिकारी हैं। इस नियुक्ति के पूर्व में वह रक्षा लेखा महानियंत्रक (सीजीडीए) के रूप में कार्यरत थे। सहाय दिल्ली विश्वविद्यालय के सेंट स्टीफन कॉलेज के पूर्व छात्र हैं और विधि के विषय में स्नातक हैं। उन्हें रक्षा वित्त और लोक प्रशासन के विषय में तीन दशक से अधिक का अनुभव है। मंत्रालय में ही एक अन्य अधिकारी अनुग्रह नारायण दास ने रक्षा लेखा महानियंत्रक के रूप में अपना कार्यभार संभाला है। वह भारतीय रक्षा लेखा सेवा के 1991 बैच के अधिकारी हैं। उन्हें रक्षा वित्तीय प्रबंधन और लोकसेवा के क्षेत्र में 30 वर्षों से अधिक समय तक कार्य करने का अनुभव है। दास ने यह नई जिम्मेदारी विश्वजीत सहाय की जगह पर संभाली है।

### अमेरिका के टेक्सास में विमान दुर्घटनाग्रस्त 5 की मौत

**विम्बरली।** अमेरिका के टेक्सास में एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उसमें सवार सभी पांच लोगों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। 'हेज काउंटी' के जज रुबेन बेसेरा ने फेसबुक पर एक पोस्ट में लिखा कि यह दुर्घटना गुरुवार रात ऑस्टिन के दक्षिण पश्चिम में लगभग 40 मील (64 किलोमीटर) दूर विम्बरली शहर में हुई। 'फेडरेशन एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन' (एफएए) ने बताया कि सेसना 421सी विमान रात करीब 11 बजकर 25 मिनट पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उसमें पांच लोग सवार थे।




## मीडिया संस्थानों और पत्रकारों को मिलेगा अब उनका हक

# ऑस्ट्रेलिया का नया नियम: गूगल और मेटा को चुकाने होंगे न्यूज के पैसे

### सोशल मीडिया पर न्यूज दिखाएं या नहीं, मीडिया कंपनियों को भुगतान करना पड़ेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हम सब रोज गूगल और फेसबुक (मेटा) पर खबरें पढ़ते हैं। इन खबरों के दम पर बड़ी टेक कंपनियां यूजर्स को अपने प्लेटफॉर्म पर बनाए रखती हैं और खूब मुनाफा कमाती हैं। लेकिन, दिन-रात मेहनत करके इन खबरों को तैयार करने वाले पत्रकारों और मीडिया हाउसेस को उनका सही हिस्सा अक्सर नहीं मिल पाता। इसी नाइंसाफी को खत्म करने के लिए ऑस्ट्रेलियन सरकार ने इस हफ्ते एक नया नियम पेश किया है, जिसका नाम है- 'न्यूज बार्गेनिंग इन्सेंटिव'।

#### पुराने कानून के तहत 1 बिलियन डॉलर से अधिक का भुगतान किया था



सर्च इंजन और सोशल मीडिया को इंगेजमेंट के लिए न्यूज चाहिए थी और सोशल मीडिया कंपनियां इसे मुफ्त में उठा रहे थे। वहीं मीडिया कंपनियों की मजबूरी थी कि उन्हें अपनी रीच बढ़ाने के लिए इन बड़े प्लेटफॉर्म्स पर निर्भर रहना पड़ता था। जब सरकार ने पहली बार यह कानून बनाकर टेक कंपनियों से न्यूज के पैसे मांगने की बात कही तो गूगल और मेटा ने न्यूज कंटेट ही गायब कर दिए। सरकार ने थोड़ी ढील देते हुए शर्त रखी कि अगर ये टेक कंपनियां खुद आगे आकर मीडिया हाउसेस के साथ कमर्शियल डील कर लेंगी तो उन पर कानून की सख्त धाराएं नहीं लगाई जाएंगी। इसके कारण महज 6 महीने के भीतर ही धड़ाधड़ कई डील्स फाइनल हो गईं। इस पुराने कानून के तहत 5 वर्षों के भीतर मीडिया कंपनियों को 1 बिलियन डॉलर से ज्यादा का भुगतान किया गया। इसका फायदा सिर्फ बड़े मीडिया घरानों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि छोटी न्यूज कंपनियों को भी उनके हक का पैसा मिला।

#### नया कानून पुराने से सख्त

*यह कानून पुराने वाले से कहीं ज्यादा स्मार्ट और सख्त है। अब टेक कंपनियां न्यूज हटाकर बच नहीं पाएंगी। नया नियम साफ कहता है कि चाहे वे अपने प्लेटफॉर्म पर न्यूज दिखाना जारी रखें या उसे पूरी तरह से ब्लॉक कर दें, उन्हें मीडिया कंपनियों को भुगतान तो करना ही पड़ेगा। साथ ही, अब इन कंपनियों को हर एक छोटे-बड़े मीडिया हाउस के साथ अलग-अलग मध्यस्थता करने की जरूरत नहीं है। अगर वे कम से कम चार मुख्य कंपनियों के साथ भी समझौते कर लेते हैं, तो सरकार इसे पर्याप्त मान लेगी।*

#### डील नहीं मानी तो लगेगा भारी जुर्माना

*इन नियमों को अनसुना करने या डील करने में आनाकानी करने पर सोशल मीडिया कंपनियों पर सख्त आर्थिक डंडा चलेगा। नियमों की अनदेखी करने पर कंपनियों को उनकी अनुमानित डील वैल्यू से 50% अधिक रकम पेनाल्टी (जुर्माने) के तौर पर चुकानी होगी।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109